<u>भारत के राजपत्र असाधारण के भाग-I खंड I में प्रकाशनार्थ</u>

फा. सं. 6/17/2024-डीजीटीआर

भारत सरकार

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय

वाणिज्य विभाग

व्यापार उपचार महानिदेशालय

चौथा तल, जीवन तारा बिल्डिंग, 5, संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001

दिनांक : 08.09.2025

<u>अधिसूचना</u>

<u>अंतिम जांच परिणाम</u>

<u>मामला सं.-एडी (ओआई) - 15/2024</u>

विषय: बहरीन, चीन जन.गण. और थाईलैंड के मूल के अथवा वहां से निर्यातित "ग्लास फाइबर" के आयातों के संबंध में पाटनरोधी जांच।

समय-समय पर यथासंशोधित सीमा प्रशुल्क अधिनियम, 1975 (जिसे आगे 'अधिनियम ' भी कहा गया है) और उसकी समय समय पर यथा-संशोधित सीमा प्रशुल्क (पाटित वस्तुओं की पहचान, उन पर पाटनरोधी शुल्क का आकलन और संग्रहण तथा क्षति का निर्धारण) नियमावली, 1995 (जिसे यहां आगे पाटनरोधी नियमावली अथवा नियमावली भी कहा गया है) को ध्यान में रखते हुए;

क. <u>मामले की पृष्ठभूमि</u>

1. जबकि, ओवेन्स कॉर्निंग (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड (जिसे आगे "आवेदक" अथवा "घरेलू उद्योग" कहा गया) ने सीमा प्रशुल्क अधिनियम, 1975 और पाटनरोधी नियमावली के अनुसार, बहरीन, चीन जन.गण. और थाईलैंड (जिसे आगे "संबद्ध देश" भी कहा गया है) से ग्लास फाइबर (जिसे आगे "विचाराधीन उत्पाद" अथवा "संबद्ध सामान" भी कहा गया है) के आयात के संबंध में पाटनरोधी जांच शुरू करने के लिए निर्दिष्ट प्राधिकारी (जिसे आगे "प्राधिकारी " भी कहा गया है) के समक्ष एक आवेदन-पत्र दायर किया।
2. और जबकि, आवेदक द्वारा दायर विधिवत प्रमाणित आवेदन-पत्र के मद्देनजर, प्राधिकारी ने भारत के राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना संख्या 6/17/2024-डीजीटीआर

दिनांक 29 जून 2024 के तहत एक सार्वजनिक सूचना जारी की, जिसमें संबद्ध सामानों के किसी तथाकथित पाटन की मौजूदगी, मात्रा और प्रभाव का निर्धारण करने और पाटनरोधी शुल्क की राशि, जो यदि लगाई जाए और घरेलू उद्योग को तथाकथित क्षति समाप्त करने के लिए पर्याप्त होगी, की सिफारिश करने के लिए पाटनरोधी नियमावली के नियम 5 के अनुसार बहरीन, चीन जन.गण. और थाईलैंड से विचाराधीन उत्पाद के आयातों की पाटनरोधी जांच शुरू की गई है।

3. एफ. संख्या सीबीआईसी-190354/75/2025-टीआरयू दिनांक 20 जून, 2025 के अनुसार, टीआरयू द्वारा विषयगत जांच को पूरा करने की समय अवधि 28 जून, 2025 से आगे तीन महीने के लिए, अर्थात 28 सितंबर, 2025 तक बढ़ा दी गई है।

ख. <u>प्रक्रिया</u>

4. जांच के संबंध में नीचे वर्णित प्रक्रिया अपनाई गई है।

i. नियमावली के नियम 5 के अनुसार, जांच की शुरुआत करने से पहले, प्राधिकारी ने भारत में संबद्ध देश के दूतावासों को वर्तमान पाटनरोधी आवेदन-पत्र की प्राप्ति के बारे में अधिसूचित किया।

ii. प्राधिकारी ने संबद्ध देशों से संबद्ध सामानों के आयात के संबंध में पाटनरोधी जांच की शुरुआत करते हुए दिनांक 29 जून 2024 को एक सार्वजनिक सूचना जारी की, जिसे भारत के राजपत्र, असाधारण में प्रकाशित किया गया।

iii. प्राधिकारी ने भारत में संबद्ध देशों के दूतावासों के माध्यम से उनकी सरकारों को, संबद्ध देशों के ज्ञात उत्पादकों और निर्यातकों, ज्ञात आयातकों/प्रयोक्ताओं तथा घरेलू उद्योग और आवेदक द्वारा उपलब्ध कराए गए पतों के अनुसार अन्य हितबद्ध पक्षकारों को जांच की शुरुआत की अधिसूचना की प्रति भेजी और उनसे अनुरोध किया कि वे समय-सीमा के भीतर लिखित में अपने ज्ञात विचार दें।

iv. प्राधिकारी ने पाटनरोधी नियमावली के नियम 6(3) के अनुसार, ज्ञात उत्पादकों/निर्यातकों और संबद्ध देशों की सरकारों को, भारत स्थित उनके दूतावासों के माध्यम से, आवेदन-पत्र के अगोपनीय रूपांतर की एक प्रति

उपलब्ध कराई। आवेदन-पत्र के अगोपीय रूपांतर की एक प्रति अन्य हितबद्ध पक्षकारों को, जहाँ भी अनुरोध किया गया, उपलब्ध कराई गई।

v. प्राधिकारी ने नियमावली के नियम 6(4) के अनुसार संगत सूचना प्राप्त करने के लिए निम्नलिखित ज्ञात उत्पादकों/निर्यातकों को निर्यातक प्रश्नावली भेजी:

1. एशिया कम्पोजिट मटेरियल (थाईलैंड) कंपनी लिमिटेड
2. चोंगकिंग इंटरनेशनल कम्पोजिट मटेरियल कंपनी लिमिटेड
3. सीपीआईसी अबाहसैन फाइबरग्लास डब्ल्यू.एल.एल.
4. जियांग्सू चांगहाई कम्पोजिट मटेरियल कंपनी लिमिटेड
5. जुशी ग्रुप कंपनी लिमिटेड
6. शेडोंग फाइबरग्लास ग्रुप
7. सिचुआन झिचेंग चांगयुआन कम्पोजिट मटेरियल कंपनी लिमिटेड
8. ताइशान फाइबरग्लास ज़ूचेंग कंपनी लिमिटेड
9. वांडा न्यू मटेरियल (थाईलैंड) कंपनी लिमिटेड

vi भारत में संबद्ध देशों के दूतावासों से अनुरोध किया गया था कि वे अपने देशों के निर्यातकों/उत्पादकों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर प्रश्नावली का उत्तर देने की सलाह दें।

vii. संबद्ध जांच की शुरूआत के उत्तर में, संबद्ध देशों के निम्नलिखित उत्पादकों/निर्यातकों ने प्रश्नावली का उत्तर दिया है:

1. एशिया कम्पोजिट मटेरियल (थाईलैंड) कंपनी लिमिटेड
2. चांगझोउ तियानमा ग्रुप कंपनी लिमिटेड
3. चाइना जुशी कंपनी लिमिटेड
4. चोंगकिंग पॉलीकॉम्प इंटरनेशनल कॉर्पोरेशन
5. सीपीआईसी अबाहसैन फाइबरग्लास डब्ल्यू.एल.एल.
6. जियांगसू चांगहाई कम्पोजिट मटेरियल होल्डिंग्स कंपनी लिमिटेड
7. जुशी ग्रुप चेंगदू कंपनी लिमिटेड
8. जुशी ग्रुप कंपनी लिमिटेड
9. जुशी ग्रुप जिउजियांग कंपनी लिमिटेड
10. जुशी ग्रुप, हांगकांग

11. सिचुआन सिन्सियर एंड लॉन्ग-टर्म कॉम्प्लेक्स मटेरियल कंपनीलिमिटेड
12. सिचुआन ज़िंगहाओयू कम्पोजिट मटेरियल कंपनी लिमिटेड
13. ताइशान फाइबरग्लास इंक
14. ताइशान फाइबरग्लास ज़िबो, इंक.
15. ताइशान फाइबरग्लास ज़ूचेंग कंपनी लिमिटेड
16. वांडा न्यू मटेरियल
17. वेइयुआन ज़ेहुआ न्यू मटेरियल कंपनी लिमिटेड
18. झिचेंग हुआटियन कंपोजिट मटेरियल कंपनी लिमिटेड

viii. प्राधिकारी ने भारत में संबद्ध सामानों के ज्ञात आयातकों/प्रयोक्ताओं को आयातक और प्रयोक्ता प्रश्नावली भेजकर नियमावली के नियम 6(4) के अनुसार आवश्यक सूचना मांगी।

ix. संबद्ध जाँच अधिसूचना शुरू होने के उत्तर में, निम्नलिखित आयातकों/प्रयोक्ताओं ने प्रश्नावली का उत्तर दिया है:

1. एरोन कम्पोजिट लिमिटेड
2. अरविंद पीडी कम्पोजिट्स प्राइवेट लिमिटेड
3. सीआईई ऑटोमोटिव इंडिया लिमिटेड
4. ईपीपी कम्पोजिट्स प्राइवेट लिमिटेड
5. जिंदल एडवांस्ड मैटेरियल्स प्राइवेट लिमिटेड
6. जुशी इंडिया फाइबरग्लास प्राइवेट लिमिटेड
7. मोंटेक्स ग्लास फाइबर इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड
8. ओ.के. ग्लास फाइबर प्राइवेट लिमिटेड
9. रेसिटेक्स
10. साएरटेक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
11. टाटा ऑटो कॉम्प सिस्टम्स लिमिटेड

x. प्राधिकारी ने आवेदन-पत्र के अगोपनीय रूपांतर की एक प्रति निम्नलिखित प्रयोक्ता एसोसिएशनों को भेजी।

1. तेलंगाना और आंध्र कम्पोजिट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन।
2. एफआरपी संस्थान
3. अखिल भारतीय ग्लास मैन्युफैक्चरर्स
4. कम्पोजिट एसोसिएशन
5. भारतीय रासायनिक परिषद
6. भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ
7. एसोसिएटेड चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया
8. भारतीय उद्योग परिसंघ

xi. प्राधिकारी ने विभिन्न हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों का अगोपनीय रूपांतर उपलब्ध कराया। सभी हितबद्ध पक्षकारों की सूची डीजीटीआर की वेबसाइट पर अपलोड की गई, साथ ही उन सभी से अनुरोध किया गया कि वे अपने अनुरोधों का अगोपनीय रूपांतर अन्य सभी हितबद्ध पक्षकारों को ईमेल करें।

xii. डीजी सिस्टम से क्षति अवधि और जाँच की अवधि के लिए संबद्ध सामानों के आयातों का लेन-देन-वार विवरण उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया था। प्राधिकारी ने आयातों की मात्रा की गणना और लेन-देनों की उचित जाँच के बाद आवश्यक विश्लेषण के लिए डीजी सिस्टम के आंकड़ों पर भरोसा किया है।

xiii. नियमावली के नियम 6(6) के अनुसार, प्राधिकारी ने 2 अप्रैल 2025 को आयोजित सार्वजनिक सुनवाई में हितबद्ध पक्षकारों को मौखिक रूप से अपने विचार प्रस्तुत करने का अवसर दिया। जिन पक्षकारों ने मौखिक सुनवाई में अपने विचार प्रस्तुत किए, उनसे मौखिक रूप से व्यक्त किए गए विचारों के लिखित अनुरोध और उसके बाद प्रत्युत्तर अनुरोध दायर करने का अनुरोध किया गया था।

xiv. निर्दिष्ट प्राधिकारी में परिवर्तन के कारण, 26 मई 2025 को दूसरी मौखिक सुनवाई आयोजित की गई, जिसमें सभी हितबद्ध पक्षकारों ने भाग लिया। जिन हितबद्ध पक्षकारों ने मौखिक सुनवाई में अपने विचार प्रस्तुत किए,

उनसे मौखिक रूप से व्यक्त किए गए अपने विचारों के लिखित अनुरोध और उसके बाद प्रत्युत्तर अनुरोध दायर करने का अनुरोध किया गया था।

xv. घरेलू उद्योग द्वारा दी गई सूचना के आधार पर और सामान्यत: स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों (जीएएपी) तथा नियमावली के अनुबंध III को ध्यान में रखते हुए भारत में संबद्ध सामानों की इष्टम उत्पादन लागत और निर्माण एवं बिक्री लागत के आधार पर क्षतिरहित कीमत (एनआईपी) निकाली गई है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि क्या पाटन मार्जिन से कम पाटनरोधी शुल्क घरेलू उद्योग को क्षति समाप्त करने के लिए पर्याप्त होगा।

xvi. वर्तमान जांच के प्रयोजन के लिए जांच की अवधि (पीओआई) 1 अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2024 तक है। क्षति विश्लेषण के संदर्भ में प्रवृत्तियों की जांच में 2020-21, 2021-22, 2022-23 की अवधि और जांच की अवधि शामिल है।

xvii. इस जांच प्रक्रिया के दौरान हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोधों पर, साक्ष्यों द्वारा समर्थित और वर्तमान जांच के लिए संगत माने जाने की सीमा तक, प्राधिकारी द्वारा इस अंतिम जांच परिणाम में उचित रूप से विचार किया गया है।

xviii. हितबद्ध पक्षकारों द्वारा गोपनीय आधार पर दी गई सूचना की गोपनीयता के दावे की पर्याप्तता के संबंध में जांच की गई। संतुष्ट होने पर, प्राधिकारी ने जहां भी आवश्यक हुआ, गोपनीयता के दावों को स्वीकार कर लिया है और ऐसी सूचना को गोपनीय माना गया है और अन्य हितबद्ध पक्षकारों को प्रकट नहीं की गई है। जहां भी संभव हुआ, गोपनीय आधार पर सूचना देने वाले पक्षकारों को गोपनीय आधार पर दायर की गई सूचना का पर्याप्त अगोपनीय रूपांतर देने का निर्देश दिया गया था।

xix. जहाँ कहीं भी किसी हितबद्ध पक्षकार ने वर्तमान जाँच के दौरान आवश्यक सूचना तक पहुँच से इनकार किया है या अन्यथा उपलब्ध नहीं कराई है, अथवा जाँच में काफी बाधा डाली है, प्राधिकारी ने ऐसे पक्षकारों को असहयोगी माना है और उपलब्ध तथ्यों के आधार पर अपने विचार/टिप्पणियाँ दर्ज की हैं।

xx. प्राधिकारी ने, जाँच के दौरान, हितबद्ध पक्षकारों द्वारा दी गई सूचना की सटीकता के बारे में स्वयं को संतुष्ट किया है, जो वर्तमान अंतिम जांच परिणामों का आधार बनती हैं और सभी हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों/दस्तावेजों को संगत, व्यावहारिक और आवश्यक समझे जाने की सीमा तक सत्यापित किया है।

xxi. प्राधिकारी द्वारा सभी हितबद्ध पक्षकारों को विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र और पीसीएन पद्धति पर अपनी टिप्पणियाँ देने का अवसर दिया गया था।

xxii. जाँच के अनिवार्य तथ्यों, जो अंतिम जांच परिणामों का आधार बने हैं, को शामिल करते हुए एक प्रकटन विवरण 10 जुलाई 2025 को हितबद्ध पक्षकारों को जारी किया गया था और हितबद्ध पक्षकारों को उस पर टिप्पणी दर्ज करने के लिए 20 जुलाई 2025 तक का समय दिया गया था। इस अंतिम जांच परिणाम में हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्राप्त विवरण पर, जहां तक संगत और गैर-पुनरावृत्तिपूर्ण पाया गया है, विचार किया गया है।

xxiii. इस अंतिम जांच परिणाम में '***' गोपनीय आधार पर हितबद्ध पक्षकारों द्वारा दी गई सूचना और नियमावली के तहत प्राधिकारी द्वारा मानी गई सूचना दर्शाते हैं।

xxiv. प्राधिकारी द्वारा संबद्ध जांच के लिए अपनाई गई विनिमय दर 1 अमेरिकी डॉलर = 83.74 रु. है।

ग. <u>विचाराधीन उत्पाद और समान वस्तु</u>

ग.1 अन्य हितबद्ध पक्षकारों के विचार

5. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र और समान वस्तु के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

i. ग्लास फाइबर वेइल्स (पतली चादरें), ग्लास फाइबर टिशू, ग्लास स्क्रिम और फाइबर ग्लास मेश का उत्पादन घरेलू उद्योग द्वारा नहीं किया जाता है।

प्राधिकारी यह स्पष्ट करें कि क्या उक्त उत्पाद विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र से बाहर रखा गया है।

ii. प्राधिकारी किसी भी भ्रम से बचने के लिए या भारतीय सीमा शुल्क विभाग में पूर्ण नाम, ग्लास फाइबर टिशू/ग्लास फाइबर वेइल्स (पतली चादरें) का उपयोग करें।

iii. विचाराधीन उत्पाद का क्षेत्र व्यापक और अस्पष्ट है क्योंकि इसमें "उसकी वस्तुएँ" शामिल हैं। इसे विचाराधीन उत्पाद की परिभाषा से हटा दिया जाना चाहिए।

iv. उत्पाद परिभाषा में प्रयुक्त शब्द "सहित" को "नामत:" में बदल दिया जाना चाहिए क्योंकि "सहित" शब्द उत्पाद परिभाषा में अस्पष्टता पैदा करता है।

v. हाई मॉडयुलस ग्लास फाइबर (एच-ग्लास) को विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र से बाहर रखा जाना चाहिए क्योंकि इसे घरेलू उद्योग द्वारा व्यापारिक बाजार में नहीं बेचा जाता है। चूँकि उक्त उत्पाद में उच्च शक्ति, उच्च निष्पादन और भिन्न तकनीकी विशिष्टताएँ हैं, इसलिए घरेलू उद्योग द्वारा बेचा जाने वाला ईसीआर ग्लास उक्त उत्पाद के समान वस्तु नहीं है।

vi. घरेलू उद्योग वाणिज्यिक मात्रा में एच-ग्लास की आपूर्ति नहीं करता है। इसका या तो कैप्टिव रूप से प्रयोग किया जाता है या आवेदक के संबद्ध पक्षकारों को निर्यात किया जाता है।

vii. घरेलू उद्योग के अनुरोधों के विपरीत, आवेदक द्वारा व्यापारिक बाजार में आपूर्ति किया जाने वाला एच-ग्लास केवल कुश सिंथेटिक्स है, जो आवेदक के ग्राहकों के लिए ग्लास फैब्रिक के उत्पादन हेतु एक संविदा विनिर्माता है। आवेदक और कुश सिंथेटिक्स के बीच हुए करार की जाँच की जानी चाहिए और एच-ग्लास को विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र से बाहर रखा जाना चाहिए।

viii. एच-ग्लास एक अलग भट्टी में निर्मित होता है और इसकी निर्माण प्रक्रिया भी भिन्न होती है। ई-ग्लास के समान भट्टी में एच-ग्लास का उत्पादन करना वाणिज्यक रूप से अर्थक्षम नहीं है। एक ही ग्राहक द्वारा ई-सीआर और एच-ग्लास की खरीद मात्र से दोनों की प्रतिस्थापनीयता नहीं दिखाई देती क्योंकि उनका उपयोग विभिन्न अनुप्रयोगों में किया जा सकता है।

ix. चूँकि बहरीन से एच-ग्लास का कोई आयात नहीं होता है, इसलिए इसे विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र से बाहर रखा जाना चाहिए। चूँकि बहरीन से केवल ई-ग्लास का आयात किया जा रहा है, इसलिए ईसीआर ग्लास ही घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित की जा रही समान वस्तु होगी।

x. आवेदक ने दावा किया है कि आवेदक द्वारा अपनाई गई तकनीक और विदेशी उत्पादकों द्वारा अपनाई गई तकनीक में कोई ज्ञात अंतर नहीं है। तथापि, ई-ग्लास की तुलना में एच-ग्लास के उत्पादन में प्रयुक्त कच्चे माल, परिस्थितियों और रिफ्रैक्टरी सामग्रियों में अंतर है।

xi. थर्मोप्लास्टिक चॉप्ड स्ट्रैंड्स को विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र से बाहर रखा गया है; हालाँकि, थर्मोसेट चॉप्ड स्ट्रैंड्स को उत्पाद के क्षेत्र में शामिल किया गया है। चूँकि दोनों दिखने में एक जैसे हैं और भारत में इनका परीक्षण उपलब्ध नहीं है, इसलिए सीमा शुल्क पर भ्रम से बचने के लिए थर्मोप्लास्टिक चॉप्ड स्ट्रैंड्स को उचित रूप से परिभाषित किया जाना चाहिए।

xii. थर्मोसेट चॉप्ड स्ट्रैंड्स को विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र से बाहर रखा जाना चाहिए क्योंकि याचिकाकर्ता इसका पर्याप्त मात्रा में उत्पादन नहीं करता है और भारत उक्त उत्पाद के लिए आयात पर निर्भर है।

xiii. आवेदक थर्मोसेट अनुप्रयोगों के लिए चॉप्ड स्ट्रैंड्स का विनिर्माण नहीं करता है क्योंकि इस व्यवसाय से वैश्विक रूप से बाहर होने के कारण उसके पास कोई अलग लाइन नहीं है। आवेदक टोलर को सीधे रोविंग की आपूर्ति करके बाहर से छोटी मात्रा में टोल प्राप्त कर रहा है।

xiv. फाइबर ग्लास स्टिच्ड मैट्स और फाइबर ग्लास मल्टी-एक्सल/ट्राई-एक्सल फैब्रिक्स को सीमा शुल्क पर भ्रम से बचने के लिए वर्तमान जाँच में उचित रूप से परिभाषित किया जाना चाहिए।

xv. 200 जीएसएम तक के इमल्शन चॉप्ड स्ट्रैंड मैट को विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र से बाहर रखा जाना चाहिए क्योंकि इनका निर्माण घरेलू उद्योग द्वारा नहीं किया जाता है।

xvi. चूँकि ग्लास वूल को विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र से बाहर रखा गया है, इसलिए ऐसे उत्पादों से निर्मित 'ग्लास वूल एकॉस्टिक सीलिंग टाइल्स' और 'ग्लास वूल बेस बोर्ड - साउंडस्केप्स शेप्स बेस बोर्ड' को भी बाहर रखा जाना चाहिए।

xvii. पाउडर चॉप्ड स्टैंड मैट का निर्माण घरेलू उद्योग द्वारा नहीं किया जाता है और इसलिए, इन्हें विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र से बाहर रखा जाना चाहिए।

xviii. पाउडर चॉप्ड स्ट्रैंड मैट को उचित रूप से परिभाषित किया जाना चाहिए क्योंकि प्रयोक्ताओं को ऐसे उत्पाद की निकासी के लिए सीमा शुल्क पर कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है क्योंकि यह इमल्शन चॉप्ड स्टैंड मैट के समान दिखता है।

xix. एस-ग्लास और आर-ग्लास का निर्माण घरेलू उद्योग द्वारा नहीं किया जाता है और इसलिए, इन्हें विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र से बाहर रखा जाना चाहिए।

xx. 300, 600, 1200, 2400 और 4800 टेक्स के फाइबर ग्लास सिंगल एंड रोविंग, 2400 टेक्स के फाइबर ग्लास असेंबल्ड रोविंग (मल्टीपल एंड), 300, 450 जीएसएम/मी2 के चॉप्ड स्ट्रैंड मैट और 30 जीएएस/मी2 के सरफेस टिशू घरेलू उद्योग द्वारा पर्याप्त मात्रा में आपूर्ति नहीं किए जाते हैं और इन्हें विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र से बाहर रखा जाना चाहिए।

xxi. 400, 410, 660, 900 और 1700 टेक्स उत्पाद घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित नहीं किए जाते हैं और इन ग्रेडों के लिए घरेलू उद्योग द्वारा कोई समान वस्तु पेश नहीं की जाती है। इसलिए, इन्हें विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र से बाहर रखा जाना चाहिए।

xxii. चॉप्ड स्ट्रैंड मैट के व्यापार में जीएसएम एक महत्वपूर्ण कारक है और जीएसएम की रेंज को पीसीएन पद्धति के हिस्से के रूप में भी माना जा सकता है।

xxiii. सीएसएम ग्रेड को एक अलग पीसीएन माना जाना चाहिए क्योंकि दोषपूर्ण ग्रेड उक्त उत्पाद के प्राइम या ए ग्रेड की तुलना में बहुत कम कीमत पर बेचे जाते हैं। खराब ग्रेड घटिया सामग्री का उपयोग करके निर्मित किए जाते हैं; इसलिए, उत्पादन की लागत कम होती है।

xxiv. पाउडर बाइंडर चॉप्ड स्ट्रैंड मैट की निर्माण प्रक्रिया की जटिलता के कारण इमल्शन बाइंडर चॉप्ड स्ट्रैंड मैट और पाउडर बाइंडर चॉप्ड स्ट्रैंड मैट को अलग पीसीएन माना जाना चाहिए।

xxv. एच-ग्लास को एक अलग पीसीएन बनाया जाना चाहिए क्योंकि उक्त उत्पाद की लागत और कीमत सामान्य ग्लास फाइबर से अधिक है। उत्पाद अंतिम उपयोग, तकनीकी गुणों और कच्चे माल की खपत में भी भिन्न होता है।

xxvi. ईसीआर और ई-ग्लास को अलग-अलग पीसीएन माना जाना चाहिए। डायरेक्ट रोविंग के लिए अलग-अलग टेक्स के बीच कीमत और लागत में अंतर के कारण रैखिक घनत्व (टेक्स) को पीसीएन के लिए एक मापदंड माना जाना चाहिए।

xxvii. ग्लास संरचना या ग्लास फाइबर के परिवार को पीसीएन के लिए एक मापदंड माना जाना चाहिए क्योंकि ऐसी सभी रचनाओं की रासायनिक संरचना अलग-अलग होती है जिससे लागत अलग-अलग होती है। ई-ग्लास, सी-ग्लास, एस-ग्लास, ईसीआर ग्लास और आर-ग्लास को अलग-अलग पीसीएन माना जाना चाहिए।

xxviii. प्रयुक्त कच्चे माल में अंतर के कारण शीट मोल्डिंग कंपाउंड, पैनल, कटे हुए रोविंग मैट और स्प्रे-अप जैसे असेंबल किए गए रोविंग के विभिन्न अनुप्रयोगों के लिए अलग-अलग पीसीएन बनाए जाने चाहिए।

xxix. कटे हुए धागों के संदर्भ में मोटाई को पीसीएन के लिए एक पैरामीटर माना जाना चाहिए। उक्त ग्रेड की लागत और कीमत आपूर्ति किए गए ग्रेड की मोटाई के अनुसार भिन्न होती है।

xxx. चूँकि विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र से बाहर रखे गए कई उत्पाद जांच के क्षेत्र में आने वाले उत्पाद से अलग नहीं हैं, इसलिए सीमा शुल्क पर भ्रम की स्थिति से बचने के लिए प्राधिकारी उत्पाद को बाहर करने में "आपूर्तिकर्ता द्वारा जारी तकनीकी आंकड़ेशीट/विश्लेषण प्रमाण-पत्र के अनुसार" का उल्लेख करें। यह विशेष रूप से थर्मोप्लास्टिक अनुप्रयोग और इमल्शन तथा पाउडर्ड चॉप्ड स्ट्रैंड के लिए किया जा सकता है।

ग.2. घरेलू उद्योग के विचार

6. विचाराधीन उत्पाद और समान वस्तु के संबंध में घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

i. प्राधिकारी द्वारा माने गए उत्पाद क्षेत्र पर वर्तमान जांच के क्षेत्र के लिए विचार किया जाए।

ii. पीसीएन विचाराधीन उत्पाद के प्रकार पर आधारित हो सकता है जिसमें डायरेक्ट रोविंग्स, असेंबल्ड रोविंग्स, चॉप्ड स्ट्रैंड्स और चॉप्ड स्ट्रैंड मैट्स शामिल हैं।

iii. विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र से पहले से ही बाहर रखे गए उत्पादों के अलावा, ग्लास वूल एकॉस्टिक सीलिंग टाइल्स, ग्लास वूल बेस बोर्ड - साउंडस्केप्स शेप्स बोर्ड, फाइबर ग्लास स्टिच्ड मैट्स, फाइबर ग्लास मल्टी-एक्सल/ट्राई-एक्सल फैब्रिक्स, पाउडर्ड चॉप्ड स्ट्रैंड मैट्स, 30 जीएएस/एम2 के सरफेस टिशू और स्टिच्ड मैट्स और कॉम्बिनेशन मैट्स को भी विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र से बाहर रखा जाए।

iv. प्राधिकारी विचाराधीन उत्पाद की परिभाषा से "उसकी वस्तुएँ" शब्दों को हटाएं।

v. घरेलू उद्योग ने व्यापारिक बाजार में भारत में आयातित उत्पादों के समान या उससे मिलती-जुलती वस्तु की आपूर्ति की है।

vi. जाँच की अवधि के दौरान घरेलू उद्योग द्वारा व्यापारिक बाजार में एच-ग्लास की आपूर्ति की गई है और इसलिए इसे बाहर नहीं रखा जाना चाहिए। वास्तव में, घरेलू उद्योग ने व्यापारिक बाजार में एच-ग्लास की 70-80% माँग को पूरा किया है।

vii. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, एच-ग्लास का उत्पादन किया गया है और कुश सिंथेटिक्स के अलावा अन्य उपभोक्ताओं को व्यापारिक बाजार में बेचा गया है।

viii. चूँकि विचाराधीन उत्पाद का क्षेत्र प्रत्येक संबद्ध देश के लिए अलग से निर्धारित नहीं किया गया है, इसलिए बहरीन से एच-ग्लास का कोई भी आयात असंगत नहीं है। इसके अतिरिक्त, चूँकि एच-ग्लास के लिए अलग पीसीएन बनाया गया

है, इसलिए बहरीन के उत्पादक पर एच-ग्लास को शामिल करने का कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं है।

ix. थर्मोसेट कटे हुए स्ट्रैंड्स के लिए बाहर किए जाने का अनुरोध अनावश्यक है क्योंकि जाँच अवधि के दौरान घरेलू उद्योग द्वारा व्यापारिक बाजार में इसकी आपूर्ति की गई है।

x. जांच की अवधि के दौरान घरेलू उद्योग द्वारा 300 और 450 जीएसएम के चॉप्ड स्टैंड मैट का उत्पादन और बिक्री व्यापारिक बाजार में की गई है, इसलिए इन्हें बाहर नहीं रखा जाना चाहिए।

xi. घरेलू उद्योग ने जांच की अवधि के दौरान 180 जीएसएम के चॉप्ड स्ट्रैंड मैट का उत्पादन किया है। इसके अलावा, मशीन सेटिंग बदलकर उसी संयंत्र में 180 जीएसएम से कम के चॉप्ड स्ट्रैंड मैट का उत्पादन किया जा सकता है। घरेलू उद्योग ने जांच अवधि के बाद 150 जीएसएम के सीएसएम का उत्पादन किया है।

xii. घरेलू उद्योग के पास 100 जीएसएम के सीएसएम का उत्पादन करने की क्षमता नहीं है और इसे विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र से बाहर रखा जाए।

xiii. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, "निर्माता की तकनीकी डेटाशीट के अनुसार" शब्दों के प्रयोग से पाटनरोधी शुल्क की प्रवंचना हो सकती है।

xiv. घरेलू उद्योग ने जांच अवधि के दौरान व्यापारिक बाजार में 200 से 9600 टेक्स के बीच प्रत्यक्ष रोविंग की आपूर्ति की है। विभिन्न टेक्स का उत्पादन करने के लिए, केवल मशीन सेटिंग्स में परिवर्तन करना आवश्यक है और किसी अतिरिक्त उपकरण या मशीनरी की आवश्यकता नहीं है। अतः, इस संबंध में उसे बाहर करने की स्वीकृति न दी जाए।

xv. जाँच की अवधि के दौरान, घरेलू उद्योग द्वारा 2400 टेक्स के असेंबल्ड रोविंग का उत्पादन और बिक्री व्यापारिक बाजार में की गई है, इसलिए इसे बाहर नहीं किया जाना चाहिए।

xvi. प्राधिकारी की परिपाटी और सेस्टैट के निर्णय के अनुसार, किसी उत्पाद प्रकार को केवल तभी बाहर रखा जा सकता है जब वह भारत में आयात किया जाता है, लेकिन घरेलू उद्योग द्वारा समान वस्तु की पेशकश नहीं की जाती हो। चूंकि भारत में आर-ग्लास और एस-ग्लास का कोई आयात नहीं होता है, इसलिए इस संबंध में छूट देने कोई आवश्यकता नहीं है।

xvii. इस अनुरोध के संबंध में कि थर्मोप्लास्टिक चॉप्ड स्ट्रैंड्स को उचित रूप से परिभाषित किया जाना चाहिए, अन्य हितबद्ध पक्षकार इस संबंध में एक परिभाषा प्रस्तावित कर सकते हैं।

xviii. पीसीएन के संबंध में अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध पिछली जाँचों के समान ही हैं। प्राधिकारी ने उक्त अनुरोधों की जाँच की थी और केवल उत्पाद प्रकार, अर्थात् डायरेक्ट रोविंग्स, असेंबल्ड रोविंग्स, चॉप्ड स्ट्रैंड्स और चॉप्ड स्ट्रैंड मैट्स के आधार पर पीसीएन पर विचार किया था।

xix. डायरेक्ट रोविंग्स के प्रकारों के आधार पर पीसीएन के प्रस्ताव के संबंध में, आर-ग्लास और एस-ग्लास का कोई आयात नहीं होता है और इसलिए इन ग्रेडों के लिए पीसीएन की कोई आवश्यकता नहीं है।

xx. ई-ग्लास, सी-ग्लास और ईसीआर ग्लास के लिए अलग पीसीएन की कोई आवश्यकता नहीं है क्योंकि ई-ग्लास और सी-ग्लास पुराने उत्पाद हैं जिन्हें वैश्विक स्तर पर उत्पादकों द्वारा ईसीआर ग्लास के रूप में विकसित किया गया है। इसके अतिरिक्त, किसी भी हितबद्ध पक्षकार ने अलग पीसीएन आवश्यक होने के लिए उपर्युक्त उत्पाद के बीच लागत में परिवर्तन के संबंध में कोई साक्ष्य नहीं दिया है। उक्त ग्रेडों का आयात नगण्य है।

xxi. एच-ग्लास और ईसीआर ग्लास के उत्पादन की लागत के बीच का अंतर ***% से कम है और इसलिए, अलग पीसीएन की कोई आवश्यकता नहीं है।

xxii. एच-ग्लास और ईसीआर ग्लास की बिक्री कीमत में अंतर उत्पादन की लागत पर निर्भर नहीं है, बल्कि बाजार का एक प्रकार्य है। चूंकि दोनों उत्पाद विभिन्न बाजार क्षेत्रों में बेचे जाते हैं, इसलिए उत्पादों की कीमत अलग-अलग होती है।

xxiii. उत्पादन की लागत प्रत्यक्ष रोविंग के टेक्स और चॉप्ड स्ट्रैंड मैट के लिए जीएसएम के आधार पर काफी भिन्न नहीं होती है, जैसा कि पिछली जांच में उल्लेख किया गया है। अत:, अलग पीसीएन की कोई आवश्यकता नहीं है।

xxiv. चूँकि घरेलू उद्योग पहले ही पाउडर कटे हुए रेशों को हटाने पर सहमत हो चुका है, इसलिए अलग पीसीएन की कोई आवश्यकता नहीं है।

xxv. अनुप्रयोग को पीसीएन का आधार नहीं माना जा सकता क्योंकि एक ही उत्पाद का उपयोग विभिन्न अनुप्रयोगों के लिए किया जाता है और इस प्रकार, लागत में कोई अंतर नहीं होता। उत्पादकों को उत्पाद के विनिर्माण के समय अनुप्रयोग के बारे में जानकारी भी नहीं होती है।

xxvi. उत्पाद की गुणवत्ता या ग्रेड को अलग पीसीएन नहीं माना जा सकता क्योंकि कोई भी निर्माता जानबूझकर खराब उत्पाद नहीं बनाता है। खराब उत्पाद उत्पादन प्रक्रिया का परिणाम होता है और इसलिए, इसके लिए कोई अलग लागत नहीं है।

ग.3 प्राधिकारी द्वारा जांच

7. वर्तमान जांच की शुरुआत करते समय, प्राधिकारी ने निम्नलिखित को विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र के रूप में माना।

3. संबद्ध जाँच के लिए विचाराधीन उत्पाद 'ग्लास फाइबर और उसकी वस्तुएँ' हैं, जिनमें ग्लास रोविंग, असेंबल्ड रोविंग (एआर) और डायरेक्ट रोविंग (डीआर), ग्लास चॉप्ड स्ट्रैंड्स (सीएस) और ग्लास चॉप्ड स्ट्रैंड्स मैट्स (सीएसएम) शामिल हैं। विचाराधीन उत्पाद को, आगे चलकर, 'पीयूसी' या 'संबद्ध सामान' या 'ग्लास फाइबर' भी कहा जाएगा।

4. विचाराधीन उत्पाद चूना पत्थर, चिकनी मिट्टी और मैग्नीशियम जैसे प्रमुख कच्चे माल का प्रयोग करके निर्मित किया जाता है। निर्माण प्रक्रिया में कुछ खनिजों का बैचिंग या मिश्रण, उच्च तापमान पर भट्टी में खनिजों का पिघलना, फाइबरीकरण, आकार निर्धारण, क्योरिंग और अंत में, निर्माण शामिल है।

5. निम्नलिखित उत्पाद पीयूसी के क्षेत्र से बाहर हैं:

क. ग्लास वूल,

ख. फाइबर ग्लास वूल,

ग. ऊन के रूप में फाइबर ग्लास इंसुलेशन,

घ. ग्लास यार्न,

ङ. ग्लास वोवन फैब्रिक्स,

च. ग्लास फाइबर फैब्रिक,

छ. ग्लास वोवन रोविंग्स,

ज. थर्मोप्लास्टिक के लिए कटे हुए स्ट्रैंड्स अनुप्रयोग,

झ. 0.3 से 2.5 माइक्रोन की सीमा में फाइबर व्यास वाला माइक्रो ग्लास फाइबर,

ञ. सतह मैट/सतह घूंघट/ऊतक,

ट. गीले कटे हुए धागे,

ठ. सेमफिल (ठोस सुदृढ़ीकरण के लिए क्षार प्रतिरोधी ग्लास फाइबर)"

8. हितबद्ध पक्षकारों को याचिका के अगोपनीय रूपांतर के परिचालन की तिथि से 15 दिनों के भीतर विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र और पीसीएन पद्धति पर टिप्पणियाँ या सुझाव, यदि कोई हों, देने का निर्देश दिया गया था। इसके बाद, प्राधिकारी को विभिन्न हितबद्ध पक्षकारों से टिप्पणियाँ प्राप्त हुईं। विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र और पीसीएन पद्धति को अंतिम रूप देने के लिए 1 अक्टूबर 2024 को एक बैठक आयोजित की गई।

9. प्राधिकारी नोट करते हैं कि पीयूसी-पीसीएन बैठक के बाद, घरेलू उद्योग ने विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र से पहले से ही बाहर रखे गए उत्पादों के अलावा निम्नलिखित उत्पादों को विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र से बाहर रखने पर सहमति व्यक्त की।

i. ग्लास वूल ध्वनिक सीलिंग टाइल्स
ii. ग्लास वूल बेस बोर्ड - साउंडस्केप्स शेप्स बोर्ड
iii. फाइबर ग्लास स्टिच्ड मैट
iv. फाइबर ग्लास मल्टी-एक्सल/ट्राई-एक्सल फैब्रिक्स
v. पाउडर्ड चॉप्ड स्ट्रैंडेड मैट
vi. 30 जीएएस/एम2 का सरफेस टिशू
vii. सिले हुए मैट और संयुक्त मैट

10. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने अनुरोध किया है कि विचाराधीन उत्पाद की परिभाषा से "उसकी वस्तुएं" शब्दों को हटा दिया जाना चाहिए क्योंकि इससे अस्पष्टता उत्पन्न होती है। घरेलू उद्योग ने विचाराधीन उत्पाद की परिभाषा में इस प्रकार के परिवर्तन पर सहमति व्यक्त की है। तदनुसार, "उसकी वस्तुएं" शब्दों को हटा दिया गया है।

11. इस अनुरोध के संबंध में कि विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र से अस्पष्टता को दूर करने के लिए "सहित" शब्द को "नामत:" में बदल दिया जाना चाहिए, प्राधिकारी नोट करते हैं कि "सहित" शब्द के प्रयोग से विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र में शामिल उत्पादों की सूची के बारे में भ्रम पैदा हो सकता है। "सहित" शब्द का प्रयोग यह दर्शाता है कि दी की गई उत्पादों की सूची संपूर्ण नहीं हो सकती है। इस प्रकार, विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र से अस्पष्टता को दूर करने के लिए, "सहित" शब्द को "नामत:" में बदल दिया गया है।

12. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध के अनुसार अन्य को बाहर किए जाने के संबंध में, घरेलू उद्योग ने साक्ष्य दिया है कि उसने व्यापारिक बाजार में निम्नलिखित समान उत्पाद का निर्माण और बिक्री की है। चूँकि घरेलू उद्योग ने निम्नलिखित उत्पादों के समान वस्तु की आपूर्ति की है, इसलिए प्राधिकारी नोट करते हैं कि विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र से इसे बाहर करने की कोई आवश्यकता नहीं है।

i. उच्च मापांक ग्लास फाइबर (एच-ग्लास)
ii. थर्मोसेट कटे हुए धागे
iii. 300 टेक्स के फाइबर ग्लास सिंगल एंड रोविंग
iv. 600 टेक्स के फाइबर ग्लास सिंगल एंड रोविंग
v. 1200 टेक्स के फाइबर ग्लास सिंगल एंड रोविंग
vi. 2400 टेक्स के फाइबर ग्लास सिंगल एंड रोविंग
vii. 4800 टेक्स के फाइबर ग्लास सिंगल एंड रोविंग
viii. 2400 टेक्स के फाइबर ग्लास असेंबल्ड रोविंग (बहुत से सिरे)
ix. 300 जीएसएम/एम2 मीटर का कटा हुआ किनारा मैट
x. 450 जीएसएम/एम2 का कटा हुआ किनारा मैट

13. इस अनुरोध के संबंध में कि घरेलू उद्योग थर्मोसेट चॉप्ड स्ट्रैंड्स का निर्माण नहीं करता है और इनकी आपूर्ति केवल टोल करार के माध्यम से की जा रही है, प्राधिकारी नोट

करते हैं कि रिकॉर्ड उपलब्ध साक्ष्य के अनुसार, थर्मोसेट चॉप्ड स्ट्रैंड्स (डीयूसीएस) के लिए उत्पादन प्रक्रिया का केवल एक छोटा सा भाग, अर्थात् कटाई और सुखाने का कार्य, बाहर से लिया जाता है। प्राधिकारी ने टोलिंग करार का सत्यापन किया है और नोट करते हैं कि उत्पादन प्रक्रिया मुख्यतः आवेदक द्वारा की जाती है। विचाराधीन उत्पाद में मुख्य मूल्यवर्धन आवेदक द्वारा किया जाता है और टोलिंग शुल्क केवल एक छोटी सी लागत है। इसके अतिरिक्त, टोलर केवल आवेदक को ही विशेष रूप से सेवाएं देता है। कटाई और सुखाने के लिए टोलर को अंतरित होने पर संबद्ध सामानों का स्वामित्व नहीं बदलता है। अतः, प्राधिकारी इस निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि ऐसा उत्पादन और बिक्री आवेदक की है। अतः, विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र से थर्मोसेट चॉप्ड स्ट्रैंड्स को बाहर करने की कोई आवश्यकता नहीं है।

14. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने उल्लेख किया है कि घरेलू उद्योग ने व्यापारिक बाजार में एच-ग्लास की केवल अल्प मात्रा की आपूर्ति की है और उसका मुख्य रूप से निजी उपयोग किया है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि रिकॉर्ड में उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, घरेलू उद्योग ने व्यापारिक बाजार में एच-ग्लास की आपूर्ति की है। जैसा कि नीचे दी गई तालिका में दर्शाया गया है, जाँच की अवधि के दौरान, घरेलू उद्योग ने व्यापारिक बाजार में एच-ग्लास की पर्याप्त माँग को पूरा किया है। अतः, विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र से एच-ग्लास को बाहर करने की कोई आवश्यकता नहीं है।

विवरण	मात्रा (एमटी)	हिस्सा (%)
घरेलू उद्योग द्वारा एच-ग्लास की व्यापारिक बिक्री	***	73%
भारत में एच-ग्लास का आयात	***	27%
एच-ग्लास की माँग	***	100%

15. इस अनुरोध के संबंध में कि आवेदक द्वारा एच-ग्लास घरेलू उद्योग द्वारा केवल एक संविदा विनिर्माता को बेचा गया है, जो बदले में आवेदक के ग्राहक को निचले स्तर के उत्पाद बेचता है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग ने एच-ग्लास की बिक्री के लिए बीजक के रूप में साक्ष्य प्रस्तुत किया है। ऐसी बिक्री व्यापारिक बाजार में एक से अधिक ग्राहकों को की जाती है। इसलिए, विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र से एच-ग्लास को बाहर करने की कोई आवश्यकता नहीं है।

16. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने अनुरोध किया है कि आवेदक ने गलत उल्लेख किया है कि आवेदक और विदेशी उत्पादकों द्वारा अपनाई गई प्रौद्योगिकी में कोई अंतर नहीं है। एच-ग्लास और ई-सीआर ग्लास के उत्पादन की प्रौद्योगिकी में अंतर है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि ई-सीआर ग्लास और एच-ग्लास दोनों ही संबद्ध देशों से आयात किए जाते हैं और घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित और बेचे जाते हैं। तदनुसार, भले ही प्रौद्योगिकियों में अंतर हो, घरेलू उद्योग इस उत्पाद का उत्पादन और बिक्री कर रहा है। इसलिए, इसे बाहर करना उचित नहीं होगा।

17. घरेलू उद्योग द्वारा आपूर्ति न किए गए टेक्स वाले प्रत्यक्ष रोविंग को बाहर करने के अनुरोध के संबंध में, यह नोट किया जाता है कि कानून घरेलू उद्योग को बिल्कुल उसी प्रकार के उत्पाद की आपूर्ति करने की आवश्यकता नहीं रखता है। घरेलू उद्योग ने 200 से 9600 के बीच टेक्स वाले प्रत्यक्ष रोविंग बेचे हैं। इसके अतिरिक्त, आवेदक ने अनुरोध किया है कि टेक्स को बदलने के लिए केवल मशीन सेटिंग्स को ट्वीक करने की आवश्यकता होती है और अलग टेक्स का उत्पादन करने के लिए किसी अतिरिक्त मशीनरी या उपकरण की आवश्यकता नहीं होती है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि जब घरेलू उद्योग ने 200 से 9600 के बीच टेक्स वाले प्रत्यक्ष रोविंग बेचे हैं, तो यह निराधार है कि घरेलू उद्योग इस सीमा और हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निर्दिष्ट टेक्स के बीच कोई टेक्स आपूर्ति नहीं कर सकता है। वर्तमान जैसे उत्पाद में, जहां पीयूसी बड़ी संख्या में विभिन्न किस्मों में बेचा जाता है, यह काफी संभावना है कि घरेलू उद्योग ने उपभोक्ताओं से ऑर्डर न मिलने के कारण उत्पाद के कुछ रूप या प्रकार का उत्पादन और बिक्री नहीं की होगी। नियम 2(घ) के प्रावधानों के तहत, समान वस्तु की परिभाषा में समरूप वस्तु के साथ-साथ ऐसी वस्तु भी शामिल है जो सभी पहलुओं में समान न हो, लेकिन विचाराधीन उत्पाद से काफी मिलती-जुलती विशेषताएँ रखती हो। प्राधिकारी नोट करते हैं कि भिन्न बनावट वाले प्रत्यक्ष रोविंग को विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र से बाहर रखने का कोई औचित्य नहीं है।

18. इस अनुरोध के संबंध में कि थर्मोप्लास्टिक चॉप्ड स्ट्रैंड्स, फाइबर ग्लास स्टिच्ड मैट्स और फाइबर ग्लास मल्टी-एक्सल/ट्राई-एक्सल फैब्रिक्स, जिन्हें विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र से बाहर रखा गया है, को सीमा शुल्क पर भ्रम से बचने के लिए उचित रूप से परिभाषित किया जाना चाहिए, प्राधिकारी नोट करते हैं कि अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा कोई परिभाषा प्रस्तावित नहीं की गई है। तथापि, प्राधिकारी ने इन उत्पादों का वर्णन रिकॉर्ड में उपलब्ध सूचना के आधार पर किया है।

19. विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र से एस-ग्लास और आर-ग्लास को बाहर रखने के संबंध में, प्राधिकारी नोट करते हैं कि एस-ग्लास और आर-ग्लास दोनों ही प्रत्यक्ष रोविंग के प्रकार हैं। घरेलू उद्योग ने जांच अवधि के दौरान व्यापारिक बाजार में काफी मात्रा में प्रत्यक्ष रोविंग की आपूर्ति की है। इस प्रकार, घरेलू उद्योग व्यापारिक बाजार में समान वस्तु की पेशकश करता है। इसके अतिरिक्त, चूंकि एस-ग्लास और आर-ग्लास का कोई आयात नहीं हुआ है और घरेलू उद्योग ने घरेलू बाजार में समान वस्तु बेची है, इसलिए इन्हें बाहर रखना या उक्त उत्पादों के लिए एक अलग पीसीएन बनाना उचित नहीं होगा। यह भी नोट किया जाता है कि प्राधिकारी की यह निर्धारित परिपाटी है कि वे उस उत्पाद प्रकार को बाहर रखें जो वास्तव में भारत में आयात किया जाता है और उस समान वस्तु को बाहर रखें जिसकी घरेलू उद्योग द्वारा पेशकश नहीं की गई है। ऐसा इसलिए है क्योंकि घरेलू उद्योग द्वारा समान वस्तु की अनुपस्थिति तब तक स्थापित नहीं की जा सकती जब तक कि उत्पाद को संबद्ध देशों से निर्यात नहीं किया गया हो। किसी विशेष प्रकार को बाहर करने के मात्र दावे पर तब तक विचार नहीं किया जा सकता जब तक कि संबंधित अवधि के दौरान उसे भारत को निर्यात न किया गया हो, लेकिन घरेलू उद्योग द्वारा समान वस्तु की आपूर्ति न की गई हो।

20. 200 से कम जीएसएम वाले इमल्शन बाइंडर चॉप्ड स्ट्रैंड मैट को बाहर किए जाने संबंधी अनुरोधों के संबंध में, घरेलू उद्योग ने साक्ष्य प्रस्तुत किए हैं कि उसने जाँच की अवधि के दौरान 180 जीएसएम वाले इमल्शन बाइंडर चॉप्ड स्ट्रैंड मैट का निर्माण किया है। इसके अतिरिक्त, आवेदक ने अनुरोध किया है कि कम जीएसएम वाले विनिर्माण के लिए केवल मशीन सेटिंग्स में परिवर्तन करना आवश्यक है और किसी नए संयंत्र या उपकरण की आवश्यकता नहीं है। सत्यापन के दौरान, घरेलू उद्योग ने यह सिद्ध किया है कि उसने वास्तव में उसी संयंत्र और उपकरण पर जाँच अवधि के बाद 150 जीएसएम वाले इमल्शन बाइंडर चॉप्ड स्ट्रैंड मैट का उत्पादन किया है। तदनुसार, प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग ने भारत में आयात किए जा रहे 200 से कम जीएसएम वाले इमल्शन बाइंडर चॉप्ड स्ट्रैंड मैट के समान वस्तु की आपूर्ति की है और इसे बाहर करने का कोई औचित्य नहीं है। तथापि, प्राधिकारी ने यह भी नोट किया है कि घरेलू उद्योग ने उल्लेख किया है कि उसके पास 100 जीएसएम के इमल्शन बाइंडर चॉप्ड स्ट्रैंड मैट के विनिर्माण की क्षमता नहीं है और घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित उत्पाद का उपयोग 100 जीएसएम चॉप्ड स्ट्रैंड मैट का प्रयोग करने वाले उपभोक्ताओं द्वारा परस्पर विनिमय के लिए नहीं किया जा सकता है। चूँकि घरेलू उद्योग ने ऐसे उत्पाद

के समान वस्तु की आपूर्ति नहीं की है, इसलिए 100 जीएसएम के इमल्शन बाइंडर चॉप्ड स्ट्रैंड मैट को विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र से बाहर रखा गया है।

21. समान स्वरूप के कारण एनपीयूसी से पीयूसी की पहचान करने में आने वाली चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए, प्राधिकारी यह उचित समझते हैं कि सीमा शुल्क प्राधिकारियों को स्वीकार्य प्रमाणीकरण के साथ तकनीकी डाटा शीट सहित आपूर्तिकर्ता की घोषणा पर विश्वास किया जा सकता है।

22. उपर्युक्त जाँच के आधार पर, प्राधिकारी ने वर्तमान जाँच के प्रयोजनार्थ निम्नलिखित को विचाराधीन उत्पाद माना है।

"ग्लास फाइबर, अर्थात्, असेंबल्ड रोविंग्स (एआर), डायरेक्ट रोविंग्स (डीआर), ग्लास चॉप्ड स्ट्रैंड्स (सीएस), सभी प्रकार के ग्लास चॉप्ड स्ट्रैंड्स मैट (सीएसएम)। विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र से विशेष रूप से बाहर रखे गए हैं:

क. ग्लास वूल,
ख. फाइबर ग्लास वूल,
ग. ऊन के रूप में फाइबर ग्लास इंसुलेशन,
घ. ग्लास याम,
ङ. ग्लास वोवन फैब्रिक्स,
च. ग्लास फाइबर फैब्रिक,
छ. ग्लास वोवन रोविंग्स,
ज. थर्मोप्लास्टिक अनुप्रयोगों के लिए कटे हुए स्ट्रैंड्स,
झ. 0.3 से 2.5 माइक्रोन की रेंज में फाइबर व्यास वाले माइक्रो ग्लास फाइबर,
ञ. ग्लास फाइबर सरफेस मैट,
ट. ग्लास फाइबर सरफेस वेइल,
ठ. ग्लास फाइबर सरफेस टिशू,
ड. ग्लास स्क्रिम,
ढ. ग्लास फाइबर मेश,
ण. वेट चॉप्ड स्ट्रैंड्स,
त. सेम्फिल (ठोस सुदृढीकरण के लिए क्षार प्रतिरोधी ग्लास फाइबर),
थ. ग्लास वूल ध्वनिक छत टाइलें,
द. ग्लास वूल बेस बोर्ड - साउंडस्केप शेप बोर्ड,
ध. ग्लास फाइबर स्टिच्ड मैट,

न. ग्लास फाइबर मल्टी-एक्सल/ट्राई-एक्सल फ़ैब्रिक,
प. सरफेस टिशू,
फ. पाउडर कटी हुई स्ट्रैंड मैट,
ब. सिले हुए मैट,
भ. कॉम्बिनेशन मैट
म. 100 जीएसएम और उससे कम के इमल्शन बाइंडर कटी हुई स्ट्रैंड मैट"

23. पीसीएन पद्धति से संबंधित अनुरोधों के बारे में, प्राधिकारी नोट करते हैं कि विचाराधीन उत्पाद के संबंध में विगत में कई जाँचें की जा चुकी हैं। प्राधिकारी ने विगत जांच परिणामों में नोट किया था कि उत्पाद के प्रकार के भार, व्यास और जीएसएम जैसे मापदंडों के आधार पर पीसीएन तैयार करने की कोई आवश्यकता नहीं है क्योंकि ऐसे मापदंडों में परिवर्तन के कारण उत्पाद प्रकार की लागत में कोई खास अंतर नहीं आता है।

24. जीएसएम को पीसीएन मानदंड के रूप में मानने के संबंध में, रिकॉर्ड में ऐसा कोई साक्ष्य नहीं है कि ऐसे मानदंड से संबद्ध सामानों की उत्पादन लागत में कोई वास्तविक परिवर्तन आएगा। प्राधिकारी नोट करते हैं कि 300 जीएसएम और 600 जीएसएम उत्पाद एक ही समय में एक ही उपभोक्ता को समान कीमतों पर बेचे गए हैं। इसलिए, इन्हें पृथक मापदंड के रूप में नहीं माना गया है।

25. खराब उत्पाद और "ए" श्रेणी के उत्पाद को अलग-अलग पीसीएन मानने के संबंध में, प्राधिकारी नोट करते हैं कि खराब उत्पाद को एक अलग पीसीएन नहीं माना जा सकता क्योंकि स्पष्ट लागत और कीमत अंतर वाली ऐसी किसी विशिष्ट श्रेणी की मौजूदगी के संबंध में कोई निर्णायक साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया है।

26. प्राधिकारी नोट करते हैं कि चूँकि पाउडर बाइंडर चॉप्ड स्ट्रैंड मैट को बाहर रखा गया है, इसलिए इसे एक अलग पीसीएन के रूप में मानने की कोई आवश्यकता नहीं है।

27. एच-ग्लास को एक अलग पीसीएन के रूप में मानने के संबंध में, प्राधिकारी नोट करते हैं कि रिकॉर्ड में उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, एच-ग्लास और ई-ग्लास की उत्पादन लागत में अंतर है। तदनुसार, वर्तमान जाँच के प्रयोजनार्थ एच-ग्लास को एक अलग पीसीएन के रूप में माना गया है।

28. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने अनुरोध किया है कि पीसीएन का आधार ग्लास संरचना या डायरेक्ट रोविंग्स का परिवार होना चाहिए। प्राधिकारी नोट करते हैं कि आर-ग्लास और एस-ग्लास डायरेक्ट रोविंग्स के केवल भिन्न रूप हैं। हितबद्ध पक्षकारों ने सत्यापनीय साक्ष्य के साथ यह नहीं दर्शाया है कि लागत में महत्वपूर्ण अंतर है जिसके लिए अलग पीसीएन की आवश्यकता हो। वास्तव में, डायरेक्ट रोविंग्स के उक्त प्रकारों का भारत में आयात नहीं किया गया है और इस कारण से भी, इसके लिए एक अलग पीसीएन बनाने की कोई आवश्यकता नहीं है। पीसीएन की आवश्यकता केवल तभी होती है जब भारत को काफी भिन्न लागत वाले उत्पाद प्रकार का निर्यात किया गया हो और प्राधिकारी को उसके लिए पाटन मार्जिन और क्षति मार्जिन निर्धारित करना आवश्यक हो।

29. ई-ग्लास, सी-ग्लास और ईसीआर ग्लास के लिए अलग-अलग पीसीएन पर विचार के संबंध में, घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया है कि ई-ग्लास और सी-ग्लास पुराने उत्पाद प्रकार हैं जिन्हें वैश्विक स्तर पर उत्पादकों द्वारा ईसीआर ग्लास के रूप में विकसित किया गया है। भारत में ई-ग्लास और सी-ग्लास उत्पादों का आयात नगण्य है। इसके अलावा, रिकॉर्ड में ऐसा कोई साक्ष्य नहीं है जो दर्शाता हो कि ऐसे ग्रेडों की उत्पादन लागत में कोई वास्तविक अंतर है। इस प्रकार, इस संबंध में कोई पीसीएन तैयार नहीं बनाया गया है।

30. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने अनुरोध किया है कि उत्पाद के अनुप्रयोग के आधार पर पीसीएन तैयार किया जाना चाहिए। प्राधिकारी ने अलग पीसीएन तैयार करने के लिए केवल ऐसे मापदंडों पर विचार किया है जिनका उत्पादन लागत पर वास्तविक प्रभाव पड़ता है। यह नोट किया जाता है कि एक ही उत्पाद के विभिन्न अनुप्रयोग अलग-अलग लागत का कारण नहीं बन सकते। इसलिए, पीसीएन के लिए अनुप्रयोग को एक मापदंड के रूप में उपयोग करना उचित नहीं होगा। इस प्रकार, प्राधिकारी ने पीसीएन निर्धारित करने के लिए मापदंड पर विचार नहीं किया है।

31. लाइनियर डेनसिटी या टेक्स के आधार पर पीसीएन पर विचार करने के संबंध में, प्राधिकारी नोट करते हैं कि रिकॉर्ड में उपलब्ध सूचना के अनुसार, प्रत्यक्ष रोविंग और असेंबल रोविंग के विभिन्न लाइनियर डेनसिटी के लिए उत्पादन लागत में अंतर होता

है। इस प्रकार, वर्तमान जाँच के प्रयोजनार्थ लाइनियर डेनसिटी को पीसीएन मापदंड के रूप में माना गया है।

32. प्राधिकारी ने वर्तमान जांच के प्रयोजनार्थ निम्नलिखित पी.सी.एन. पर विचार किया है।

क्र.सं.	पीसीएन मानदंड	कोड विवरण	कोड चिह्न
1.	ग्लास फाइबर का रूप	प्रत्यक्ष रोविंग - उच्च मोड्युलस ग्लास फाइबर	डीआर (एचएम)
		प्रत्यक्ष रोविंग - उच्च मोड्युलस ग्लास फाइबर को छोड़कर	डीआर (ओएम)
		एसेमबल्ड रोविंग	एमईआर
		चोप्स स्ट्रैंड्स	डीयूसीएस
		चोप्स स्ट्रैंड्स मैट	सीएसएम
2.	लाइनियर डेनसिटी (केवल डायरेक्ट और एसेमबल्ड रोविंग के लिए)	0-300 टेक्स	3
		301-600 टेक्स	6
		600 टेक्स से ऊपर	9

33. प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित उत्पाद, संबद्ध देशों से निर्यातित सामानों की समान वस्तु है। घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित और संबद्ध देशों से आयातित उत्पाद, वस्तुओं के भौतिक एवं रासायनिक गुण-धर्मों, प्रकार्य एवं प्रयोग, उत्पाद विनिर्देशों, कीमत निर्धारण, वितरण एवं विपणन तथा सामानों के प्रशुल्क वर्गीकरण के संदर्भ में तुलनीय हैं। संबद्ध देशों से आयातित और घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित, संबद्ध सामान तकनीकी और वाणिज्यक रूप से प्रतिस्थापनीय हैं और उपभोक्ताओं द्वारा परस्पर परिवर्तनीय रूप से प्रयोगी किए जाते हैं। इसी के मद्देनजर, घरेलू उद्योग द्वारा निर्मित उत्पाद को भारत में आयातित उत्पाद के समान वस्तु माना जाता है।

34. विचाराधीन उत्पाद उप शीर्ष 7019 के तहत सीमा प्रशुल्क अधिनियम, 1975 के अध्याय 70 के अंतर्गत है। सीमा शुल्क वर्गीकरण केवल संकेतात्मक है और वर्तमान जाँच में विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र पर बाध्यकारी नहीं है।

घ. <u>घरेलू उद्योग का क्षेत्र और आधार</u>

घ.1 अन्य हितबद्ध पक्षकारों के विचार

35. घरेलू उद्योग के क्षेत्र और आधार के संबंध में अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं।

i. आवेदक ने क्षति अवधि के दौरान भारत में विचाराधीन उत्पाद का आयात किया है। इस प्रकार, आवेदक घरेलू उद्योग बनने के लिए पात्र घरेलू उत्पादक नहीं है।

ii. प्राधिकारी को घरेलू उद्योग बनने के लिए आवेदक की पात्रता का आकलन करने हेतु, मांग, संबद्ध आयात, कुल आयात, कुल उत्पादन, आयात के कारण और यदि घरेलू उत्पादक को ऐसे पाटन से लाभ हुआ है, के संबंध में आयात की मात्रा की जाँच करनी चाहिए।

iii. आवेदक को घरेलू उद्योग बनने के लिए पात्र नहीं माना जाना चाहिए क्योंकि वह संबद्ध देशों में विचाराधीन उत्पाद के उत्पादकों और निर्यातकों से संबद्ध है। प्राधिकारी को आवेदक को पात्र मानने से पहले संबद्ध कंपनियों द्वारा आवेदक और तृतीय पक्षकारों को निर्यात की मात्रा की जाँच करनी चाहिए।

iv. चूँकि स्वामित्व में परिवर्तन हुआ है, इसलिए प्राधिकारी अंतिम जांच परिणाम जारी करते समय यह जाँच कर सकते हैं कि आवेदक नियम 2(ख) के अंतर्गत पात्र घरेलू उद्योग है या नहीं।

v. आवेदक ने अनुरोध किया है कि कोविड के कारण उसकी भट्टियाँ बंद थीं। इस प्रकार, आवेदक ने 2020 और 2021 में उत्पादन बंद कर दिया और संबद्ध सामानों के उत्पादक के रूप में मौजूद नहीं रहा, इसलिए इसे घरेलू उद्योग नहीं माना जा सकता।

vi. आवेदक घरेलू उद्योग के रूप में पात्र नहीं है क्योंकि वह अपना व्यवसाय किसी अन्य कंपनी को बेच रहा है। प्राधिकारी प्राण समूह को घरेलू उद्योग के भाग के रूप में शामिल कर सकते है, उसका समर्थन मांग सकते हैं या जांच को समाप्त कर सकते है क्योंकि आवेदक अब समान वस्तु के निर्माण में शामिल उत्पादक नहीं है। विश्व व्यापार संगठन के न्यायशास्त्र के अनुसार, एक जांचकर्ता

प्राधिकारी को उत्पादकों के बारे में पुराने या असंगत आंकड़ों पर भरोसा नहीं करना चाहिए, जो निर्धारण के समय घरेलू उद्योग का प्रतिनिधित्व नहीं करते हों।

vii. चूंकि नई आवेदक कंपनी गोवा ग्लास फाइबर होगी, इसलिए प्राधिकारी गोवा ग्लास फाइबर के व्यवसाय की प्रकृति की जांच करें कि क्या उसने संबद्ध देशों से संबद्ध सामानों का आयात किया है और क्या यह जांच की अवधि के दौरान संबद्ध सामानों के किसी निर्यातक से संबद्ध है।

viii. घरेलू उद्योग द्वारा एसटीपीपी जांच पर भरोसा करना सही नहीं है क्योंकि मूल जांच में, घरेलू उद्योग को बंद करने के संबंध में कोई अनुरोध या साक्ष्य रिकॉर्ड में नहीं रखे गए थे। डीजीटीआर ने मध्यावधि समीक्षा में पाटनरोधी शुल्क बंद कर दिया, जिससे यह सिद्ध होता है कि डीजीटीआर इस सिद्धांत का पालन करता है कि कंपनी के स्वामित्व या घरेलू उद्योग की उत्पादन सुविधाओं में परिवर्तन की स्थिति में शुल्क नहीं लगाया जाता है। इसके अतिरिक्त, एसबीआर जांच पर भरोसा नहीं किया जा सकता क्योंकि यह वास्तविक क्षति का नहीं, बल्कि वास्तविक मंदी का मामला था।

ix. घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोधों के विपरीत, अन्य घरेलू उत्पादक द्वारा विरोध की कमी को आवेदन-पत्र के लिए अप्रत्यक्ष समर्थन नहीं माना जा सकता है। चूंकि गोवा ग्लास फाइबर अब एक संबद्ध पक्षकार है, इसलिए आवेदन-पत्र की विश्वसनीयता सिद्ध करने के लिए इसका समर्थन और क्षति संबंधी आंकड़े अनिवार्य हैं।

x. यदि प्राधिकारी जांच जारी रखते हैं, तो पाटनरोधी शुल्क लगाने के तुरंत बाद एक मध्यावधि समीक्षा दायर की जाएगी, क्योंकि आवेदक और प्राण समूह के बीच लेनदेन वित्त मंत्रालय द्वारा पाटनरोधी शुल्क लगाते ही पूरा हो जाएगा। यूरोपीय संघ के विनियमन (ईयू) 2016/1036 का अनुच्छेद 11, व्यवसाय के अंतरण के बाद, संबद्ध कंपनी की संरचना या स्वामित्व में परिवर्तन होने पर, पाटनरोधी शुल्क की समीक्षा की अनुमति देता है। इसी प्रकार, अमेरिकी कानून की धारा 353.25 के अनुसार, कंपनी के स्वामित्व या संरचना में परिवर्तन से पाटनरोधी शुल्क का पुनर्मूल्यांकन हो सकता है।

घ.2 घरेलू उद्योग के विचार

36. घरेलू उद्योग के क्षेत्र और आधार के संबंध में घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

i. आवेदक के अलावा, भारत में संबद्ध सामानों का एक अन्य घरेलू उत्पादक, अर्थात् गोवा ग्लास फाइबर, है। अन्य घरेलू उत्पादक ने न तो आवेदन का समर्थन किया है और न ही विरोध किया है।

ii. आवेदक ने जाँच की अवधि के दौरान संबद्ध सामानों का आयात गैर-संबद्ध देशों से किया है। आवेदक का आधार प्रभावित नहीं हुई है क्योंकि उसने भारत में "पाटित" उत्पाद का आयात नहीं किया है।

iii. आवेदक संबद्ध देशों में विचाराधीन उत्पाद के कुछ उत्पादकों से संबद्ध है। हालाँकि, तथापि, ऐसे उत्पादकों द्वारा भारत को निर्यात नगण्य है।

iv. आवेदक का भारत में कुल घरेलू उत्पादन में प्रमुख अनुपात है और उसे वर्तमान जाँच में घरेलू उद्योग के रूप में पात्र माना जाना चाहिए।

v. ओवेन्स कॉर्निंग ने वैश्विक ग्लास सुदृढीकरण व्यवसाय की बिक्री के लिए प्राण समूह के साथ एक करार पर हस्ताक्षर किए हैं और अधिग्रहण 6-9 महीनों में पूरा होने की संभावना है। अधिग्रहण पूरा होने के बाद गोवा ग्लास फाइबर और आवेदक संबद्ध पक्ष बन जाएँगे।

vi. ओवेन्स कॉर्निंग और प्राण समूह की लाभप्रदता स्थिति वही है जो लेखा बहियों में दर्शाई गई है। यही सूचना वर्तमान जाँच में दिए गए आँकड़ों का आधार बनती है।

vii. आवेदक का गोवा ग्लास फाइबर पर कोई नियंत्रण नहीं है और उसे गोवा ग्लास के प्रचालनों के लिए आँकड़े प्रदान करने हेतु उत्तरदायी नहीं ठहराया जा सकता।

viii. स्वामित्व में भविष्य में होने वाले परिवर्तन के कारण आवेदक की स्थिति प्रभावित नहीं होती है। अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने ऐसा कोई कानूनी प्रावधान या न्यायशास्त्र नहीं बताया है जिसके लिए प्राधिकारी को जाँच की अवधि के

बाद उत्पन्न होने वाली स्थितियों के लिए आधार पर पुनर्विचार करने की आवश्यकता हो।

ix. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोधों के विपरीत, अधिग्रहण के बाद क्षति विश्लेषण की कोई आवश्यकता नहीं है क्योंकि प्रचालन बंद नहीं हुआ है और स्वामित्व में परिवर्तन से प्रचालन या आवेदक के आँकड़े प्रभावित नहीं होते हैं। क्षति विश्लेषण क्षति की अवधि के लिए ऐतिहासिक आँकड़ों पर आधारित है।

x. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, एसटीपीपी में विचाराधीन उत्पाद का घरेलू उत्पादन बंद हो गया, जिसके कारण मध्यावधि समीक्षा की गई और पाटनरोधी शुल्क हटा लिया गया था। वर्तमान मामले में, भारत में संबद्ध सामानों का उत्पादन बंद करने की कोई योजना नहीं है।

xi. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, ऐसा कोई कानूनी प्रावधान नहीं है जिसके तहत प्राधिकारी को गोवा ग्लास फाइबर के व्यवसाय या आंकड़ों का विश्लेषण करने की आवश्यकता हो।

xii. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, लाभ/हानि, लाभ और हानि खाते के अनुसार, स्वामित्व में परिवर्तन से पूरी तरह अप्रभावित हैं। केवल संचित हानियाँ, जिन पर प्राधिकारी द्वारा क्षति विश्लेषण में विचार नहीं किया गया है, अग्रेणीत नहीं की जाती हैं। इस प्रकार, स्वामित्व में परिवर्तन के कारण आवेदक के प्रचालनों में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है।

xiii. हालाँकि प्राण समूह द्वारा आवेदक के अधिग्रहण के बाद के आंकड़ों में कोई परिवर्तन नहीं आया है और अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा मध्यावधि समीक्षा दायर करने का कोई कारण नहीं बताया गया है, फिर भी यदि वे परिस्थितियों में बदलाव दिखा पाते हैं तो ऐसे पक्षकार मध्यावधि समीक्षा दायर करने के लिए स्वतंत्र हैं। अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा उल्लिखित यूरोपीय संघ और अमेरिकी प्रावधान निर्यातकों के स्वामित्व में परिवर्तन से संबंधित हैं, न कि घरेलू उद्योग से।

घ.3 प्राधिकारी द्वारा जांच

37. पाटनरोधी नियमावली के नियम 2(ख) में घरेलू उद्योग को निम्नानुसार परिभाषित किया गया है:

> *(ख) "घरेलू उद्योग" का तात्पर्य ऐसे समग्र घरेलू उत्पादकों से है जो समान वस्तु के विनिर्माण और उससे जुड़े किसी कार्यकलाप में संलग्न हैं अथवा ऐसे उत्पादकों से है जिनका उक्त वस्तु का सामूहिक उत्पादन उक्त वस्तु के कुल घरेलू उत्पादन का एक बड़ा भाग बनता है सिवाए उस स्थिति के जब ऐसे उत्पादक आरोपित पाटित वस्तु के निर्यातकों या आयातकों से संबंधित होते हैं अथवा वे स्वयं उसके आयातक होते हैं, तो ऐसे मामले में ''घरेलू उद्योग'' का अर्थ शेष उत्पादकों के संदर्भ में लगाया जा सकता है।"*

38. प्राधिकारी नोट करते हैं कि वर्तमान जाँच की शुरुआत के लिए आवेदन-पत्र ओवेन्स कॉर्निंग (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड द्वारा दायर किया गया था। आवेदक ने अनुरोध किया है कि भारत में संबद्ध सामानों का एक अन्य घरेलू उत्पादक गोवा ग्लास फाइबर है। प्राधिकारी ने गोवा ग्लास फाइबर को उसका उत्तर जानने के लिए नोटिस जारी किया था। उत्तर न मिलने के कारण, प्राधिकारी नोट करते हैं कि उन्होंने वर्तमान जाँच का न तो समर्थन किया है और न ही विरोध किया है।

39. प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग ने जाँच की अवधि के दौरान चीन जन.गण. से अपनी संबद्ध कंपनी से कुल आयातों में से [***] एमटी [***%] की नगण्य मात्रा का आयात किया है। आवेदक ने क्षति की अवधि के दौरान गैर-संबद्ध देशों से भी [***] एमटी संबद्ध सामानों का आयात किया है। इस प्रकार, प्राधिकारी नोट करते हैं कि आवेदक द्वारा इतनी कम मात्रा में संबद्ध सामानों का आयात आवेदक को घरेलू उद्योग के होने के लिए अपात्र नहीं बनाता।

40. प्राधिकारी आगे नोट करते हैं कि आवेदक की चीन जन.गण. में एक संबद्ध कंपनी है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि डीजी सिस्टम के आंकड़े दर्शाते हैं कि आवेदक की संबद्ध कंपनियों ने जांच की अवधि के दौरान भारत को विचाराधीन उत्पाद का [***] एमटी और क्षति की अवधि में [***] एमटी निर्यात किया है। ये आयात केवल घरेलू उद्योग द्वारा किए गए हैं। अत:, प्राधिकारी नोट करते हैं कि आवेदक द्वारा किए गए संबद्ध सामानों की इतनी कम मात्रा का आयात आवेदक को घरेलू उद्योग बनने के लिए अपात्र नहीं बनाता।

41. इस अनुरोध के संबंध में कि आवेदक का स्वामित्व बदल गया है और इस प्रकार, आधार का पुनर्मूल्यांकन किए जाने की आवश्यकता है, प्राधिकारी घरेलू उद्योग के अनुरोध को नोट करते हैं कि आवेदक और प्राण समूह ने एक करार किया है जिसके तहत ओवेन्स कॉर्निंग के ग्लास सुदृढीकरण व्यवसाय का अधिग्रहण प्राण समूह द्वारा किया जाएगा। आवेदक ने अनुरोध किया है कि ऐसा अधिग्रहण 6-9 महीनों में पूरा होने की संभावना है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि जांच अवधि के दौरान और प्रकटन विवरण जारी करने के साथ-साथ अंतिम जांच परिणामों के समय, ओवेन्स कॉर्निंग (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड एक स्वतंत्र कंपनी है जिसका प्राण समूह पर कोई नियंत्रण नहीं है। जाँच की अवधि के दौरान स्वामित्व में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। अतः, आधार का पुनर्मूल्यांकन करने की कोई आवश्यकता नहीं है।

42. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने अनुरोध किया है कि चूँकि गोवा ग्लास फाइबर और आवेदक संबद्ध कंपनियां होंगी, इसलिए गोवा ग्लास फाइबर के आँकड़े भी मँगवाए जाने चाहिए। प्राधिकारी नोट करते हैं कि वर्तमान जाँच के समय, दोनों उत्पादक अलग-अलग कानूनी कंपनियां हैं, और इसलिए, आवेदक से गोवा ग्लास फाइबर के आँकड़ों तक पहुँच की अपेक्षा नहीं की जा सकती। गोवा ग्लास फाइबर ने वर्तमान जाँच में भाग नहीं लिया है और न ही उसने क्षति संबंधी आँकड़े उपलब्ध कराए हैं। इसके अतिरिक्त, प्राधिकारी नोट करते हैं कि गोवा ग्लास फाइबर के व्यवसाय का विश्लेषण करने की कोई आवश्यकता नहीं है क्योंकि जाँच की अवधि के दौरान या वर्तमान चरण में भी यह एक संबद्ध कंपनी नहीं है। किसी भी स्थिति में, चूँकि आवेदक पात्र घरेलू उद्योग है, इसलिए प्राधिकारी ने वर्तमान जाँच के प्रयोजनार्थ उसकी सूचना पर भरोसा किया है।

43. इस अनुरोध के संबंध में कि नई कंपनी को कोई क्षति नहीं होगी क्योंकि कोई हानि अंतरित नहीं की गई है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि यद्यपि आवेदक ने अपने व्यवसाय को वैश्विक स्तर पर बेचने के लिए करार पर हस्ताक्षर किए हैं, फिर भी उत्पादन बंद नहीं हुआ है। इस प्रकार, पिछले वर्षों और जाँच की अवधि के आँकड़े यथावत हैं। केवल स्वामित्व में परिवर्तन से क्षति नहीं रुकती।

44. इस अनुरोध के संबंध में कि यदि वर्तमान जाँच जारी रहती है, तो पाटनरोधी शुल्क लगाए जाने के तुरंत बाद मध्यावधि समीक्षा दायर की जाएगी, प्राधिकारी नोट करते हैं कि कोई भी हितबद्ध पक्षकार लागू कानूनों और नियमावली के अनुसार मध्यावधि समीक्षा दायर करने के लिए स्वतंत्र है।

45. इस अनुरोध के संबंध में कि आवेदक की भट्टी बंद कर दी गई थी, और वह संबद्ध सामानों का उत्पादक नहीं रहा, प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग की भट्टी 2020-21 में कोविड-19 संबंधी लॉकडाउन के कारण अस्थायी रूप से बंद कर दी गई थी। रिकॉर्ड में ऐसा कोई साक्ष्य नहीं है कि आवेदक का भारत में घरेलू उत्पादन बंद करने का इरादा था। प्राधिकारी नोट करते हैं कि कोविड-19 के कारण कई उद्योगों को बंदियों का सामना करना पड़ा, लेकिन ऐसे उद्योग अस्थायी उत्पादन रुकावटों के कारण उत्पादक बने रहे। किसी भी स्थिति में, बंद 2020-21 में हुआ था, न कि जाँच की अवधि के दौरान।

46. प्राधिकारी नोट करते हैं कि आवेदक के उत्पादन का कुल भारतीय उत्पादन में प्रमुख अनुपात है। पूर्वोक्त के मद्देनजर, प्राधिकारी इस निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि आवेदक पाटनरोधी नियमावली के नियम 2(ख) के अंतर्गत घरेलू उद्योग है और आवेदन-पत्र पाटनरोधी नियमावली के नियम 5(3) के अनुसार आवश्यक आधार की अपेक्षाओं को पूरा करता है।

ङ. <u>गोपनीयता</u>

ङ.1 अन्य हितबद्ध पक्षकारों के विचार

47. गोपनीयता के संबंध में अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

i. आवेदक ने लागत सूचना और वित्तीय विवरणों के संबंध में अत्यधिक गोपनीयता का दावा किया है। भारत में संबद्ध सामानों के उत्पादन, क्षमता, क्षमता उपयोग, बिक्री और माँग के वास्तविक आँकड़ों को गोपनीय बताया गया है, जबकि इनका खुलासा चीन के विरुद्ध मूल और प्रथम निर्यातक समीक्षा में किया गया था।

ii. आवेदक ने पीसीएन-वार कीमत कटौती, पाटन मार्जिन और क्षति मार्जिन के संबंध में अत्यधिक गोपनीयता का दावा किया है।

iii. आवेदक ने संबद्ध देशों में संबद्ध उत्पादकों के वास्तविक नाम और संबंध की प्रकृति, अन्य घरेलू उत्पादकों के उत्पादन की मात्रा और मूल्य, लघु उद्योगों और अन्य के लिए बिक्री मात्रा और मूल्य के बीच विभाजन, निर्यातकों की प्रति इकाई बिक्री लागत, निर्यात बिक्री और कैप्टिव खपत के लिए बिक्री कीमत,

सामान्य मूल्य की गणना, मध्यवर्ती ठहराव का विवरण और लेन-देन-वार आयात आँकड़े साझा नहीं किए हैं।

iv. आवेदक ने अत्यधिक गोपनीयता का दावा किया है क्योंकि उसने तकनीकी विनिर्देश, भारत में बाजार हिस्सेदारी, अनुमानित वृद्धि और वास्तविक मंदी सिद्ध करने के साक्ष्य साझा नहीं किए हैं।

v. प्रमुख कच्चे माल के नाम, देश-वार सामान्य मूल्य, गोवा ग्लास फाइबर के लिए आँकड़ों का स्रोत, बंद होने के कारण हुई मात्रा की हानि का विवरण, निवल निर्यात कीमत के निर्धारण हेतु किए गए समायोजनों के साक्ष्य या सूचना के स्रोत को साझा नहीं किया गया है।

vi. क्षतिरहित कीमत के निर्धारण हेतु कार्यप्रणाली और विभिन्न घटकों के अगोपनीय दस्तावेज़ साझा नहीं किए गए हैं।

vii. घरेलू उद्योग ने विभिन्न उत्पाद श्रेणियों की आपूर्ति के बीजकों को गोपनीय बताया है और उनका अगोपनीय सार नहीं दिया है।

viii. प्रयोक्ता उद्योग के निष्पादन के आँकड़ों के आधार या स्रोत को गोपनीय होने का दावा किया गया है।

ड.2. घरेलू उद्योग के विचार

48. गोपनीयता के संबंध में घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं।

i. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, घरेलू उद्योग ने किसी भी प्रकार की अत्यधिक गोपनीयता का दावा नहीं किया है। यहाँ तक कि व्यापार सूचना 10/2018 में भी उत्पादन, क्षमता, क्षमता उपयोग, बिक्री और माँग के वास्तविक आँकड़ों के प्रकटन का प्रावधान नहीं है। सूचना को प्रवृत्ति के रूप में साझा किया गया है।

ii. जबकि अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने पीसीएन-वार पाटन मार्जिन, क्षति मार्जिन और कीमत कटौती का खुलासा करने का अनुरोध किया है, आवेदक को इसे दायर करने की भी आवश्यकता नहीं है। आवेदक को केवल पीसीएन-वार अपने आंकड़े दायर करना आवश्यक है।

iii. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, अन्य घरेलू उत्पादकों के उत्पादन और बिक्री से संबंधित सूचना गोपनीय व्यापारिक स्वामित्व वाली सूचना है।

iv. हितबद्ध पक्षकारों ने ऐसी सूचना के प्रकटन का अनुरोध किया है जिसकी घरेलू उद्योग द्वारा दिए जाने की अपेक्षा नहीं है अथवा नहीं दी गई है।

v. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने स्वयं अपनी बिक्री कीमत प्रकट नहीं की हैं। ऐसी सूचना व्यापारिक स्वामित्व वाली प्रकृति की है और इसका प्रकटन नहीं किया जा सकता है।

vi. चूँकि सामान्य मूल्य घरेलू उद्योग की उत्पादन लागत पर आधारित है, इसलिए यह गोपनीय सूचना है।

vii. घरेलू उद्योग के सामने आई संयंत्र बंदी होने का विवरण व्यापारिक स्वामित्व की सूचना है, जिसके प्रकटन से उद्योग के प्रतिस्पर्धी हितों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

viii. आवेदक देश में आयात के संबंध में तीसरे पक्षकार की सूचना का खुलासा करने के लिए अधिकृत नहीं है। किसी भी स्थिति में, प्रत्येक देश से आयात की मात्रा और मूल्य का प्रकटन किया गया है।

ix. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, घरेलू उद्योग ने वर्तमान जाँच में कोई अनुमानित वृद्धि प्रस्तुत नहीं की है या वास्तविक मंदी का दावा नहीं किया है।

x. घरेलू उद्योग ने पहले ही प्रमुख कच्चे माल के नाम साझा कर दिए हैं। तथापि, कुछ सामग्रियाँ आवेदक के स्वामित्व वाले नुस्खे का हिस्सा हैं और इसलिए, उन्हें साझा नहीं किया जा सकता है।

xi. निर्यात कीमत में समायोजन का साक्ष्य साझा नहीं किया जा सकता क्योंकि किए गए लदान के लिए आवेदक किए गए वास्तविक समुद्री भाड़े के आधारित पर हैं।

xii. घरेलू उद्योग के लिए क्षतिरहित कीमत के निर्धारण के लिए पद्धति प्रदान करने की कोई आवश्यकता नहीं है।

xiii. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने सार्वजनिक रूप से उपलब्ध सूचना, जैसे बेचे गए उत्पादों की सूची को गोपनीय बताया है और व्यापार सूचना 10/2018 की आवश्यकताओं का उल्लंघन किया है।

xiv. अंतिम जांच परिणामों में सामान्यतः प्रकट की जाने वाली सूचना, जैसे वितरण चैनल और उन उत्पादकों का नाम जिनसे संबद्ध सामान खरीदा गया है, को गोपनीय होने का दावा किया गया है।

xv. कई हितबद्ध पक्षकारों ने ग्राहकों को बीजक के बाद छूट दी है, लेकिन छूट के प्रकार को गोपनीय बताया है।

xvi. निष्पक्ष तुलना के लिए दावा किए गए समायोजनों से संबंधित सूचना गोपनीय रखी गई है।

ड.3. प्राधिकारी द्वारा जांच

49. सभी हितबद्ध पक्षकारों द्वारा गोपनीय आधार पर दी गई सूचना की गोपनीयता के दावों की पर्याप्तता के संबंध में जांच की गई। संतुष्ट होने पर, प्राधिकारी ने गोपनीयता के दावों को, जहाँ कहीं भी आवश्यक हुआ, स्वीकार किया है और ऐसी सूचना को गोपनीय माना गया है तथा अन्य हितबद्ध पक्षकारों को इसका प्रकटन नहीं किया गया है। जहाँ तक संभव हुआ, गोपनीय आधार पर सूचना देने वाले पक्षकारों को गोपनीय आधार पर दायर की गई सूचना का पर्याप्त अगोपनीय रूपांतर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया था। गोपनीयता के संबंध में पक्षकारों के तर्कों की भी नीचे जांच की गई है।

50. प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग ने विभिन्न क्षति मापदंडों, सूचना, साक्ष्य और दस्तावेजों जैसी सूचनाओं पर गोपनीयता का दावा किया है जो विभिन्न क्षति मापदंडों के निर्धारण से संबंधित या संगत हैं, अन्य घरेलू उत्पादकों के उत्पादन और बिक्री की मात्रा पर भी इस आधार पर गोपनीयता का दावा किया है कि ये व्यापार संबंधी संवेदनशील सूचनाएं हैं, इनका प्रकटन किसी प्रतिस्पर्धी के लिए महत्वपूर्ण प्रतिस्पर्धात्मक लाभ होगा और इनका प्रकटन घरेलू उद्योग के वास्तविक व्यावसायिक

हितों के लिए हानिकारक होगा। इसके अतिरिक्त, घरेलू उद्योग ने विदेशी उत्पादकों, आयातकों या उपभोक्ताओं से संबंधित कुछ सूचनाओं की गोपनीयता का दावा इस आधार पर किया है कि उक्त सूचना सार्वजनिक पटल पर उपलब्ध नहीं है और घरेलू उद्योग ने इसे गोपनीय या निजी स्रोतों से प्राप्त किया है, और ऐसी सूचना का प्रकटन घरेलू उद्योग के वैध व्यावसायिक हितों को नुकसान पहुँचाएगा। प्राधिकारी, संतुष्ट होने पर और नियमावली एवं स्थापित परिपाटी को ध्यान में रखते हुए, ऐसी सूचना, दस्तावेजों और साक्ष्यों की गोपनीयता की अनुमति देते हैं।

51. इस अनुरोध के संबंध में कि आवेदक उत्पादन, क्षमता, क्षमता उपयोग, बिक्री और माँग के वास्तविक आँकड़े प्रकट करने में विफल रहा है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि ऐसी सूचना व्यावसायिक स्वामित्व वाली सूचना है जो गोपनीय प्रकृति की है। इसके अतिरिक्त, ऐसी सूचना का प्रकटन एक प्रवृत्ति के रूप में किया गया है। इस प्रकार, अन्य हितबद्ध पक्षकार ऐसे मापदंडों में उतार-चढ़ाव पर टिप्पणी करने के लिए स्वतंत्र हैं।

52. इस अनुरोध के संबंध में कि आवेदक ने क्षतिरहित कीमत के निर्धारण की कार्यप्रणाली, लघु उद्योगों और अन्य के बीच बिक्री का विभाजन, बिक्री-निर्यात लागत के संबंध में सूचना नहीं दी है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि आवेदक द्वारा अगोपनीय रूपांतर में ऐसी सूचना देना आवश्यक नहीं है। ये ऐसी सूचना की प्रकृति की हैं जो प्राधिकारी के लिए निर्धारण के प्रयोजनार्थ संगत तथ्यों और मानदंडों का निर्धारण करने हेतु आवश्यक हैं।

53. पीसीएन-वार पाटन मार्जिन, क्षति मार्जिन और कीमत कटौती के प्रकटन के संबंध में, प्राधिकारी नोट करते हैं कि सभी हितबद्ध पक्षकारों ने वर्तमान जाँच में पीसीएन-वार आँकड़े दिए हैं। प्राधिकारी ने पीसीएन-वार क्षति मार्जिन, पाटन मार्जिन और कीमत कटौती का परिकलन किया है और रेंज के रूप में इनका भारित औसत प्रकटन विवरण के साथ-साथ अंतिम जांच परिणामों में प्रकट किया गया है।

54. प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग के लिए लागत संबंधी सूचना स्वभाव से गोपनीय सूचना है और इसमें व्यवसाय के प्रति संवेदनशील सूचना शामिल है। ऐसी सूचना के प्रकटन से बाजार में आवेदक के हितों को नुकसान होगा। तदनुसार, घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत ऐसी सूचना की गोपनीयता के दावे को प्राधिकारी द्वारा स्वीकार

कर लिया गया है। प्राधिकारी ने विदेशी उत्पादकों के इसी प्रकार के दावे को भी स्वीकार किया है।

55. लेन-देन-वार आयात आंकड़ों का खुलासा न किए जाने के अनुरोधों के संबंध में, प्राधिकारी नोट करते हैं कि आवेदक ने अनुरोध किया है कि उसने सभी देशों से आयातों की कुल मात्रा और मूल्य की गणना करने के लिए बाजार आसूचना पर भरोसा किया है और उसे अन्य हितबद्ध पक्षकारों को उपलब्ध करा दिया गया है। प्राधिकारी ने आयातों की कुल मात्रा और मूल्य की गणना के लिए डीजी सिस्टम के आंकड़ों पर विश्वास किया है। चूँकि प्राधिकारी द्वारा प्राप्त लेन-देन-वार आंकड़े सार्वजनिक पटल पर नहीं हैं और भारत सरकार द्वारा उन्हें आम जनता के साथ साझा नहीं किया जाता है, इसलिए उन्हें घरेलू उद्योग सहित किसी भी हितबद्ध पक्षकार को प्रकट नहीं किया गया है। तथापि, संबद्ध देशों के साथ-साथ अन्य देशों से कुल आयातों का विवरण 10 जुलाई 2025 को जारी प्रकटन विवरण और वर्तमान अंतिम जांच परिणामों में प्रकट किया गया था।

56. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने अनुरोध किया है कि घरेलू उद्योग ने निवल निर्यात कीमत के निर्धारण के लिए किए गए मूल्य समायोजनों को प्रकट नहीं किया है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि ये समायोजन आवेदक द्वारा वहन की गई वास्तविक भाड़ा लागत पर आधारित हैं। चूँकि साक्ष्य में लेन-देन का विवरण शामिल है, इसलिए इसे अन्य हितबद्ध पक्षकारों के साथ साझा नहीं किया गया है।

57. इस अनुरोध के संबंध में कि घरेलू उद्योग ने बीजकों का अगोपनीय रूपांतर साझा नहीं किया है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि उत्पादक के बीजक गोपनीय व्यावसायिक रूप से संवेदनशील सूचना हैं, और प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग और अन्य हितबद्ध पक्षकारों, दोनों के गोपनीयता के दावे को स्वीकार कर लिया है।

58. ट्रेड एशिया द्वारा किए गए अनुरोधों के संबंध में कि घरेलू उद्योग ने अनुमानित वृद्धि और वास्तविक मंदी सिद्ध करने के लिए साक्ष्य उपलब्ध नहीं कराए हैं, प्राधिकारी नोट करते हैं कि वर्तमान जाँच घरेलू उद्योग के लिए वास्तविक मंदी से संबंधित नहीं है और आवेदक ने ऐसा कोई दावा नहीं किया है। चूंकि इस संबंध में कोई दावा नहीं किया गया है, इसलिए ऐसा कोई साक्ष्य उपलब्ध नहीं कराया गया है जिसके लिए अगोपनीय रूपांतर उपलब्ध कराने की आवश्यकता हो।

च. <u>विविध अनुरोध</u>

च.1 अन्य हितबद्ध पक्षकारों के विचार

59. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निम्नलिखित विविध अनुरोध किए गए हैं।

i. अनंतिम शुल्कों की आवश्यकता नहीं है क्योंकि आवेदक ने तीव्र आयात या वित्तीय संकट के कारण क्षति की रोकथाम की तत्काल आवश्यकता प्रदर्शित नहीं की है।

ii. याचिका में सटीक और पर्याप्त साक्ष्य नहीं हैं जो जाँच की शुरुआत का औचित्य बताएं क्योंकि आवेदक ने स्रोत बताए बिना गौण आँकड़े दिए हैं, स्व-आयात साझा नहीं किए हैं, क्षति स्वयं द्वारा पहुँचाई गई है और विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र में शामिल उत्पाद न तो भारत में आयात किया जाता है और न ही घरेलू उद्योग द्वारा व्यापारिक बाजार में आपूर्ति की जाती है। प्राधिकारी साक्ष्य की पर्याप्तता और सटीकता के बारे में स्वयं संतुष्ट नहीं हो पाए।

iii. घरेलू उद्योग ने एच-ग्लास सहित आँकड़े दिए हैं। चूंकि उत्पाद को बाहर रखा जाना आवश्यक है, इसलिए एच-ग्लास को बाहर रखने के बाद संशोधित याचिका दायर की जानी चाहिए।

iv. घरेलू उद्योग ने सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत के संबंध में कोई साक्ष्य नहीं दिया है और इस प्रकार, पर्याप्त और सटीक सूचना का अभाव है जो जाँच शुरू करने का औचित्य बनाती है।

v. यह जांच की शुरुआत कार्रवाई कानून की दृष्टि से गलत है क्योंकि यह बढ़े हुए पाटन मार्जिन और सामान्य मूल्य के गलत निर्धारण पर आधारित है। प्राधिकारी ने जांच की शुरुआत से पूर्व आवेदक के दावों का सत्यापन नहीं किया।

vi. याचिका में दिए गए आंकड़ों पर भरोसा नहीं किया जा सकता क्योंकि वे जांच की अवधि को छोड़कर किसी अन्य अवधि के हैं।

vii. जांच शुरू करने के लिए घरेलू उद्योग द्वारा उपलब्ध कराए गए साक्ष्य अपर्याप्त हैं क्योंकि आवेदन-पत्र में मानी गई जांच की अवधि और जांच की शुरुआत अलग-अलग हैं।

viii. घरेलू उद्योग व्यापार उपचारात्मक उपायों का दुरुपयोग कर रहा है क्योंकि चीन से आयातित संबद्ध सामानों पर 10 वर्षों की अवधि के लिए पाटनरोधी शुल्क लगाया गया है।

ix. घरेलू उद्योग केवल अपने व्यवसाय को बेचने के लिए अपने मूल्यांकन को बढ़ाने हेतु व्यापार उपचारात्मक उपायों का उपयोग कर रहा है। इसलिए, वर्तमान जांच को समाप्त कर दिया जाना चाहिए और नए उद्योग द्वारा कार्यभार संभालने पर नई जांच की जा जाए।

x. घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत आंकड़े अविश्वसनीय हैं क्योंकि वे गौण स्रोतों पर आधारित हैं, इसलिए प्राधिकारी को डीजीसीआईएंडएस के आंकड़े मंगाने चाहिए।

xi. प्राधिकारी ने जांच शुरू करने से पहले दी की गई सूचना की सटीकता और पर्याप्तता की जांच करने के लिए आवेदक द्वारा दी किए गए आयात आंकड़ों के सत्यापन का सहारा नहीं लिया है।

xii. भारत में मांग-आपूर्ति के अंतराल के कारण पाटनरोधी शुल्क का निश्चित रूप नहीं लगाया जाना चाहिए। प्राधिकारी क्षति के मार्जिन के आधार पर एक निश्चित कोटा या शुल्क लगा सकते हैं।

xiii. स्वामित्व में परिवर्तन से, आवेदक की लागत संरचना में परिवर्तन होने की संभावना है क्योंकि यह अमेरिकी प्रबंधन से भारतीय प्रबंधन के अधीन आ जाएगा। संशोधित संरचनाओं से निर्मित सामान्य मूल्य और क्षतिरहित कीमत में परिवर्तन होगा। इस प्रकार, वर्तमान जांच को समाप्त कर दिया जाना चाहिए और नया उत्पादक अधिग्रहण के बाद एक नया आवेदन-पत्र दायर करे।

xiv. वर्तमान जांच के तहत पाटनरोधी शुल्क की मांग करना अस्वीकार्य है क्योंकि पिछली जांच में प्राधिकारी द्वारा सिफारिश किए गए पाटनरोधी शुल्क, सीईएसटीएटी द्वारा जारी आदेश के अनुसार अनंतिम बांड के तहत सीमा शुल्क द्वारा एकत्र किया जा रहा है। यद्यपि घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया है कि

उसने मुकदमा वापस ले लिया है, फिर भी प्राधिकारी घरेलू उद्योग को लिखित में वचन देने का निर्देश दें कि वह किसी भी पूर्व जांच के संबंध में सभी दावों को छोड़ देगा।

च.2. घरेलू उद्योग के विचार

60. घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित विविध अनुरोध किए गए हैं।

i. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोधों के विपरीत, एच-ग्लास को विचाराधीन उत्पाद के दायरे से बाहर नहीं रखा गया है।

ii. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, जांच शुरू करने के लिए प्रत्येक उत्पाद टाइप को भारत में आयात करने की कोई आवश्यकता नहीं है। उत्पाद के समग्र आयात की जांच शुरू की गई है, जिसमें विभिन्न टाइप के उत्पाद शामिल हो सकते हैं।

iii. प्राधिकारी ने पाटन, क्षति और कारणात्मक संबंध के संबंध में प्रदान किए गए साक्ष्यों से पहले ही *प्रथम दृष्टया* संतुष्टि व्यक्त कर दी है।

iv. आवेदक ने वर्तमान जांच शुरू होने के बाद अद्यतन आंकड़े दाखिल किए हैं।

v. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, संबद्ध देशों में उत्पादकों की अनुचित व्यापार प्रथाओं के चलते उत्पाद पर पाटनरोधी शुल्क लगाया गया था।

vi. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, आवेदक द्वारा किए गए कारोबार की बिक्री विचाराधीन उत्पाद के उत्पादन के लिए प्रचालन की अव्यवहार्यता को दर्शाती है। इसके अलावा, आवेदक द्वारा हस्ताक्षर किया गया बिक्री का करार वैश्विक कारोबार करने के लिए है, न कि केवल भारतीय कारोबार के लिए है।

vii. आवेदक के पास डीजीसीआईएंडएस के आंकड़ों तक पहुंच नहीं थी। अत: उसने भारत में आयातों की मात्रा और मूल्य का आकलन करने के लिए अतिरिक्त स्रोत से प्राप्त आंकड़ों पर भरोसा किया है। प्राधिकारी आवेदक द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों को डीजीसीआईएंडएस या डीजी सिस्टम्स के आंकड़ों से संपुष्ट कर सकते हैं।

viii. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, वर्तमान पाटनरोधी जांच के अंतर्गत कोटा लगाना संभव नहीं है। वर्तमान जांच में निश्चित स्वरुप (फिक्स्ड फॉर्म) का पाटनरोधी शुल्क लगाया जाना चाहिए क्योंकि संबद्ध वस्तुओं में अनेक ग्रेड शामिल होते हैं जिससे एड वैलोरम स्वरुप का शुल्क और बेंचमार्क स्वरूप का शुल्क अव्यवहार्य हो जाएगा।

ix. अनंतिम बांडों के संबंध में अनुरोध निर्यातकों द्वारा किया गया है, न कि आयातकों द्वारा किया गया है। जो भी हो, घरेलू उद्योग ने पहले की जांचों के संबंध में मुकदमों को वापस ले लिया है।

च.3. प्राधिकारी द्वारा जांच

61. जहां तक इस तर्क का संबंध है कि एच-ग्लास को बाहर रखकर एक अद्यतन याचिका प्रस्तुत की जानी चाहिए, प्राधिकारी ने यहां ऊपर दिए गए संगत खंड में यह निष्कर्ष दिया है कि एच-ग्लास को बाहर रखने की आवश्यकता नहीं है। चूंकि एच-ग्लास विचाराधीन उत्पाद के दायरे का ही भाग है, अत: किसी भी अद्यतन याचिका या डेटा की कोई आवश्यकता नहीं है।

62. इस तर्क के संबंध में कि याचिका जांच की अवधि से भिन्न अवधि के लिए है, प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि आवेदक ने दिनांक 1 अप्रैल 2023 - 31 दिसंबर 2023 तक की अवधि को जांच की अवधि मानते हुए याचिका दायर की थी। जांच-पूर्व सत्यापन और जांच के बाद, प्राधिकारी ने यह माना है कि वर्तमान जांच के प्रयोजन के लिए जांच की उपयुक्त अवधि 1 अप्रैल 2023 - 31 मार्च 2024 तक की होनी चाहिए। तदनुसार, प्राधिकारी ने जांच शुरू करते समय वर्तमान जांच के लिए जांच की अवधि दिनाक 1 अप्रैल 2023 - 31 मार्च 2024 तक की अवधि निर्धारित की है। जांच शुरू किए जाने के बाद, आवेदक ने अद्यतन आंकड़े दाखिल किए हैं। चूंकि, ऐसे आंकड़ों का अगोपनीय पाठ सभी हितबद्ध पक्षकारों को परिचालित कर दिया गया है, अत: ऐसे आंकड़े सभी के लिए सुलभ हैं। प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि नियम 5 के अंतर्गत घरेलू उद्योग द्वारा दायर आवेदन, नियम 5 के अंतर्गत जांच शुरू किए जाने के निर्णय का आधार बनता है। प्राधिकारी द्वारा नियम 5 के अंतर्गत जांच शुरू कर दिए जाने के बाद, प्राधिकारी नियम 6 के अंतर्गत जांच कर रहे हैं। प्राधिकारी ने नियम 5 के अंतर्गत प्राप्त आवेदन की एक प्रति हितबद्ध पक्षकारों को उपलब्ध करा दी है। साथ ही, घरेलू

उद्योग ने नियम 6 की अपेक्षाओं की अनुपालना करते हुए विभिन्न हितबद्ध पक्षकारों को अपनी सूचना उपलब्ध करा दी है। हितबद्ध पक्षकारों को वर्तमान जांच के प्रयोजन के लिए प्राधिकारी द्वारा चुनी गई जांच की अवधि के लिए सूचना पर टिप्पणी करने के लिए पर्याप्त अवसर मिला है।

63. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने यह अनुरोध किया है कि आवेदक व्यापार उपचार उपायों का दुरुपयोग कर रहा है क्योंकि संबद्ध वस्तुओं पर 10 वर्षों की अवधि के लिए शुल्क लगाया गया है। प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि विगत में चीन जन. गण. से विचाराधीन उत्पाद के आयातों पर पाटनरोधी शुल्क लगाया गया था। प्राधिकारी ने मूल जांच परिणामों में पाया था कि विचाराधीन उत्पाद को संबद्ध देश से भारत में पाटित किया जा रहा है और इस प्रकार का पाटन होने से घरेलू उद्योग को वास्तविक क्षति हुई है। तदनुसार, प्राधिकारी ने पाटनरोधी शुल्क लगाए जाने की सिफारिश की थी। निर्णायक समीक्षा में, प्राधिकारी ने यह पाया है कि संबद्ध देश से पाटन जारी है और पाटनरोधी शुल्क जारी रखे जाने की सिफारिश की है। इस प्रकार, प्राधिकारी ने मामले के तथ्यों को ध्यान में रखते हुए और अधिनियम एवं नियमों के प्रावधानों के अनुसार पाटनरोधी शुल्क लगाए जाने की सिफारिश की है।

64. इस अनुरोध के संबंध में कि वर्तमान जांच को समाप्त कर दिया जाना चाहिए क्योंकि आवेदक केवल अपने मूल्यांकन को बढ़ाने के लिए व्यापार उपचार उपायों का उपयोग कर रहा है, प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि वर्तमान जांच का दायरा यह है कि क्या उत्पाद का निर्यात पाटित कीमतों पर किया गया है और क्या इससे घरेलू उद्योग को वास्तविक क्षति हुई है। यदि जांच से यह साबित हो जाता है, तो प्राधिकारी को पाटनरोधी शुल्क की सिफारिश करनी अपेक्षित है। हितबद्ध पक्षकार द्वारा लगाए गए आरोप इस जांच के लिए अप्रासंगिक हैं।

65. इस अनुरोध के संबंध में कि जांच शुरू किए जाने का औचित्य सिद्ध करने के लिए कोई साक्ष्य उपलब्ध नहीं है, प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि आवेदक ने पाटन, क्षति और कारणात्मक संबंध के पर्याप्त प्रथम दृष्टया साक्ष्य प्रस्तुत किए थे। प्राधिकारी ने प्रस्तुत किए साक्ष्य की प्रथम दृष्टया जांच किए जाने और प्रस्तुत किए गए साक्ष्य की सटीकता और पर्याप्तता के संबंध में अपने आप को पूरी तरह संतुष्ट करने के बाद ही

वर्तमान जांच शुरू की। अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा ऐसी कोई सूचना प्रदान नहीं की गई है जिससे कि प्राधिकारी इस निष्कर्ष तक पहुंचें कि उनके द्वारा प्रस्तुत प्रथम दृष्टया राय गलत थी।

66. जहां तक इस अनुरोध का संबंध है कि आवेदक का संबद्ध देश में विचाराधीन उत्पाद के उत्पादकों के साथ संबंध होने और भारत में आयात न किए गए उत्पाद को शामिल किए जाने के कारण इस जांच की शुरुआत कानून की दृष्टि से गलत है, प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि आवेदक पाटित वस्तु के निर्यातक से संबंधित नहीं है क्योंकि आवेदक की संगत संस्था ने जांच की अवधि के दौरान भारत को निर्यात नहीं किया है। साथ ही, प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि समग्र रूप से ग्लास फाइबर के आयातों की जांच शुरू की गई है। इस उत्पाद को सभी संबद्ध देशों से आयात किया जा रहा है। ऐसे उत्पाद टाइप हो सकते हैं जिनका आयात अलग-अलग संबद्ध देशों से नहीं किया गया हो; तथापि, इससे प्राधिकारी के लिए समग्र रूप से विचाराधीन उत्पाद के आयातों की पाटनरोधी जांच शुरू करने पर कोई रोक नहीं लगती है। चाहे जो भी हो, प्राधिकारी ने निष्पक्ष तुलना करने के प्रयोजन से वर्तमान जांच में पी सी एन पर विचार किया है। इस प्रकार, अलग-अलग देशों से कतिपय उत्पाद टाइप का आयात होने से उक्त देशों में उत्पादकों के मार्जिन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

67. पाटनरोधी शुल्क के स्वरूप के संबंध में, प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि विचाराधीन उत्पाद में अनेक ग्रेड शामिल हैं, अत: वर्तमान मामले के लिए शुल्कों का बैंचमार्क स्वरूप उपयुक्त नहीं है। वर्तमान मामले के तथ्यों के संबंध में, प्राधिकारी ने शुल्कों के निश्चित स्वरूप की सिफारिश की है।

68. इस अनुरोध के संबंध में कि घरेलू उद्योग ने डी जी सी आई एंड एस के आंकड़ों पर भरोसा नहीं किया है, प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि किसी भी हितबद्ध पक्षकार के पास लेनदेन-वार डीजी सिस्टम्स या डी जी सी आई एंड एस डेटा तक पहुंच नहीं होती है। तथापि, वर्तमान जांच के प्रयोजन के लिए, प्राधिकारी ने जांच शुरू करने के उद्देश्य से भी डीजी सिस्टम्स के आंकड़ों पर भरोसा किया है। अतः, घरेलू उद्योग द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों पर भरोसा किए जाने से किसी भी हितबद्ध पक्षकार के हित पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ा है।

69. इस अनुरोध के संबंध में कि प्राधिकारी ने जांच शुरू करते समय आवेदक द्वारा उपलब्ध कराए गए आयात संबंधी आंकड़ों के पर्याप्त होने और सटीकता होने की जांच नहीं की है, प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि जहां घरेलू उद्योग ने आवेदन दाखिल करते समय बाजार आसूचना आंकड़ों पर भरोसा किया है, वहीं प्राधिकारी ने जांच शुरू करने के प्रयोजन के लिए डीजी सिस्टम्स के आंकड़ों पर भरोसा किया है।

70. जहां तक इस तर्क का संबंध है कि स्वामित्व में परिवर्तन होने से लागत संरचना में परिवर्तन होगा और वर्तमान जांच को समाप्त कर दिया जाना चाहिए, प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि पाटनरोधी जांच में क्षति विश्लेषण, जांच की अवधि के लिए किया जाता है। इस प्रकार, स्वामित्व में परिवर्तन होने से प्राधिकारी द्वारा की गई क्षति जांच में कोई परिवर्तन नहीं होता है।

71. जहां तक इस तर्क का संबंध है कि पाटनरोधी शुल्क की मांग स्वीकार नहीं की जा सकती है क्योंकि सीमा शुल्क विभाग द्वारा सेस्टेट के आदेश के अनुसरण में अनंतिम बांड एकत्र किए जा रहे हैं, प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि रिकार्ड पर उपलब्ध साक्ष्यों के अनुसार, घरेलू उद्योग ने विगत पाटनरोधी जांच में सिफारिश किए गए पाटनरोधी शुल्क के संबंध में मुकदमा वापस ले लिया है।

छ. <u>सामान्य</u> मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन

छ.1. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के विचार

72. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन के निर्धारण के संदर्भ में निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

i. घरेलू उद्योग ने सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत के संबंध में कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया है और इस प्रकार, पर्याप्त व सटीक सूचना की कमी है जो जांच शुरू किए जाने के औचित्य को सिद्ध करती है।

ii. आवेदक ने बहरीन में उत्पादक के लिए विशिष्ट बाज़ार स्थिति का दावा किया है और अपनी उत्पादन लागत के आधार पर सामान्य मूल्य का निर्माण किया है। तथापि, यह कार्यविधि गलत है। आवेदक द्वारा सुझाई गई कार्यविधि को तभी अपनाया जा सकता है जब विशिष्ट बाज़ार स्थिति केवल घरेलू कीमतों को प्रभावित करती हो, न कि निर्यात कीमतों को प्रभावित करती हो।

iii. घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोधों के विपरीत, बहरीन में कोई विशिष्ट बाज़ार स्थिति मौजूद नहीं है, जो इस तथ्य से स्पष्ट हो जाती है कि ग्लास फाइबर के घरेलू उत्पादकों ने बहरीन के विरुद्ध सब्सिडीरोधी जांच की मांग करते हुए एक आवेदन दायर किया था। तथापि, यह जांच बहरीन सरकार के साथ परामर्श के उपरांत और बहरीन सरकार द्वारा प्रदान की गई सब्सिडी के साक्ष्य के अभाव में शुरू नहीं की जा सकी।

iv. यह जांच कानूनी दृष्टि से गलत है क्योंकि यह अनुचित रुप से बढ़ाए गए पाटन मार्जिन और सामान्य मूल्य का गलत निर्धारण किए जाने पर आधारित है। प्राधिकारी ने जांच शुरू किए जाने से पूर्व आवेदक के दावों का सत्यापन नहीं किया था।

v. नमूनाकरण चयन उचित नहीं है क्योंकि दोनों ही ग्रुप की मूल कंपनी, चाइना नेशनल बिल्डिंग मटेरियल ग्रुप कंपनी लिमिटेड, एक ही है।

vi. सी पी आई सी चीन के लिए एक व्यक्तिगत मार्जिन निर्धारित किया जाना चाहिए क्योंकि इसने पूरी सूचना दाखिल की है। सी पी आई सी मूल्य की वचनबद्धता देने के लिए तैयार है और इसके लिए व्यक्तिगत मार्जिन आवश्यक हैं। यदि मूल्य की वचनबद्धता भारित औसत मार्जिन के आधार पर है, तो यह निर्यातक के पाटन मार्जिन से अधिक हो सकता है जो पाटनरोधी करार के प्रावधान का उल्लंघन होगा।

vii. वांडा ने क्षति अवधि में प्रत्यक्ष ग्लास रोविंग की अल्प ट्रेडिंग के अलावा ग्लास चॉप्ड स्ट्रैंड मैट (सी एस एम) का उत्पादन और निर्यात किया है। वांडा ने प्राथमिक रूप से चीन जन. गण. और मिस्र से कच्ची सामग्री प्राप्त की है, साथ ही कुछ मात्रा घरेलू बाजार से भी प्राप्त की है। मूल्यवर्धन 25-35% है और वांडा को व्यक्तिगत मार्जिन प्रदान किया जाना चाहिए। चूंकि कंपनी द्वारा कोई पाटन नहीं किया गया है, अत: वांडा के विरुद्ध जांच को समाप्त कर दिया जाना चाहिए।

viii. जुशी ग्रुप और ताइशान ग्रुप को एक सिंगल संगत संस्था नहीं माना जाना चाहिए क्योंकि दोनों ही ग्रुप स्वतंत्र रूप से काम करते हैं, उनकी बिक्री, वितरण या प्रबंधन में कोई समन्वय नहीं है और चीन के स्टॉक एक्सचेंज में अलग-अलग सूचीबद्ध हैं। इसके अलावा, पिछली जांचों में दोनों समूहों को अलग-अलग संस्थाओं के रूप में माना गया है।

ix. चीन जन. गण. को गैर-बाज़ार अर्थव्यवस्था नहीं माना जाना चाहिए क्योंकि एक्सेसन प्रोटोकॉल का अनुच्छेद 15 दिनांक 11 दिसंबर, 2016 से समाप्त हो गया है। इस प्रकार, सामान्य मूल्य के निर्धारण के लिए 'सरोगेट देश' निर्धारित करने की प्रथा का उपयोग नहीं किया जाना चाहिए। ईसी-फास्टनर्स (चीन) में हाल ही में अपील निकाय की रिपोर्ट का संदर्भ दिया जा सकता है।

x. भारत विश्व व्यापार संगठन के सदस्य के रूप में "पैक्टा संट सर्वांडा" के सिद्धांत से बंधा है और उसे दिनांक 11 दिसंबर 2016 से चीन की पूर्ण बाज़ार अर्थव्यवस्था की स्थिति को मान्य करना चाहिए। यह प्रदर्शन में विफलता के लिए एक औचित्य के रूप में घरेलू कानून का संदर्भ नहीं दे सकता है।

xi. एशिया कम्पोजिट मैटेरियल्स (थाईलैंड) कंपनी लिमिटेड के लिए सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत, दाखिल किए गए उत्तर के आधार पर निर्धारित किया जाना चाहिए, क्योंकि पूरी सूचना प्रदान कर दी गई है।

xii. घरेलू उद्योग के अनुरोधों के विपरीत, ए सी एम संबद्ध वस्तुओं का निर्माता है और चीन जन. गण. से अंतरराष्ट्रीय और आर्म्स लेंथ कीमतों पर केवल कच्ची सामग्री का आयात करता है। ऐसे उत्पाद थाईलैंड के मूल के होते हैं, चीन जन. गण. के नहीं। आवेदक द्वारा प्रवंचना रोधी जांच का संदर्भ दिया जाना उचित

नहीं है, क्योंकि ए सी एम ने ऐसी जांच के बाद क्षमताओं में काफी विस्तार किया है।

xiii. घरेलू उद्योग के अनुरोधों के विपरीत, वांडा ने विचाराधीन उत्पाद के निर्माण के लिए विचाराधीन उत्पाद के दायरे में शामिल किसी भी उत्पाद का आयात नहीं किया है। वांडा के लिए मूल्यवर्धन 40-50% के समान है और इस प्रकार, वांडा द्वारा निर्यात की जाने वाली संबद्ध वस्तुएं थाईलैंड के मूल की होती हैं। इसके अलावा, चीन और थाईलैंड से आयातों के बीच कोई परस्पर संबंध नहीं है, क्योंकि थाईलैंड से आयातो की कीमत चीन से आयातों की कीमत से काफी अधिक है।

xiv. सिचुआन सिन्सियर और वीबो पहले एक-दूसरे से संबद्ध थे, लेकिन विगत तीन वर्षों से अब दोनों के बीच कोई संबंध नहीं है। चूंकि दोनों पक्षकारों के बीच कोई संबंध नहीं है, अत: वीबो की भागीदारी न होने से वर्तमान जांच में सिचुआन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ना चाहिए।

छ.2. घरेलू उद्योग के विचार

73. घरेलू उद्योग ने सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन के निर्धारण के संदर्भ में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

i. हितबद्ध पक्षकारों के तर्कों के विपरीत, प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग द्वारा प्रदान की गई सूचना से प्रथम दृष्टया संतुष्ट होने के बाद ही जांच शुरू की थी।

ii. चीन जन. गण. को एक गैर-बाज़ार अर्थव्यवस्था माना जाना चाहिए। दिनांक 11 दिसंबर 2016 को, केवल अनुच्छेद 15(क)(ii) के प्रावधान समाप्त हुए थे और अनुच्छेद 15(क)(i) के प्रावधान प्रवृत्त बने हुए हैं, जिसके अनुसार चीन. जन. गण. को एक गैर-बाज़ार अर्थव्यवस्था के रुप में माना जाना है।

iii. अपील निकाय ने इस मामले की जांच नहीं की है कि अनुच्छेद 15(क)(i) के आधार पर चीन जन. गण. को एक गैर-बाज़ार अर्थव्यवस्था माना जाना चाहिए अथवा नहीं।

iv. निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा हाल की सभी जांचों में चीन जन. गण. को एक गैर-बाज़ार अर्थव्यवस्था के रुप में माना जाता रहा है।

v. डब्ल्यू टी ओ के अन्य सदस्य, जैसे संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोपीय संघ, भी चीन जन. गण. को एक गैर-बाज़ार अर्थव्यवस्था मानते रहे हैं।

vi. चूंकि जुशी ग्रुप और ताइशान ग्रुप के पास भारत को होने वाले निर्यातों का 97% से अधिक भाग शामिल हैं, अत: चीन जन. गण. के किसी अन्य उत्पादक पर व्यक्तिगत जांच के लिए विचार नहीं किया जाना चाहिए।

vii. सी पी आई सी चीन के लिए व्यक्तिगत मार्जिन को अनुमत नहीं किया जाना चाहिए, क्योंकि इसने एक विशिष्ट उत्पाद की आपूर्ति की है, जिससे इसके मार्जिन अप्रमाणिक हो जाते हैं।

viii. सी पी आई सी बहरीन की घरेलू बिक्री कीमत व्यापार के सामान्य क्रम में नहीं मानी जा सकती, क्योंकि एक विशेष बाजार स्थिति मौजूद है, (क) जो कीमतों की तुलना को रोकती है और (ख) जिसने उत्पादन लागत का रुप बदल दिया है।

ix. सी पी आई सी बहरीन को निवेश पार्क में स्थित होने और चीन की एक सरकारी स्वामित्व की संस्था द्वारा निवेश किए जाने के कारण चीन की सरकार और बहरीन की सरकार से महत्वपूर्ण सब्सिडी प्राप्त होती है।

x. सी पी आई सी बहरीन को सब्सिडी की भूमि और यूटिलिटी, आयात शुल्क पर रियायतें, आयकर से छूट और अनुदान प्राप्त हुए हैं।

xi. "बेल्ट एंड रोड" पहल के तहत चीन - गल्फ आर्थिक संबंध के लिए हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन के तहत चीन सरकार से भी सहायता प्राप्त है।

xii. पाटनरोधी करार के अनुच्छेद 2.2.1.1 के तहत उत्पादक के रिकॉर्ड के अलावा किसी अन्य आधार पर उत्पादन लागत के निर्धारण की अनुमति है।

xiii. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, प्राधिकारी द्वारा सब्सिडी रोधी जांच शुरू नहीं की गई थी क्योंकि उसने यह पाया था कि आवेदक उस जाच में घरेलू उद्योग बनने के लिए पात्र नहीं थे।

xiv. बिक्री, सामान्य और प्रशासनिक व्यय तथा लाभ का निर्धारण घरेलू बाज़ार में उत्पादक द्वारा किए गए व्यय के आधार पर किया जाना चाहिए। इस प्रयोजन के लिए 5% का लाभ मार्जिन नहीं लिया जा सकता।

xv. यदि सामान्य मूल्य का निर्धारण किसी तीसरे देश को किए गए निर्यात की कीमत के आधार पर होना है, तो ऐसे निर्यातों पर भी व्यापार परीक्षण का

सामान्य क्रम लागू किया जाना चाहिए। इसके अतिरिक्त, निर्यात की अधिक मात्रा वाले देश को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

xvi. ए सी एम थाईलैंड और वांडा ने थाईलैंड में उत्पादन नहीं किया हो सकता है। यह भी हो सकता है कि वे विचाराधीन उत्पाद के एक स्वरूप का आयात कर रहे हों और उसी का निर्यात कर रहे हों।

xvii. यदि विचाराधीन उत्पाद की खरीद चीन जन. गण. से की गई है और उसका परिवर्तित रूप निर्यात किया गया है, तो ऐसे उत्पादों की मूलता का देश चीन है।

xviii. विचाराधीन उत्पाद के आयातों के संबंध में पूर्व में की गई प्रवंचना रोधी जांच में भी, प्राधिकारी ने यह पाया था कि चीन जन. गण. से असेंबल्ड रोविंग्स के आयातों के द्वारा थाईलैंड में सी एस एम का उत्पादन, चीन पर लगाए गए शुल्कों की प्रवंचना थी।

xix. यदि सीमा शुल्क प्राधिकारियों के समक्ष थाईलैंड को मूलता का देश घोषित किया गया है, तो सही मूल्यवर्धन की घोषणा न किए जाने के कारण दिए गए उत्तर को अस्वीकार कर दिया जाना चाहिए।

xx. संबंधित पक्षकारों से खरीद के मामले में या किसी विशेष बाजार स्थिति की मौजूदगी के कारण, उत्पादन लागत को उचित रूप से समायोजित किया जा सकता है। यह विश्व व्यापार संगठन के कानून के अनुरूप भी है।

xxi. सिचुआन ज़िंगहाओयू कम्पोजिट मटेरियल्स कंपनी लिमिटेड द्वारा दिए गए उत्तर को अस्वीकार कर दिया जाना चाहिए, क्योंकि यह अगोपनीय पाठ को परिचालित करने में विफल रही है।

xxii. सिचुआन सिन्सियर एंड लॉन्ग-टर्म कॉम्प्लेक्स मटेरियल कंपनी लिमिटेड द्वारा दिए गए उत्तर को अस्वीकार कर दिया जाना चाहिए, क्योंकि इसकी मूल कंपनी, सिचुआन वीबो न्यू मटेरियल ग्रुप, विचाराधीन उत्पाद के उत्पादन में तो शामिल है, लेकिन उसने जांच में भाग नहीं लिया है।

छ.3. प्राधिकारी द्वारा जांच

74. धारा 9क(1)(ग) के तहत, किसी वस्तु के संबंध में सामान्य मूल्य से तात्पर्य है:

"(i) व्यापार की सामान्य प्रक्रिया में समान वस्तु की तुलनीय कीमत जब वह उप धारा (6) के तहत बनाए गए नियमों के अनुसार यथा निर्धारित निर्यातक देश या भू-भाग में खपत के लिए नियत हो, अथवा

(ii) जब निर्यातक देश या भू-भाग के घरेलू बाजार में व्यापार की सामान्य प्रक्रिया में समान वस्तु की कोई बिक्री न हुई हो अथवा जब निर्यातक देश या भू-भाग की बाजार विशेष की स्थिति अथवा उसके घरेलू बाजार में कम बिक्री मात्र के कारण ऐसी बिक्री की उचित तुलना न हो सकती हो तो सामान्य मूल्य निम्नलिखित में से कोई एक होगा-

(क) समान वस्तु की तुलनीय प्रतिनिधिक कीमत जब उसका निर्यात उप धारा (6) के अंतर्गत बनाए गए नियमों के अनुसार निर्यातक देश या भू-भाग से या किसी उचित तीसरे देश से किया गया हो; अथवा

(ख) उप धारा (6) के अंतर्गत बनाए गए नियमों के अनुसार यथा निर्धारित प्रशासनिक, बिक्री और सामान्य लागत एवं लाभ हेतु उचित वृद्धि के साथ मूलता के देश में उक्त वस्तु की उत्पादन लागत;

बशर्ते यदि उक्त वस्तु का आयात मूलता के देश से भिन्न किसी देश से किया गया है और जहाँ उक्त वस्तु का निर्यात के देश से होकर केवल यानान्तरण किया गया है अथवा ऐसी वस्तु का उत्पादन निर्यात के देश में नहीं होता है अथवा निर्यात के देश में कोई तुलनीय कीमत नहीं है, वहां सामान्य मूल्य का निर्धारण मूलता के देश में उसकी कीमत के संबंध में किया जाएगा।"

75. प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि संबद्ध वस्तुओं के निम्नलिखित निर्यातकों ने निर्यातक प्रश्नावली के उत्तर प्रस्तुत किए हैं:

क. एशिया कम्पोजिट मैटेरियल्स (थाईलैंड) कंपनी लिमिटेड
ख. चोंगकिंग इंटरनेशनल कम्पोजिट मैटेरियल कंपनी लिमिटेड
ग. सी पी आई सी अबाहसैन फाइबरग्लास डब्ल्यू.एल.एल.
घ. जियांगसू चांगहाई कम्पोजिट मैटेरियल्स कंपनी लिमिटेड

ङ. जुशी ग्रुप कंपनी लिमिटेड
च. शांदोंग फाइबरग्लास ग्रुप
छ. सिचुआन झिचेंग चांगयुआन कम्पोजिट मैटेरियल कंपनी लिमिटेड
ज. ताइशान फाइबरग्लास ज़ूचेंग कंपनी लिमिटेड
झ. वांडा न्यू मैटेरियल (थाईलैंड) कंपनी लिमिटेड

76. नियम 17 के प्रावधानों के अनुसार, यद्यपि प्राधिकारी द्वारा उन सभी उत्पादकों/ निर्यातकों के संबंध में व्यक्तिगत पाटन मार्जिन निर्धारित किया जाएगा जिन्होंने प्रश्नावली के उत्तर प्रस्तुत किए हैं, ऐसी स्थिति में जहां बड़ी संख्या में उत्पादकों/ निर्यातकों ने प्रश्नावली के उत्तर प्रस्तुत किए हैं, प्राधिकारी उत्तर को सीमित संख्या में उत्पादकों तक सीमित करके सैम्पलिंग का सहारा ले सकते हैं। इस संबंध में नियमावली में निम्नलिखित प्रावधान किए गए हैं:

"17(3) निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा, जांचाधीन वस्तु के प्रत्येक ज्ञात संबंधित निर्यातक या उत्पादक के लिए एक व्यक्तिगत पाटन मार्जिन निर्धारित किया जाएगा:

परंतु यह कि *ऐसे मामलों में जहां निर्यातकों, उत्पादकों, आयातकों या शामिल वस्तुओं के प्रकारों की संख्या इतनी अधिक हो कि ऐसा निर्धारण अव्यावहारिक हो, तो वह अपने निष्कर्षों को या तो चयन के समय उपलब्ध सूचना के आधार पर सांख्यिकीय रूप से मान्य नमूनों का उपयोग करके हितबद्ध पक्षकारों या वस्तुओं की उचित संख्या तक सीमित कर सकता है या संबंधित देश से निर्यात की मात्रा के उस अधिकतम प्रतिशत तक सीमित कर सकता है जिसकी उपयुक्त रूप से जांच की जा सकती है और इस प्रावधान के अंतर्गत निर्यातकों, उत्पादकों या वस्तुओं के प्रकारों का कोई भी चयन, अधिमानतः संबंधित निर्यातकों, उत्पादकों या आयातकों के परामर्श और उनकी सहमति से किया जाएगा:*

परंतु यह भी कि *निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा, किसी भी निर्यातक या उत्पादक के लिए, भले ही उसका चयन प्रारंभ में न किया गया हो, जो आवश्यक सूचना समय पर प्रस्तुत करता है, एक व्यक्तिगत पाटन मार्जिन निर्धारित किया जाएगा, सिवाय इसके कि जहां निर्यातकों*

या उत्पादकों की संख्या इतनी अधिक हो कि व्यक्तिगत जांच अत्यधिक बोझिल हो और जांच के समय पर पूरा होने में बाधा उत्पन्न करे।"

77. बड़ी संख्या में प्रतिक्रियाओं को देखते हुए, प्राधिकारी ने उत्पादकों की सैम्पलिंग पर विचार किया। यह दिनांक 11 मार्च 2025 की अधिसूचना द्वारा प्रस्तावित किया गया था। विभिन्न पक्षकारों से टिप्पणियां प्राप्त करने के बाद, सैम्पल उत्पादकों को दिनांक 5 अप्रैल 2025 की अधिसूचना द्वारा अधिसूचित किया गया। विचारित सैम्पल भारत को किए गए निर्यातों की मात्रा पर आधारित था और सबसे अधिक निर्यात मात्रा वाले उत्पादकों को सैम्पल का हिस्सा माना गया। जुशी ग्रुप और ताइशान ग्रुप को सैम्पल का हिस्सा माना गया था, जिसमें निम्नलिखित उत्पादक शामिल थे :

i. जुशी ग्रुप, जिसमें जुशी ग्रुप कंपनी लिमिटेड (टोंगजियांग), जुशी ग्रुप चेंगदू कंपनी लिमिटेड और जुशी ग्रुप जिउजियांग कंपनी लिमिटेड शामिल हैं।
ii. ताइशान ग्रुप, जिसमें ताइशान फाइबरग्लास ज़ूचेंग कंपनी लिमिटेड, ताइशान फाइबरग्लास ज़िबो इंक और ताइशान फाइबरग्लास इंक शामिल हैं।

78. प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि यद्यपि सैम्पल में केवल 2 ग्रुप का ही चयन किया गया है, फिर भी उत्पादकों/ निर्यातकों की संख्या अत्यधिक है, जिसमें 6 उत्पादक और उनके निर्यातक शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, इन उत्पादकों द्वारा प्रत्यक्ष रूप से या संगत या असंगत व्यापारियों के माध्यम से किए गए निर्यातों और इन उत्पादकों से संबंधित चीन के उत्पादकों द्वारा किए गए निर्यातों पर विचार किए जाने के बाद, जूशी ग्रुप, जिसमें जूशी ग्रुप कंपनी लिमिटेड (टोंगज़ियांग), जूशी ग्रुप चेंगदू कंपनी लिमिटेड और जूशी ग्रुप जिउजियांग कंपनी लिमिटेड शामिल हैं, और ताइशान ग्रुप, जिसमें ताइशान फाइबरग्लास ज़ूचेंग कंपनी लिमिटेड, ताइशान फाइबरग्लास ज़िबो इंक और ताइशान फाइबरग्लास इंक शामिल हैं, का भारत में आयातों का ***% हिस्सा हैं।

79. यह नोट किया जाता है कि सैम्पलिंग नियम के अनुसार विशेष रूप से प्राधिकारी को उत्पाद प्रकारों की संख्या तक व्यक्तिगत निर्धारण को सीमित करने की अनुमति हैं। इसका तात्पर्य यह है कि यह आवश्यक नहीं है कि प्राधिकरण किसी सैम्पल पर इस तरह से विचार करे कि भारत को आपूर्ति किए गए सभी उत्पाद उस सैम्पल में शामिल

हो जाएं। वास्तव में, इस प्रकार के किसी भी तर्क का तात्पर्य यह है कि प्राधिकारी सीमित संख्या में उत्पाद प्रकारों पर विचार करके सैम्पलिंग का सहारा नहीं ले सकता। तथापि, नियम 17 के तहत विशेष रूप से प्राधिकारी को व्यक्तिगत निर्धारण को सीमित संख्या में उत्पाद प्रकारों तक सीमित करने की अनुमति है।

80. प्राधिकारी को भी हितबद्ध पक्षकारों के इस तर्क में भी कोई मेरिट नहीं दिखाई दी कि दायर किए गए स्वैच्छिक उत्तरों पर विचार करना और सभी निर्यातकों को अलग-अलग पाटन मार्जिन प्रदान करना अनिवार्य दायित्व है। नियम 17(3) और उसके प्रावधान यह स्पष्ट करते हैं कि प्राधिकारी, जांच को समय पर पूरा करने के हित में, जहां कहीं आवश्यक हो, जांच को कुछ निर्यातकों तक सीमित कर सकते हैं।

81. कुछ हितबद्ध पक्षकारों ने यह तर्क दिया है कि जुशी ग्रुप और ताइशान ग्रुप को संबंधित माना जाना चाहिए, क्योंकि उनके पास एक ही शेयरधारक है। जुशी ग्रुप ने इस आधार पर इसका विरोध किया है कि दोनों ग्रुप घरेलू और विदेशी बाजार में प्रतिस्पर्धी हैं और उनके बिक्री और वितरण चैनल समान नहीं हैं। दोनों कंपनियों का कोई साझा प्रबंधन नहीं है और दोनों कंपनियां स्टॉक एक्सचेंज में स्वतंत्र रूप से सूचीबद्ध हैं। इस संबंध में, प्राधिकारी ने यह पाया है कि घरेलू और निर्यात बाजारों में दोनों पक्षोरों के प्रचालन और बिक्री चैनलों में किसी भी प्रकार के ओवरलैप का कोई साक्ष्य नहीं है। रिकॉर्ड में उपलब्ध सूचना और साक्ष्य यह दर्शाते हैं कि दोनों पक्षकार एक-दूसरे से स्वतंत्र रूप से कार्य कर रहे हैं। इसके अलावा, पिछली जांचों में भी, दोनों ग्रुप को संबंधित नहीं माना गया है। इसी को ध्यान में रखते हुए, दोनों ग्रुप के लिए पाटन मार्जिन और क्षति मार्जिन अलग-अलग निर्धारित किया गया है।

छ.4. सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत का निर्धारण

छ.4.1. बहरीन के लिए सामान्य मूल्य

सी पी आई सी अबहसैन फाइबरग्लास डब्ल्यू.एल.एल (सी पी आई सी बहरीन) के लिए सामान्य मूल्य

82. जांच की अवधि के दौरान, सी पी आई सी अबहसैन फाइबरग्लास डब्ल्यू.एल.एल (सी पी आई सी बहरीन) ने भारत को विचाराधीन उत्पाद का [***] मीट्रिक टन निर्यात किया है, लेकिन घरेलू बाजार में केवल [***] मीट्रिक टन संबद्ध वस्तुओं की ही बिक्री की है। प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि भारत को निर्यात की तुलना में घरेलू बिक्री की मात्रा पर्याप्त नहीं है, जिससे घरेलू बिक्री कीमत के आधार पर सामान्य मूल्य निर्धारित किया जा सके। इसे ध्यान में रखते हुए, प्राधिकारी ने सी पी आई सी बहरीन के उत्पादन की कारखाना-बाह्य लागत, बिक्री, सामान्य और प्रशासनिक व्यय और लाभ मार्जिन के आधार पर सामान्य मूल्य का निर्धारण किया है। कारखाना-बाह्य स्तर पर सामान्य मूल्य की गणना नीचे दी गई पाटन मार्जिन तालिका में उल्लिखित अनुसार की गई है।

83. घरेलू उद्योग ने यह दावा किया है कि बहरीन में उत्पादन लागत को सामान्य मूल्य के निर्धारण के लिए नजरअंदाज किया जाना चाहिए, इस आधार पर कि बहरीन इंटरनेशनल इंवेस्टमैंट पार्क (बी आई आई पी) में स्थित उद्योगों को बहरीन सरकार द्वारा और चीन जन गण की सरकार द्वारा महत्वपूर्ण सब्सिडी प्रदान की गई है। अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने यह अनुरोध किया है कि बहरीन में उत्पादकों को कोई लाभ नहीं मिला है जो इस तथ्य से स्पष्ट हो जाता है कि परामर्श के बाद प्राधिकारी द्वारा पूर्व में सब्सिडी-रोधी जांच शुरू नहीं की गई थी। प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि रिकॉर्ड पर मौजूद साक्ष्य के अनुसार, प्राधिकारी ने यह पाया है कि आवेदक सब्सिडी-रोधी जांच में घरेलू उद्योग में शामिल हाने के पात्र नहीं थे और तदनुसार, यह जांच शुरू नहीं की गई थी। बहरीन में उत्पादकों को लाभ होने से संबंधित मामले की जांच की गई है और यह नोट किया गया है कि ये दावे सामान्य मूल्य में कोई समायोजन करने के लिए प्राधिकारी द्वारा निर्णायक साक्ष्य द्वारा समर्थित नहीं हैं।

बहरीन में अन्य उत्पादकों/ निर्यातकों के लिए सामान्य मूल्य

84. बहरीन के अन्य सभी असहयोगी उत्पादकों और निर्यातकों के लिए सामान्य मूल्य उपलब्ध तथ्यों के आधार पर निर्धारित किया गया है और इसका उल्लेख नीचे दी गई पाटन मार्जिन तालिका में किया गया है।

छ.4.2. बहरीन के लिए निर्यात कीमत

सी पी आई सी अबहसैन फाइबरग्लास डब्ल्यू.एल.एल (सी पी आई सी बहरीन) के लिए निर्यात कीमत

85. सी पी आई सी ने भारत में स्वतंत्र ग्राहकों को सीधे [***] मीट्रिक टन संबद्ध वस्तुओं का निर्यात किया है। सी पी आई सी बहरीन ने माल भाड़ा और अन्य खर्चों, बैंक शुल्कों और ऋण लागत के लिए समायोजन किए जाने का दावा किया है। दावा किए गए समायोजन को प्राधिकारी द्वारा डेस्क सत्यापन के बाद अनुमति दी गई है।

बहरीन में अन्य उत्पादकों/ निर्यातकों के लिए निर्यात मूल्य

86. बहरीन के अन्य सभी असहयोगी उत्पादकों और निर्यातकों के लिए निर्यात कीमत उपलब्ध तथ्यों के आधार पर निर्धारित की गईहै और इसका उल्लेख नीचे दी गई पाटन मार्जिन तालिका में किया गया है।

छ.4.3. चीन जन. गण. के लिए सामान्य मूल्य

87. विश्व व्यापार संगठन में चीन के एक्सेसन प्रोटोकॉल के अनुच्छेद 15 में निम्नलिखित प्रावधान हैं:

"जी ए टी टी 1994 का अनुच्छेद-VI, टैरिफ और व्यापार पर सामान्य करार, 1994 ("पाटनरोधी करार") के अनुच्छेद-VI के कार्यान्वयन पर करार तथा एस सी एम करार निम्नलिखित के अनुरूप डब्ल्यू टी ओ सदस्यों में चीन मूल के आयातों वाली कार्यवाहियों पर लागू होंगे:

जी ए टी टी 1994 के अनुच्छेद-VI और पाटनरोधी करार के तहत मूल्य की तुलना का निर्धारण करने में आयात करने वाला डब्ल्यू टी ओ सदस्य या तो जांच अधीन उद्योग के लिए चीन के मूल्यों अथवा लागतों का उपयोग करेंगे या उस पद्धति को उपयोग करेंगे

जो निम्नलिखित नियम के आधार पर चीन में घरेलू मूल्यों अथवा लागतें के साथ सख्ती से तुलना करने में आधारित नहीं है :

(i) यदि जांच अधीन उत्पादक साफ-साफ यह दिखा सकते हैं कि समान उत्पाद का उत्पादन करने वाले उद्योग में उस उत्पाद के विनिर्माण, उत्पादन और बिक्री के संबंध में बाजार अर्थव्यवस्था की स्थितियां मौजूद रहती है तो निर्यात करने वाला डब्ल्यू टी ओ सदस्य मूल्य की तुलनीयता का निर्धारण करने में जांचाधीन उद्योग के लिए चीन की कीमतो अथवा लागतों का उपयोग करेगा;

(ii) आयात करने वाला डब्ल्यू टी ओ सदस्य उस पद्धति का उपयोग कर सकता है जो चीन में घरेलू कीमतों अथवा चीन में लागतों के साथ सख्त अनुपालन पर आधारित नहीं है, यदि जांचाधीन उत्पादक साफ-साफ यह नहीं दिखा सकते हैं कि उस उत्पाद के विनिर्माण, उत्पादन और बिक्री के संबंध में समान उत्पाद का उत्पादन करने वाले उद्योग मं बाजार अर्थव्यवस्था की स्थितियां मौजूद हैं।

एस सी एम करार के पैरा II, III और V के अंतर्गत कार्यवाहियों में अनुच्छेद 14(क), 14(ख), 14(ग) और 14(घ) में निर्धारित की गई राजसहायता के संबंध में एस सी एम करार के प्रासंगिक प्रावधान लागू होंगे, तथापि, उसके प्रयोग करने में यदि विशेष कठिनाइयां हों, तो आयात करने वाले डब्ल्यू टी ओ सदस्य राजसहायता लाभ की पहचान करने और उसका मापन करने के लिए तब पद्धति का उपयोग कर सकते हैं जिसमें उस संभावना को ध्यान में रखा जाता है कि चीन में प्रचलित निबंधन और शर्तें उपयुक्त बेंचमार्क के रूप में सदैव उपलब्ध नहीं हो सकती है। ऐसी पद्धतियों को लागू करने में, जहां व्यवहार्य हो, आयात करने वाले डब्ल्यू टी ओ सदस्य के द्वारा चीन से बाहर प्रचलित निबंधन और शर्तों का उपयोग करने के संबंध में विचार करने से पूर्व ऐसी विद्यमान निबंधन और शर्तों को ठीक करना चाहिए।

आयात करने वाला डब्ल्यू टी ओ सदस्य उप पैरा (क) के अनुसार प्रयोग की गई पद्धतियों के संबंध में पाटनरोधी कार्य समिति को सूचित करेगा और उप पैरा (ख) के अनुसार प्रयोग की गई पद्धतियों के संबंध में कमिटी ऑन सब्सिडीज और काउंटरवेलिंग मेजर्स को सूचित करेगा।

आयात करने वाले डब्ल्यू टी ओ सदस्य के राष्ट्रीय कानून के तहत चीन के लिए एक बार यह सुनिश्चित कर लिया गया है कि यह एक बाजार अर्थव्यवस्था है, तो उप पैरा के प्रावधान (क) समाप्त कर दिए जाएंगे, बशर्ते आयात करने वाले सदस्य के राष्ट्रीय कानून में एक्सेसन की तारीख के अनुरूप बाजार अर्थव्यवस्था संबंधी मानदंड हो। किसी भी स्थिति में उप पैरा (क) (ii) के प्रावधान एक्सेसन की तारीख के बाद 15 वर्षों में समाप्त होंगे। इसके अलावा, आयात करने वाले डब्ल्यू टी ओ सदस्य के राष्ट्रीय कानून के अनुसरण में चीन के संबंध में यह सुनिश्चित करना चाहिए कि बाजार अर्थव्यवस्था की स्थितियां एक विशेष उद्योग अथवा क्षेत्र में प्रचलित हैं, उप पैरा (क) के गैर-बाजार अर्थव्यवस्था के प्रावधान उस उद्योग अथवा क्षेत्र के लिए आगे लागू नहीं होंगे।"

88. आवेदक ने चीन के एक्सेसन प्रोटोकॉल के अनुच्छेद 15(क)(i) का हवाला दिया है और उस पर भरोसा किया है। आवेदक ने यह दावा किया है कि चीन जन. गण. के उत्पादकों से यह प्रदर्शित करने के लिए कहा जाना चाहिए कि विचाराधीन उत्पाद के विनिर्माण, उत्पादन और बिक्री के संबंध में समान उत्पाद का उत्पादन करने वाले उनके उद्योग में बाजार अर्थव्यवस्था की स्थितियां मौजूद हैं। आवेदकों द्वारा यह कहा गया है कि यदि प्रतिवादी चीनी उत्पादक यह प्रदर्शित करने में असमर्थ हैं कि उनकी लागतों और कीमतों की सूचना बाजार से संचालित है, तो सामान्य मूल्य की गणना नियमावली के अनुबंध-I के पैरा 7 और 8 के प्रावधानों के अनुसार की जानी चाहिए।

89. वर्तमान मामले में किसी भी सैम्पल उत्पादक ने बाजार अर्थव्यवस्था उपचार का दावा नहीं किया है। तदनुसार, सामान्य मूल्य नियमावली के अनुबंध-I के पैरा 7 के अनुसार निर्धारित किया गया है, जिसमें निम्नलिखित कहा गया है:

"गैर-बाजार अर्थव्यवस्था वाले देश से आयात के मामले में, सामान्य मूल्य का निर्धारण उचित लाभ मार्जिन को शामिल करने के लिए भारत में समान उत्पाद के लिए वास्तविक रूप से भुगतान की गई अथवा भुगतान योग्य कीमत सहित, आवश्यकतानुसार विधिवत समायोजन करके, तीसरे देश की बाजार अर्थव्यवस्था में कीमत अथवा परिकलित मूल्य के आधार पर अथवा भारत सहित किसी तीसरे देश से अन्य देशों के लिए कीमत अथवा जहां यह संभव नहीं हैं, तो किसी अन्य उचित आधार पर किया जाएगा। संबंधित देश के विकास के स्तर तथा विचाराधीन उत्पाद को देखते हुए निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा

यथोचित पद्धति से एक समुचित बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश का चयन किया जाएगा । चयन के समय पर उपलब्ध कराई गई किसी विश्वसनीय सूचना पर यथोचित रूप से विचार किया जाएगा। बाजार अर्थव्यवस्था वाले किसी अन्य तीसरे देश के संबंध में किसी समान मामले में की जाने वाली जांच के मामले में जहां उचित हों, समय-सीमा के भीतर कार्रवाई की जाएगी। जांच से संबंधित पक्षकारों को किसी अनुचित विलंब के बिना बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश के चयन के विषय में सूचित किया जाएगा और उसे अपनी टिप्पणियां देने के लिए एक समुचित समयावधि प्रदान की जाएगी।"

90. आवेदक ने यह दावा किया है कि सामान्य मूल्य का निर्धारण भारत में देय मूल्य के आधार पर किया जाना चाहिए। अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने नियमावली के अनुबंध I के पैरा 7 में सूचीबद्ध आधारों के अलावा कोई अन्य आधार प्रस्तुत नहीं किया है, जो सामान्य मूल्य के निर्धारण का आधार बन सके। अत: प्राधिकारी ने आवेदक की उत्पादन लागत, बिक्री, सामान्य एवं प्रशासनिक व्ययों और उचित लाभ के लिए विधिवत समायोजन के आधार पर, भारत में देय मूल्य के अनुसार सामान्य मूल्य निर्धारित किया है।

छ.4.4. चीन जन. गण. के लिए निर्यात कीमत

जुशी ग्रुप कंपनी लिमिटेड (टोंगजियांग), जुशी ग्रुप चेंगदू कंपनी लिमिटेड और जुशी ग्रुप जिउजियांग कंपनी लिमिटेड (जुशी ग्रुप) के लिए निर्यात कीमत

91. जुशी ग्रुप चेंगदू कंपनी लिमिटेड, जुशी ग्रुप जिउजियांग कंपनी लिमिटेड, जुशी ग्रुप कंपनी लिमिटेड (टोंगजियांग) चीन जन. गण. में संबद्ध वस्तुओं के विनिर्माण में लगी संबद्ध कंपनियां हैं। जांच की अवधि के दौरान, जुशी ग्रुप चेंगदू कंपनी लिमिटेड और जुशी ग्रुप जिउजियांग कंपनी लिमिटेड ने संबद्ध वस्तुओं का निर्यात सीधे भारत में संबद्ध संस्थाओं, अर्थात् जुशी इंडिया फाइबरग्लास प्राइवेट लिमिटेड और असंबद्ध ग्राहकों, दोनों को किया है। जुशी ग्रुप कंपनी लिमिटेड (टोंगजियांग) ने संबद्ध वस्तुओं का निर्यात सीधे और अपने संबंधित निर्यातकों, अर्थात् चाइना जुशी कंपनी लिमिटेड और जुशी ग्रुप हांगकांग कंपनी लिमिटेड के माध्यम से किया है। उक्त निर्यातकों ने बदले में संबद्ध वस्तुओं की बिक्री भारत में असंबद्ध ग्राहकों को की है। प्रत्यक्ष निर्यात के मामले में, जुशी ग्रुप कंपनी लिमिटेड (टोंगजियांग) ने संबद्ध वस्तुओं का निर्यात दोनों संबद्ध

संस्थाओं, अर्थात् जुशी इंडिया फाइबरग्लास प्राइवेट लिमिटेड और भारत में असंबद्ध ग्राहकों को किया है। तीनों उत्पादकों ने जांच अवधि के दौरान संयुक्त रूप से [***] मीट्रिक टन निर्यात किया है। निर्यात चैनल इस प्रकार हैं।

जुशी ग्रुप चेंगदू कंपनी लिमिटेड → जुशी इंडिया फाइबरग्लास प्राइवेट लिमिटेड
जुशी ग्रुप चेंगदू कंपनी लिमिटेड → असंबंधित ग्राहक
जुशी ग्रुप जिउजियांग कंपनी लिमिटेड → जुशी इंडिया फाइबरग्लास प्राइवेट लिमिटेड
जुशी ग्रुप जिउजियांग कंपनी लिमिटेड → असंबंधित ग्राहक
जुशी ग्रुप कंपनी लिमिटेड (टोंगजियांग) → चीन जुशी कंपनी लिमिटेड → असंबंधित ग्राहक
जुशी ग्रुप कंपनी लिमिटेड (टोंगजियांग) → जुशी ग्रुप हांगकांग कंपनी लिमिटेड → असंबंधित ग्राहक
जुशी ग्रुप कंपनी लिमिटेड (टोंगजियांग) → जुशी इंडिया फाइबरग्लास प्राइवेट लिमिटेड
जुशी ग्रुप कंपनी लिमिटेड (टोंगजियांग) → असंबंधित ग्राहक

92. जुशी ग्रुप की कंपनियों ने निर्धारित प्रारूप में भारत को निर्यात के लिए पी सी एन-वार विवरण उपलब्ध कराया है। उन्होंने केवल समुद्री माल भाड़ा, समुद्री बीमा, अंतर्देशीय परिवहन, बंदरगाह और अन्य संबंधित व्यय, ऋण लागत और पैकिंग व्यय के लिए समायोजन करने का दावा किया है। प्राधिकारी ने डेस्क सत्यापन करने के बाद दावा किए गए समायोजनों को अनुमति दे दी है। तदनुसार, प्राधिकारी ने जुशी ग्रुप चेंगदू कंपनी लिमिटेड, जुशी ग्रुप जिउजियांग कंपनी लिमिटेड, जुशी ग्रुप कंपनी लिमिटेड (टोंगजियांग) के लिए पी सी एन-वार शुद्ध निर्यात कीमत का अलग-अलग निर्धारण किया है और समग्र रूप से जुशी ग्रुप के लिए भारित औसत का निर्धारण किया है। निर्धारित शुद्ध निर्यात मूल्य नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित है।

<u>ताईशान फाइबरग्लास ज़ूचेंग कंपनी लिमिटेड, ताइशान फाइबरग्लास ज़िबो इंक और ताइशान फाइबरग्लास इंक (ताईशान ग्रुप) के लिए निर्यात कीमत</u>

93. जांच की अवधि के दौरान, ताइशान फाइबरग्लास इंक, चीन पीआर ने भारत में असंबंधित खरीदारों को सीधे [***] मीट्रिक टन की बिक्री की है। इस मात्रा में से, ताइशान

फाइबरग्लास ने [***] मीट्रिक टन एक संबंधित उत्पादक/ निर्यातक, ताइशान फाइबरग्लास ज़िबो इंक, चीन जन. गण. से प्राप्त किया है, जबकि *** मीट्रिक टन एक अन्य संबंधित उत्पादक, ताइशान फाइबरग्लास ज़ूचेंग कंपनी लिमिटेड, चीन जन. गण. से प्राप्त किया है। निर्यात चैनल इस प्रकार हैं:

ताईशान फाइबरग्लास इंक. → असंबंधित ग्राहक
ताईशान फाइबरग्लास ज़िबो इंक. → ताइशान फाइबरग्लास इंक. → असंबंधित ग्राहक
ताईशान फाइबरग्लास ज़ूचेंग कंपनी लिमिटेड → ताइशान फाइबरग्लास इंक. → असंबंधित ग्राहक

94. उत्पादकों/ निर्यातकों ने समुद्री माल भाड़ा, बीमा, अंतर्देशीय परिवहन, बंदरगाह और अन्य संबंधित व्यय, ऋण लागत और बैंक शुल्क की मदों में समायोजन का दावा किया है। प्राधिकारी ने डेस्क सत्यापन करने के बाद दावे के अनुसार समायोजन की अनुमति प्रदान कर दी है। तदनुसार, प्राधिकारी ने ताइशान फाइबरग्लास ज़ूचेंग कंपनी लिमिटेड, ताइशान फाइबरग्लास ज़िबो इंक और ताइशान फाइबरग्लास इंक के लिए अलग-अलग पी सी एन -वार शुद्ध निर्यात कीमत और समग्र ताइशान ग्रुप के लिए भारित औसत का निर्धारण किया है। निर्धारित निर्यात कीमत नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित है।

चीन जन. गण. में अन्य उत्पादकों/ निर्यातकों के लिए निर्यात कीमत

95. चीन के अन्य सभी असहयोगी उत्पादकों और निर्यातकों के लिए निर्यात कीमत उपलब्ध तथ्यों के आधार पर निर्धारित की गई है और इसका उल्लेख नीचे दी गई पाटन मार्जिन तालिका में किया गया है।

छ.4.5. थाईलैंड के लिए सामान्य मूल्य

एशिया कम्पोजिट मैटेरियल्स (थाईलैंड) कंपनी लिमिटेड (ए सी एम थाईलैंड) के लिए सामान्य मूल्य

96. जांच की अवधि के दौरान, एशिया कम्पोजिट मैटेरियल्स (थाईलैंड) कंपनी लिमिटेड (ए सी एम थाईलैंड) ने भारत को विचाराधीन उत्पाद का [***] मीट्रिक टन निर्यात किया है, जबकि घरेलू बाजार में संबद्ध वस्तुओं के [***] मीट्रिक टन की बिक्री की है।

97. प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि भारत को किए गए निर्यात की तुलना में घरेलू बिक्री की मात्रा पर्याप्त है, जिससे घरेलू बिक्री कीमत के आधार पर सामान्य मूल्य निर्धारित किया जा सके। सामान्य मूल्य निर्धारित करने के लिए, प्राधिकारी ने संबद्ध वस्तुओं की उत्पादन लागत के संदर्भ में लाभ कमाने वाले घरेलू बिक्री लेन देन का निर्धारण करने के लिए सामान्य व्यापार प्रक्रिया जांच की है। चूंकि ***% से कम बिक्री लाभ पर हुई थी, अत: सामान्य मूल्य का निर्धारण लाभकारी बिक्री कीमत के आधार पर किया गया है। जांच की अवधि के दौरान घरेलू बाजार में बिक्री न किए गए पी सी एन के लिए, सामान्य मूल्य का निर्धारण ए सी एम थाईलैंड द्वारा सूचित की गई उत्पादन लागत के आधार पर किया गया है, जिसमें विक्री, सामान्य एवं प्रशासनिक व्यय और लाभ मार्जिन को शामिल किया गया है। जांच की अवधि के दौरान उत्पादित न किए गए पी सी एन के लिए, सामान्य मूल्य का निर्धारण निकटतम तुलनीय पी सी एन के आधार पर किया गया है।

98. ए सी एम थाईलैंड ने क्रेडिट लागत और पैकिंग लागत के आधार पर कीमत के समायोजन का दावा किया है। दावा किए गए समायोजनों को अनुमति दे दी गई है। इस प्रकार, कारखाना-बाह्य स्तर पर सामान्य मूल्य की गणना नीचे दी गई पाटन मार्जिन तालिका में उल्लिखित अनुसार की गई है।

<u>वांडा न्यू मटेरियल (थाईलैंड) कंपनी लिमिटेड (वांडा) के लिए सामान्य मूल्य</u>

99. जांच की अवधि के दौरान, वांडा न्यू मटेरियल (थाईलैंड) कंपनी लिमिटेड (वांडा) ने भारत को विचाराधीन उत्पाद का *** मीट्रिक टन निर्यात किया, लेकिन घरेलू बाजार में केवल 4 मीट्रिक टन संबद्ध वस्तुओं की ही बिक्री की है।

100. प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि भारत को निर्यात की तुलना में घरेलू बिक्री की मात्रा पर्याप्त नहीं है, जिससे घरेलू बिक्री कीमत के आधार पर सामान्य मूल्य निर्धारित किया

जा सके। इसी को देखते हुए, प्राधिकारी ने वांडा के उत्पादन की कारखाना-बाह्य लागत, बिक्री, सामान्य एवं प्रशासनिक व्यय और लाभ मार्जिन के आधार पर सामान्य मूल्य निर्धारित किया है।

101. घरेलू उद्योग ने यह दावा किया है कि वांडा द्वारा विचाराधीन उत्पाद का उत्पादन नहीं किया जा रहा है, बल्कि केवल व्यापार किया जा रहा है। प्राधिकारी ने रिकॉर्ड में उपलब्ध सूचना से उत्पादक की व्यापारिक बिक्री को बाहर रखा है। इस प्रकार, कारखाना-बाह्य स्तर पर सामान्य मूल्य की गणना नीचे दी गई पाटन मार्जिन तालिका में किए गए उल्लेख के अनुसार की गई है।

थाईलैंड में अन्य उत्पादकों/ निर्यातकों के लिए सामान्य मूल्य

102. थाईलैंड के अन्य सभी असहयोगी उत्पादकों और निर्यातकों के लिए सामान्य मूल्य का निर्धारण उपलब्ध तथ्यों के आधार पर किया गया है और इसका उल्लेख नीचे दी गई पाटन मार्जिन तालिका में किया गया है।

छ.4.6. थाईलैंड के लिए निर्यात कीमत

एशिया कम्पोजिट मटेरियल्स (थाईलैंड) कंपनी लिमिटेड (ए सी एम थाईलैंड) के लिए निर्यात कीमत

103. ए सी एम थाईलैंड ने भारत को विचाराधीन उत्पाद का [***] मीट्रिक टन निर्यात किया है। इसमें से, [***] मीट्रिक टन की एक छोटी मात्रा उन असंबंधित ग्राहकों के माध्यम से निर्यात की गई है जिन्होंने प्राधिकारी के साथ सहयोग नहीं किया है, जबकि शेष मात्रा की बिक्री सीधे स्वतंत्र ग्राहकों को की गई है। व्यापारियों के माध्यम से किए गए निर्यात की मात्रा प्रत्यक्ष निर्यात की तुलना में बहुत ही कम है। निर्यात की कीमत और पहुंच कीमत ए सी एम थाईलैंड द्वारा असंबंधित ग्राहकों से ली गई कीमत के आधार पर निर्धारित किए गए हैं। निर्यात चैनल इस प्रकार हैं।

ए सी एम थाईलैंड → असंबंधित ग्राहक

ए सी एम थाईलैंड → असंबंधित निर्यातक → असंबंधित ग्राहक

104. उत्पादक ने समुद्री भाड़ा, बीमा, अंतर्देशीय परिवहन, बंदरगाह और अन्य हैंडलिंग शुल्क, पैकिंग लागत और क्रेडिट लागत के लिए समायोजन करने का दावा किया है। दावा किए गए समायोजन को प्राधिकारी द्वारा डेस्क सत्यापन करने के बाद अनुमति दे दी गई है। निर्धारित शुद्ध निर्यात कीमत नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित है।

वांडा न्यू मटेरियल (थाईलैंड) कंपनी लिमिटेड (वांडा) के लिए निर्यात कीमत

105. वांडा ने विचाराधीन उत्पाद का [***] मीट्रिक टन निर्यात किया है। निर्यात कीमत और पहुंच कीमत, वांडा द्वारा असंबंधित ग्राहकों से ली गई कीमत के आधार पर निर्धारित की गई हैं। उत्पादक ने समुद्री मालभाड़ा, बीमा, अंतर्देशीय परिवहन, और बंदरगाह एवं अन्य हैंडलिंग शुल्कों के लिए समायोजन करने का दावा किया है। दावा किए गए समायोजन को प्राधिकारी द्वारा डेस्क सत्यापन किए जाने के बाद अनुमति दी गई है। निर्धारित शुद्ध निर्यात कीमत नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित है।

थाईलैंड में अन्य उत्पादकों/ निर्यातकों के लिए निर्यात कीमत

106. थाईलैंड के अन्य सभी असहयोगी उत्पादकों और निर्यातकों के लिए निर्यात कीमत उपलब्ध तथ्यों के आधार पर निर्धारित की गई है और इसका उल्लेख नीचे दी गई पाटन मार्जिन तालिका में किया गया है।

पाटन मार्जिन

107. ऊपर दिए गए अनुसार निर्मित सामान्य मूल्य और निर्धारित निर्यात कीमत को ध्यान में रखते हुए, संबद्ध देश के लिए निर्धारित पाटन मार्जिन इस प्रकार है:

पाटन मार्जिन तालिका

क्र. सं.	उत्पादक का नाम	सामान्य मूल्य	निर्यात कीमत	पाटन मार्जिन	पाटन मार्जिन	पाटन मार्जिन

		(यूएसडी/ मी टन)	(यूएसडी/ मी टन)	(यूएसडी/ मी टन)	(%)	(रेंज)
क	**बहरीन**					
1	सी पी आई सी अबाहसैन फाइबरग्लास डब्ल्यू.एल.एल.	***	***	***	***	60-70
2	अन्य	***	***	***	***	70-80
ख	**चीन जन. गण.**					
3	जुशी ग्रुप कंपनी लिमिटेड (टोंगजियांग), जुशी ग्रुप चैंगदू कंपनी लिमिटेड और जुशी ग्रुप जिउजियांग कंपनी लिमिटेड	***	***	***	***	70-80
4	ताईशान फाइबरग्लास ज़ूचेंग कंपनी लिमिटेड, ताइशान फाइबरग्लास ज़िबो इंक और ताइशान फाइबरग्लास इंक.	***	***	***	***	80-90
5	नॉन- सैम्पल को-ऑपरेटिव उत्पादक	***	***	***	***	70-80
6	अन्य	***	***	***	***	70-80
ब	**थाईलैंड**					
7	एशिया कम्पोजिट मटेरियल्स (थाईलैंड) कंपनी लिमिटेड	***	***	***	***	50-60
8	वांडा न्यू मटेरियल (थाईलैंड) कंपनी लिमिटेड	***	***	***	***	50-60
9	अन्य	***	***	***	***	90-100

ज. क्षति और कारणात्मक संबंध का आकलन

ज.1. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के विचार

108. क्षति और कारणात्मक संबंध के संबंध में अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

i. वर्ष 2020-21 को आधार वर्ष नहीं माना जाना चाहिए क्योंकि यह कोविड-19 के कारण प्रभावित हुआ था।

ii. घरेलू उद्योग की निवल अचल संपत्तियों में गिरावट आई है, जबकि मूल्यह्रास में वृद्धि हुई है। इसी प्रकार, कर्मचारियों की संख्या में गिरावट आई है, जबकि वेतन में वृद्धि हुई है। प्राधिकारी द्वारा इसकी पुष्टि की जा सकती है।

iii. संचयी आकलन नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि बहरीन, चीन और थाईलैंड से आयात कीमत, शुल्क और उत्पाद विनिर्देशों के संदर्भ में भिन्न होते हैं। ऐसे आयातों के लिए प्रतिस्पर्धा की स्थितियां भिन्न हैं क्योंकि भारत में आयात का एक छोटा हिस्सा थाईलैंड से आता है, केवल ई-ग्लास का आयात थाईलैंड से किया जाता है और थाईलैंड से आयात पर कोई सीमा शुल्क या अतिरिक्त शुल्क लागू नहीं होता है।

iv. आवेदक की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, चीन से सस्ते आयातों के कारण उसे कीमत दबाव का सामना करना पड़ा है। इस प्रकार, बहरीन से हुए आयातों से घरेलू उद्योग को कोई क्षति नहीं हुई है।

v. थाईलैंड से आयातों का रुझान वांडा से निर्यातों के अनुरूप नहीं है। वांडा ने भारत को केवल सी एस एम का निर्यात किया है, जो भारत में विचाराधीन उत्पाद के कुल आयातों की नगण्य मात्रा है। इसके अलावा, वांडा द्वारा निर्यात किए गए सी एस एम की कीमत भारत में आयातों की समग्र कीमत से अधिक है। अत: प्राधिकारी को उत्पाद स्तर पर क्षति का आकलन करना चाहिए।

vi. जबकि जांच की अवधि में थाईलैंड से हुए आयातों में विगत वर्ष की तुलना में वृद्धि हुई है, लेकिन वांडा से आयातों में कमी आई है। इसके अलावा, वांडा से

आयातों की कीमतों में गिरावट थाईलैंड से हुए आयातों की कीमतों में समग्र गिरावट और घरेलू उद्योग की कीमतों में गिरावट से कम रही है। इस प्रकार, कीमत में गिरावट वांडा से हुए आयातों के कारण नहीं है।

vii. थाईलैंड से आयातों की कीमत अन्य देशों की तुलना में सीमा शुल्क की अनुपस्थिति के कारण कम है, न कि पाटन के कारण।

viii. पी सी एन के आधार पर, थाईलैंड से सी एस एम के आयातों की कीमत अन्य देशों की तुलना में अधिक है। थाईलैंड से प्रत्यक्ष रोविंग की कीमत अन्य देशों की तुलना में कम है, इस प्रकार, समग्र गणना पर, थाईलैंड के लिए क्षति मार्जिन अधिक प्रतीत होता है। चूंकि घरेलू उद्योग स्वयं सी एस एम का आयात करता है, अत: संचयी मूल्यांकन करना संभव नहीं है।

ix. जांच की अवधि में आवेदक द्वारा विचार किए गए कुल आयात बढ़े हुए हैं क्योंकि ये द्वितीयक स्रोत डेटा से मेल नहीं खाते हैं।

x. मांग में वृद्धि के कारण संबद्ध देशों से आयातों में वृद्धि हुई है। आयातों में वृद्धि और घरेलू उद्योग को हुई क्षति के बीच कोई संबंध नहीं है क्योंकि आयातों में वृद्धि के साथ 2021-22 और 2022-23 में घरेलू उद्योग के उत्पादन और घरेलू बिक्री में भी वृद्धि हुई है।

xi. घरेलू उद्योग की निर्यात बिक्री में वृद्धि और कैप्टिव खपत को देखते हुए मांग-आपूर्ति के अंतर को पूरा करने के लिए आयातों में वृद्धि हुई है। इस प्रकार, कोई मात्रात्मक क्षति नहीं हुई है।

xii. खपत के संबंध में आयातों का विश्लेषण अनुचित है क्योंकि आयात सीमित ग्रेड के हैं जबकि खपत में वे ग्रेड भी शामिल हैं जिनका भारत में आयात नहीं किया जा रहा है।

xiii. आधार वर्ष की तुलना में बिक्री कीमतों में गिरावट नहीं आई है। मांग में वृद्धि, उत्पाद की कमी और वस्तुओं की आवाजाही पर प्रतिबंध जैसे कई कारकों के चलते वर्ष 2021-22 और 2022-23 में कीमतों में वृद्धि हुई है।

xiv. कोई कीमत दबाव/ मंदी नहीं है क्योंकि घरेलू उद्योग की बिक्री कीमतों में वर्ष 2021-22 और 2022-23 के दौरान बिक्री की लागतों में वृद्धि से अधिक वृद्धि हुई है।

xv. निवल बिक्री प्राप्ति और बिक्री की लागत एक साथ बढ़ी है और पहुंच कीमत में थोड़ी गिरावट आई है। चूंकि घरेलू उद्योग ने हानि होने की सूचना नहीं दी है, अत: वर्तमान मामले में कोई कीमत प्रभाव नहीं है।

xvi. आयात कीमत ने घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत को प्रभावित नहीं किया है क्योंकि घरेलू उद्योग ने वर्ष 2022-23 में अपनी कीमतों में वृद्धि की थी जबकि आयात कीमत में गिरावट आई थी।

xvii. आवेदक ने क्षति अवधि से पहले के तीन वर्षों के लिए कीमतों में कटौती का विवरण नहीं दिया है, अत: कीमतों में कटौती के संबंध में कोई प्रतिकूल निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता है।

xviii. आवेदक की कीमत में कटौती या कीम से कम में बिक्री की गणना के लिए कार्यप्रणाली प्रदान नहीं की है।

xix. रूस-यूक्रेन संघर्ष के चलते 2021-22 में आयात कीमत में वृद्धि हुई है, जिससे वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में बाधा आई है और माल भाड़ा लागत में वृद्धि हुई है। आयात कीमत में वृद्धि होने के कारण घरेलू उद्योग ने भी वर्ष 2021-22 और 2022-23 में अपनी कीमतों में वृद्धि कर दी थी। वर्ष 2022-23 में, स्थिति सामान्य होने लगी और वैश्विक स्तर पर कीमत में सुधार आया। आयात कीमत में गिरावट माल भाड़ा दरों में गिरावट आने के कारण हुई थी, न कि पाटन के

कारण हुई थी। यह इस तथ्य से भी स्पष्ट हो जाता है कि जांच की अवधि में आवेदक की निर्यात कीमत में भी गिरावट आई है।

xx. घरेलू उद्योग की लागत की तुलना पहुंच कीमत से भिन्न है क्योंकि लागत में एच-ग्लास, एडवांटेक्स फाइबर और विंड ग्रेड फाइबर जैसे उत्पाद शामिल हैं जिनकी लागत अधिक है जबकि ऐसे उत्पाद का कोई आयात नहीं होता है।

xxi. सी एस एम के निर्माण के लिए पाउडर बाइंडर के आयातों पर निर्भरता के कारण आवेदक की लागत अधिक है।

xxii. याचिका में प्रदान की गई मांग पर भरोसा नहीं किया जा सकता क्योंकि इसमें एच-ग्लास और अन्य ग्लास फाइबर रोविंग जैसे उत्पाद शामिल हैं जो विचाराधीन उत्पाद के दायरे से बाहर हैं।

xxiii. आवेदक ने क्षमता और निवल क्षमता की सूचना दी है और क्षति अवधि के दौरान स्वतः ही अपनी क्षमता कम कर दी है। निवल उपयोग में वृद्धि हुई है क्योंकि निवल क्षमता के संबंध में उत्पादन में वृद्धि हुई है।

xxiv. आवेदक द्वारा आयातों में गिरावट घरेलू मांग को पूरा करने के लिए क्षमताओं के स्थिर होने में सुधार को दर्शाती है।

xxv. घरेलू उद्योग के क्षमता उपयोग में वृद्धि हुई है। वर्ष 2019 में नई भट्टी की स्थापना के कारण वर्ष 2021-22 में क्षमता उपयोग में वृद्धि हुई।

xxvi. घरेलू उद्योग के आर्थिक मापदंडों पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ा है क्योंकि क्षति अवधि के दौरान उत्पादन, क्षमता उपयोग, उत्पादकता, मजदूरी में सुधार हुआ है और पी बी आई टी और नकदी लाभ सकारात्मक रहे हैं।

xxvii. किसी अन्य घरेलू उत्पादक ने आयातों के कारण क्षति का दावा नहीं किया है और अन्य घरेलू उत्पादकों की बिक्री में मांग में वृद्धि होने के अनुरूप वृद्धि हुई है।

xxviii. घरेलू बिक्री में गिरावट आने का कारण घरेलू उद्योग का कैप्टिव उपभोग और निर्यात बिक्री पर अधिक ध्यान केंद्रित करना हो सकता है, जिसमें कि क्षति अवधि के दौरान वृद्धि हुई है।

xxix. निर्यात बाजार पर फोकस होना इस तथ्य से स्पष्ट हो जाता है कि निर्यात बाजार में बिक्री कीमत घरेलू बाजार की तुलना में अधिक है।

xxx. घरेलू उद्योग की घरेलू बिक्री पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ा है क्योंकि भारत में मांग में वृद्धि हुई है। यद्यपि भारत में मांग-आपूर्ति का अंतर है, चीन और अन्य संबद्ध देशों से आयात के हिस्से में कमी आई है।

xxxi. आधार वर्ष की तुलना में घरेलू उद्योग के उत्पादन में वृद्धि हुई है। वर्ष 2021-22 में, यूरोपीय संघ को भारी निर्यात बिक्री की प्रत्याशा में आवेदक के उत्पादन में वृद्धि हुई है, लेकिन रूस-यूक्रेन संघर्ष के कारण इसमें बाधा आई है। इसके कारण, वस्तुसूची में वृद्धि हुई है।

xxxii. आवेदक ने निर्यात का समर्थन करने के लिए वस्तुसूची जमा कर ली है और भारतीय बाजार में मांग को पूरा नहीं किया है।

xxxiii. आवेदक विचाराधीन उत्पाद का एक प्रमुख आयातक है। यह एक स्वीकार की गई स्थिति है कि आवेदक ने कोविड शटडाउन के दौरान ग्राहकों की मांग को पूरा करने के लिए स्टॉक करने हेतु आयात किया था।

xxxiv. यद्यपि आवेदक के पास 80-90% बाजार हिस्सेदारी है, फिर भी वह बढ़ी हुई व्यापार मांग को पूरा करने में असमर्थ है, जिसके कारण संबंधित आयातों में वृद्धि हुई है।

xxxv. घरेलू उद्योग द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों पर संदेह है, क्योंकि कर-पूर्व लाभ में घरेलू उद्योग की बिक्री लागत और बिक्री कीमत में गिरावट की तुलना में अत्यधिक गिरावट आई है।

xxxvi. औसत नियोजित पूंजी में महत्वपूर्ण गिरावट आई है, जिससे घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत किए गए आंकड़ों पर संदेह उत्पन्न होता है।

xxxvii. निवेश पर प्रतिफल में गिरावट आने को निरपेक्ष आंकड़ों में देखा जाना चाहिए, क्योंकि घरेलू उद्योग विगत वर्ष असाधारण प्रतिफल अर्जित कर रहा होगा, जो कि जांच की अवधि में सामान्य हो गया है।

xxxviii. घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत और लाभप्रदता में गिरावट बाजार की आवर्ती प्रकृति और वर्ष 2021-22 तथा 2022-23 में संबद्ध वस्तुओं की उच्च कीमतों के बाद बाजार में सुधार आने के कारण हो सकती है।

xxxix. आवेदक के वित्तीय विवरण के अनुसार, इसने विगत एक दशक में 20% से अधिक ई बी आई टी डी ए मार्जिन बना कर रखा है।

xl. घरेलू उद्योग को क्षति अन्य कारकों जैसे कि कोविड-19 के कारण आवेदक की भट्टियों के बंद होने और कच्ची सामग्री की ऊंची कीमत होने के कारण हई है।

xli. वर्ष 2020 और 2021 में आवेदक के बंद हो जाने से वस्तुसूची का बढ़ी, जिसके कारण वस्तुसूची रखने की लागत अधिक थी। ऐसी लागतों के कारण, घरेलू उद्योग को क्षति हुई है।

xlii. आवेदक की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2022-23 के दौरान विद्युत और ईंधन, किराया, माल भाड़ा, सी एस आर व्यय और विदेशी मुद्रा हानि में वृद्धि होने के कारण इसके खर्च अधिक थे। आवेदक ने यह कहकर प्राधिकारी को गुमराह किया है कि किसी अन्य कारक से क्षति नहीं हुई है।

xliii. घरेलू उद्योग के अनुरोधों के विपरीत, घरेलू उद्योग की एकल भट्टी को ही अंतर्निहित विशेषता नहीं माना जा सकता क्योंकि घरेलू उद्योग के पास अपनी उत्पादन प्रक्रिया में सुधार करने का विकल्प है।

xliv. यदि कोई क्षति हुई है, तो वह ब्याज लागत में असामान्य वृद्धि होने के कारण हुई है, जिसका आवेदक के घरेलू व्यवसाय से कोई संबंध नहीं है।

xlv. घरेलू उद्योग को हुई क्षति निर्यातों में गिरावट आने और ऊंची ब्याज लागत होने के कारण हुई है। चूंकि घरेलू उद्योग का फोकस निर्यात पर है, इसलिए इससे वस्तुसूची में वृद्धि हुई है और कमीशन, माल भाड़ा और डिस्काउंट के खर्चों में वृद्धि हुई है।

xlvi. घरेलू उद्योग को हुई क्षति स्वयं द्वारा प्रवृत्त है। आवेदक ने हानि को बढ़ाने के लिए सहयोगियों के बीच स्थानांतरण कीमत निर्धारण तंत्र का उपयोग किया है।

xlvii. लाभप्रदता में गिरावट घरेलू उद्योग की उत्पादन लागत के कारण हुई है। चूंकि वर्ष 2020-21, 2021-22 और 2022-23 में वैश्विक स्तर पर कीमतें अधिक थीं, अत: आवेदक लाभ अर्जित करने में सक्षम था, तथापि, वैश्विक स्तर पर कीमतों में सुधार आने के कारण जांच की अवधि में घरेलू उद्योग को क्षति हुई है।

xlviii. आवेदक ने सौर फार्म स्थापित किया है और वर्ष 2021 में वेस्ट हीट रिकवरी में महत्वपूर्ण निवेश किया है। ऐसे निवेशों के कारण लागत में वृद्धि हुई है।

xlix. ग्राहकों को बनाए रखने में आवेदक की असमर्थता आंतरिक अक्षमताओं के कारण है।

l. चूंकि आवेदक ने एच-ग्लास, जिसकी उत्पादन लागत अधिक है, को क्षति के आंकड़ों में शामिल किया है और इसे व्यापारिक बाजार में नहीं बेचा जा रहा है,

इसलिए आवेदक द्वारा प्रदान किया गया डेटा हानियों और सकारात्मक क्षति मार्जिन को दर्शाता है। एच-ग्लास को बाहर किए जाने की स्थिति में, क्षति मार्जिन के नकारात्मक होने की संभावना है।

li. ओ सी आई पी एल के निर्यातों में वृद्धि हुई है और संबंधित संस्थाओं के साथ महत्वपूर्ण लेनदेन हुए हैं। प्राधिकारी को यह जांच करनी चाहिए कि क्या ऐसे लेनदेन आर्म्स लेंथ आधार पर हैं। यदि लेन-देन आर्म्स लेंथ आधार पर नहीं हैं, तो ऐसे लेन-देन को क्षति रहित कीमत के निर्धारण के लिए हटा दिया जाना चाहिए।

lii.. प्राधिकारी को यह सत्यापित करना होगा कि संपत्ति, संयंत्र और उपकरण की बिक्री के लिए लेन-देन में दर्शाई गई पूंजीगत लागत को हटा दिया गया है और उस पर मूल्यह्रास नहीं लगाया जा रहा है।

liii. आवेदक के वित्तीय विवरणों के अनुसार, उसके पास स्टॉक-इन-ट्रेड है। उत्पाद के व्यापार से संबंधित किसी भी व्यय को क्षति-रहित कीमत के निर्धारण के लिए नहीं माना जाना चाहिए। इसके अतिरिक्त, सुरक्षा प्रीमियम की राशि को क्षति-रहित कीमत के निर्धारण से बाहर रखा जाना चाहिए।

liv. आवेदक ने अन्य कंपनियों को ऋण दिया है। ऐसे ऋणों को अल्पकालिक और दीर्घकालिक ऋणों में विभाजित किया जाना चाहिए और क्षति-रहित कीमत में उचित रूप से समायोजित किया जाना चाहिए।

lv. नियोजित पूंजी पर 22% के प्रतिफल को अनुमत नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि ऐसे प्रतिफल को नियोजित पूंजी के ऋण भाग पर भी अनुमत किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, वैश्विक मंदी के दौर में ऐसा प्रतिफल बहुत अधिक है। नियोजित पूंजी पर 22% का प्रतिफल, ऋण इक्विटी अनुपात के आधार पर, निवल मूल्य पर 27.15% से 41.41% तक के प्रभावी लाभ को दर्शाता है।

lvi. क्षतिरहित कीमत के निर्धारण के लिए नियोजित पूंजी पर 22% का प्रतिफल अनुमत नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि उद्योग में औसत प्रतिफल 10% से अधिक नहीं है। यूरोपीय संघ, क्षति को दूर करने वाली कीमत के निर्धारण के लिए, प्रतिस्पर्धा की सामान्य परिस्थितियों में और पाटन की अनुपस्थिति में उचित रूप से अपेक्षित लाभ मार्जिन पर विचार करता है।

lvii. औषधि (कीमत नियंत्रण) आदेश, 1987के तहत 22% के प्रतिफल पर विचार करने का आधार होता है। तथापि, यहां तक कि इस आदेश में भी विचार किया गया है कि निवल संपत्ति पर 14% का प्रतिफल दिया जा सकता है या नियोजित पूंजी पर 22% का प्रतिफल दिया जा सकता है।

lviii. विगत में जब ब्याज दर 18% और कॉर्पोरेट कर की दर 40%-50% थी, तब 22% का प्रतिफल उचित था। तथापि, अब जब ब्याज दर घटकर 10% हो गई है और कॉर्पोरेट कर की दर 25% कम हो गई है, तो ऐसा प्रतिफल अनुचित है।

lix. ब्रिजस्टोन टायर मैन्युफैक्चरिंग के मामले में, सेसटेट ने यह पाया कि नियोजित पूंजी पर 22% का प्रतिफल अपनाना उचित नहीं है क्योंकि इससे क्षति मार्जिन में वृद्धि हो जाती है। ह्यूस्टन कॉर्पोरेशन बनाम निर्दिष्ट प्राधिकारी मामले में सेस्टेट ने भी ऐसा ही विचार व्यक्त किया था।

ज.2. घरेलू उद्योग के विचार

109. क्षति और कारणात्मक संबंध के संबंध में घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

i. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, प्राधिकारी ने किसी भी जांच में वर्ष 2020-21 की उपेक्षा नहीं की है, इसमें वे जांचें भी शामिल हैं जिनकी जांच की अवधि 2020-21 थी। यदि घरेलू उद्योग का प्रदर्शन अन्य कारकों के कारण प्रभावित होता है, तो प्राधिकारी ऐसे कारकों के प्रभाव को छोड़कर गैर-आरोपण विश्लेषण कर सकते हैं।

ii. घरेलू उद्योग की निवल अचल परिसंपत्तियों में गिरावट दिखाई देती है क्योंकि ये आवंटित कर दी गई हैं, प्राधिकारी इसका सत्यापन कर सकते हैं।

iii. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा उल्लिखित कारक यह निर्धारित करने के लिए प्रासंगिक नहीं हैं कि संचयी मूल्यांकन उपयुक्त है या नहीं। देश-दर-देश मात्रा और कीमत का विश्लेषण किए जाने की कोई आवश्यकता नहीं है।

iv. घरेलू उद्योग को क्षति सभी संबद्ध देशों से आयातों के कारण होती है। अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, कोई भी उत्पादक अपनी वार्षिक रिपोर्टों में क्षति का कारण बनने वाले सभी कारकों को मान्यता नहीं दे सकता है। चूंकि चीन आयात का एक अधिक महत्वपूर्ण स्रोत है, इसलिए वार्षिक रिपोर्ट में इसका उल्लेख किया गया है।

v. वर्तमान जांच में क्षति का संचयी मूल्यांकन किया जाना आवश्यक है क्योंकि संचयन की सभी शर्तें पूरी हो चुकी हैं।

vi. अन्य हितबद्ध पक्षों के निवेदनों के विपरीत, थाईलैंड से आयात में कई उत्पादकों से आयात शामिल हैं। यदि वांडा ने केवल एक प्रकार के उत्पाद का निर्यात किया है, तब भी ऐसा कोई प्रावधान नहीं है जो उत्पाद प्रकार के आधार पर क्षति विश्लेषण को उचित ठहराता हो। किसी भी स्थिति में, चूंकि वर्तमान जांच में पी सी एन हैं, अत: पाटन मार्जिन और क्षति मार्जिन का मूल्यांकन उत्पाद प्रकार के स्तर पर किया जाएगा।

vii. समग्र संबद्ध देश के लिए क्षति विश्लेषण किया जाता है। चूंकि संचयन की सभी शर्तें पूरी हो चुकी हैं, अत: प्राधिकारी समग्र संबद्ध देशों के लिए क्षति विश्लेषण कर सकते हैं।

viii. प्राधिकारी द्वारा भारत में किए गए आयातों की कुल मात्रा का आकलन करने के लिए डी जी सी आई एंड एस के आंकड़ों पर विचार किया जा सकता है।

ix. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, एच-ग्लास और अन्य ग्लास फाइबर रोविंग उत्पाद के दायरे में और परिणामस्वरूप भारत में कुल मांग में शामिल हैं।

x. संबद्ध आयातों में निरपेक्ष रूप से तथा भारत में उत्पादन एवं उपभोग के संबंध में वृद्धि हुई है।

xi. पाटनपाटन होने के कारण, कुल मांग में संबद्ध आयातों की हिस्सेदारी में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

xii. संबद्ध आयातों में मांग में वृद्धि की दर की तुलना में कहीं अधिक दर से वृद्धि हुई है।

xiii. भारत में पाटन के कारण आयातों में वृद्धि हुई है और आयातों में इस वृद्धि से घरेलू उद्योग को वास्तविक क्षति हुई है।

xiv. संबद्ध आयात भारत में मांग-आपूर्ति के अंतर से कहीं अधिक हैं।

xv. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, भारत में मांग-आपूर्ति के अंतर को पूरा करने के लिए आयातों में वृद्धि नहीं हुई है। जांच की अवधि में घरेलू उद्योग के पास निष्क्रिय क्षमताएं थीं। यदि घरेलू उद्योग ऐसी क्षमताओं का उपयोग करने में सक्षम होता, तो वह अपनी बाजार हिस्सेदारी को दोगुना कर सकता था।

xvi. संबद्ध आयातों से घरेलू उद्योग की कीमतों में कटौती हो रही है।

xvii. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत किए गए अनुरोधों के विपरीत, कीमत कटौती का निर्धारण केवल जांच की अवधि के लिए किया जाना आवश्यक है।

xviii. संबद्ध आयातों की कीमतें घरेलू उद्योग की बिक्री लागत से भी कम हैं।

xix. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने यह दावा किया है कि वर्ष 2021-22 और 2022-23 में मांग-आपूर्ति के अंतर के कारण कीमतों में वृद्धि हुई हैं और उसके बाद सामान्य हो गई हैं। तथापि, चूंकि जांच की अवधि में मांग-आपूर्ति का अंतर अधिक है, इसलिए कीमतें अधिक होनी चाहिए थीं, कम नहीं।

xx. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने ऐसा कोई कारक नहीं बताया है जो यह दर्शाता हो कि विचाराधीन उत्पाद की कीमतों में परिवर्तन आवर्ती प्रकृति का है। कीमतों में गिरावट भारत में पाटन होने के कारण हुई है।

xxi. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने यह उचित नहीं ठहराया है कि रूस-यूक्रेन संघर्ष के कारण कीमत में वृद्धि कैसे हुई। इसके अलावा, ऐसी घटना का लागत और कीमत दोनों पर प्रभाव पड़ना चाहिए था। तथापि, क्षति अवधि के दौरान बिक्री की लागत में वृद्धि हुई है, जबकि बिक्री कीमतों में गिरावट आई है।

xxii. क्षति अवधि के दौरान बिक्री की लागत में वृद्धि हुई है, जबकि पहुंच कीमत में गिरावट आई है।

xxiii. विगत वर्ष की तुलना में, बिक्री की लागत में कमी आई है, जबकि पहुंच कीमत में बिक्री की लागत में कमी की तुलना में कहीं अधिक गिरावट आई है।

xxiv. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, एच-ग्लास और ई-सीआर ग्लास दोनों ही विचाराधीन उत्पाद का भाग हैं। चूंकि वर्तमान जांच में पी सी एन शामिल हैं, इसलिए प्राधिकारी द्वारा पी सी एन के आधार पर मार्जिन निर्धारित किया जाएगा।

xxv. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, घरेलू उद्योग ने सी एस एम के निर्माण के लिए पाउडर बाइंडर का आयात नहीं किया है, जिसके कारण लागत में वृद्धि होती।

xxvi. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, चूंकि घरेलू उद्योग संबद्ध वस्तुओं का निजी उपभोग करता है और साथ ही व्यापारिक बाजार में भी बिक्री करता है, इसलिए आवेदक ने व्यापारिक बाजार के संबंध में प्रचालन प्रदान करने के लिए शुद्ध क्षमता और उत्पादन के संबंध में सूचित किया है।

xxvii. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के दावे के विपरीत, घरेलू उद्योग की क्षमताएं कभी अस्थिर नहीं रहीं हैं।

xxviii. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, उच्च निर्यात कीमत यह दर्शाती है कि घरेलू बिक्री कीमत पाटन के कारण खराब है।

xxix. इस अनुरोध के विपरीत कि अन्य उत्पादक ने क्षति का दावा नहीं किया है, आवेदक कुल भारतीय उत्पादन का बड़ा हिस्सा है और अन्य उत्पादक की भागीदारी न होने से कोई प्रतिकूल निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता।

xxx. संबद्ध आयातों में वृद्धि के साथ, आवेदक के उत्पादन और घरेलू बिक्री में गिरावट आई है।

xxxi. जबकि भारत में मांग में वृद्धि हुई है, घरेलू उद्योग की घरेलू बिक्री में गिरावट आई है।

xxxii. यद्यपि भारत में पर्याप्त मांग है, फिर भी आवेदक को वस्तु के संचय के कारण हानि हो रही है।

xxxiii. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, क्षति अवधि के दौरान सभी संबद्ध देशों से आयातों का हिस्से में वृद्धि हुई है।

xxxiv. जबकि घरेलू उद्योग की बाजार हिस्सेदारी में गिरावट आई है, संबद्ध आयातों की हिस्सेदारी में क्षति अवधि के दौरान वृद्धि हुई है।

xxxv. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, वस्तुसूची में वृद्धि निर्यात बिक्री में गिरावट आने के कारण नहीं है, जो इस तथ्य से स्पष्ट हो जाती है कि घरेलू उद्योग की घरेलू बिक्री में गिरावट आई है। यदि निर्यात बाजार की कमी के कारण वस्तुसूची में वृद्धि हुई होती, तो घरेलू उद्योग की घरेलू बिक्री में या तो वृद्धि होनी चाहिए थी या स्थिर रहनी चाहिए थी।

xxxvi. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, वस्तुसूची में वृद्धि 2020-21 में भट्टियों के बंद होने के कारण नहीं है क्योंकि घरेलू उद्योग की वस्तुसूची वर्ष 2020-21 और 2021-22 में कम थी।

xxxvii. जांच की अवधि में घरेलू उद्योग की लाभप्रदता में उल्लेखनीय गिरावट आई है।

xxxviii. घरेलू उद्योग के नकदी लाभ और नियोजित पूंजी पर प्रतिफल में भी गिरावट आई है।

xxxix. घरेलू उद्योग द्वारा अर्जित नियोजित पूंजी पर प्रतिफल, सावधि जमा से अर्जित प्रतिफल से कम है।

xl. घरेलू उद्योग द्वारा अर्जित नियोजित पूंजी पर प्रतिफल भविष्य के पूंजी निवेश पर विचार करने के लिए पर्याप्त नहीं है।

xli. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, वार्षिक रिपोर्टों में अन्य उत्पादों के प्रदर्शन, निर्यात प्रदर्शन के साथ-साथ घरेलू प्रदर्शन सहित घरेलू उद्योग के कुल प्रदर्शन के बारे में जानकारी शामिल होती है। तथापि, पाटनरोधी जांच में, केवल समान वस्तु के संबंध में प्रदर्शन को ही देखा जाना होता है।

xlii. क्षति को घरेलू उद्योग के अंतर्निहित कारकों जैसे विद्युत और ईंधन, किराया, माल भाड़ा लागत और विदेशी मुद्रा हानि के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है। इसके अलावा, सी एस आर खर्च कानून के अनुसार वहन किया गया है।

xliii. घरेलू उद्योग की भट्टी वर्ष 2020-21 में कोविड के संबंध मे लॉकडाउन होने के कारण बंद थी। जांच की अवधि में कोविड-19 का कोई प्रभाव नहीं है।

xliv. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, क्षति को घरेलू उद्योग की कच्ची सामग्री की लागत के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है क्योंकि घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत में कच्ची सामग्री की कीमतों में परिवर्तन के अनुरूप परिवर्तन होना चाहिए।

xlv. चूंकि घरेलू उद्योग बिक्री लागत के अनुरूप अपनी बिक्री कीमत में परिवर्तन करने में असमर्थ था, इसलिए पाटन जैसे बाहरी कारकों के कारण क्षति हुई है।

xlvi. घरेलू उद्योग ने निर्यात प्रदर्शन के आधार पर क्षति होने का दावा नहीं किया है; इस प्रकार, निर्यात की लाभप्रदता क्षति के आकलन को प्रभावित नहीं करेगी। किसी भी स्थिति में, संबंधित पक्षकारों को निर्यात एक निश्चित सीमा तक किया जाता है।

xlvii. घरेलू उद्योग ने सहयोगियों के साथ लेन-देन के आधार पर क्षति का दावा नहीं किया है।

xlviii. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, घरेलू उद्योग को ब्याज लागत में वृद्धि होने के कारण क्षति नहीं हुई है। घरेलू उद्योग का पी बी आई टी, जिसमें ब्याज लागत शामिल नहीं है, में भी क्षति अवधि के दौरान कमी आई है।

xlix. निर्यात की मात्रा में परिवर्तन होने को क्षति का कारण नहीं माना जा सकता क्योंकि घरेलू उद्योग ने केवल अपने घरेलू परिचालनों के आधार पर क्षति होने का दावा किया है। घरेलू उद्योग ने कम क्षमता उपयोग पर परिचालन किया है, यदि कोई पाटन नहीं होता, तो घरेलू उद्योग इस क्षमता का उपयोग करने में सक्षम होता।

l. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, घरेलू उद्योग की लागत संरचना में कोई अक्षमता नहीं है। आयात कीमत में गिरावट भारत में पाटन होने के कारण है।

li. घरेलू उद्योग को होने वाली क्षति सौर फार्म या वेस्ट हीट रिकवरी में निवेश के कारण नहीं हो सकती क्योंकि ऐसा निवेश 2021 में किया गया था, न कि जांच की अवधि में। इसके अलावा, ऐसे निवेशों से उत्पादन लागत में कमी आ सकती है, न कि लागत में वृद्धि।

lii. कोई आंतरिक अकुशलता नहीं है जो अतीत में उच्च क्षमता उपयोग और बाजार हिस्सेदारी, बेहतर निर्यात और बेहतर निर्यात मूल्य निर्धारण से स्पष्ट है।

liii. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, प्राधिकारी ने वर्तमान जांच में पी सी एन पर विचार किया है। इस प्रकार, एच-ग्लास को शामिल करने से बहरीन से आयातों के लिए क्षति मार्जिन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा क्योंकि उक्त देश से कोई आयात नहीं हुआ है।

liv. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, प्रदान की गई पूंजीगत लागत में संपत्ति, संयंत्र और उपकरण की बिक्री के लेनदेन में दर्शाई गई लागत शामिल नहीं है।

lv. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, प्राधिकारी स्टॉक व्यापार और प्रतिभूति प्रीमियम को क्षतिरहित मूल्य के भाग के रूप में नहीं मानता है।

lvi. अन्य हितबद्ध पक्षों ने नियोजित पूँजी पर प्रतिफल से संबंधित निवेदनों के लिए कृत्रिम ऋण इक्विटी अनुपात पर विचार किया है। वास्तविक अनुपात काफी भिन्न हो सकते हैं।

lvii. औषधि नियंत्रण आदेश, 1987 का संदर्भ उचित नहीं है क्योंकि इसके तहत उत्पादन की कुल लागत में वृद्धि अनुमत की जाती है। तथापि, प्राधिकारी कृत्रिम रूप से कम की गई लागत पर विचार करते हैं और इसलिए, यहां तक कि क्षतिरहित कीमत से घरेलू उद्योग की पूरी लागत की वसूली भी अनुमत नहीं हो सकती है।

lviii. क्षतिरहित कीमत के निर्धारण के लिए नियोजित पूंजी पर 22% के प्रतिफल के संबंध में सेस्टेट द्वारा निर्धारित सिद्धांतों का पालन किया जाना चाहिए। ब्रिजस्टोन टायर मैन्युफैक्चरिंग मामले में, अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने साक्ष्य प्रस्तुत किए थे कि वैश्विक प्रतिफल कम थे। इस निर्णय के बाद, सेस्टेट ने कई निर्णयों में 22% प्रतिफल को उचित ठहराया है।

lix. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, यूरोपीय संघ और भारतीय प्राधिकारी द्वारा उचित बिक्री कीमत का निर्धारण करने में अंतर है। यूरोपीय संघ कच्ची सामग्री, यूटिलिटी एवं क्षमताओं के अनुकूलन और घरेलू उद्योग द्वारा किए गए सभी खर्चों के समायोजन के बिना कुल उत्पादन लागत के आधार पर उचित बिक्री निर्धारित करता है। अत: यूरोपीय संघ द्वारा विचारित

उचित बिक्री कीमत, लागत की पूरी वसूली के साथ-साथ कुछ लाभ भी प्रदान करती है।

ज.3. प्राधिकारी द्वारा जांच

110. प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग को हुई क्षति के संबंध में हितबद्ध पक्षकारों के तर्कों और प्रतितर्कों की जांच की है। प्राधिकारी द्वारा नीचे दिया गया विश्लेषण हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत किए गए विभिन्न अनुरोधों पर आधारित है।

111. इस अनुरोध के संबंध में कि वर्ष 2020-21 को आधार वर्ष नहीं माना जाना चाहिए क्योंकि यह कोविड-19 के कारण प्रभावित हुआ था, प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग का प्रदर्शन वर्ष 2020-21, 2021-22 और 2022-23 की तुलना में खराब हुआ है। प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग का प्रदर्शन वर्ष 2020-21 की तुलना में वर्ष 2021-22 और 2022-23 में अधिक खराब हुआ है। इस प्रकार, वर्ष 2020-21 को आधार वर्ष मानने से किसी भी हितबद्ध पक्षकार को कोई नुकसान नहीं हुआ है।

112. इस अनुरोध के संबंध में कि निवल अचल परिसंपत्तियों में गिरावट आई है लेकिन मूल्यह्रास में वृद्धि हुई है, प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग ने उपयुक्त और तर्कसंगत आधार पर पी यू सी और एन पी यू सी के लिए मूल्यह्रास आवंटित किया है। क्षति अवधि के दौरान निवल अचल परिसंपत्तियों और मूल्यह्रास दोनों में गिरावट देखने में आई है।

113. इस अनुरोध के संबंध में कि आवेदक द्वारा दिया गया कुल आयात बढ़ा-चढ़ाकर बताया गया है, प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि उन्होंने वर्तमान जांच के प्रयोजन के लिए डीजी सिस्टम्स के आंकड़ों पर भरोसा किया है और आवेदक द्वारा प्रदान किए गए आयातों पर विचार नहीं किया है।

114. इस अनुरोध के संबंध में कि अन्य घरेलू उत्पादक ने क्षति का दावा नहीं किया है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि क्षति विश्लेषण घरेलू उद्योग के लिए किया जाता है। चूँकि कुल घरेलू उत्पादन में आवेदक का बड़ा योगदान है, इसलिए वर्तमान जाँच में केवल घरेलू उद्योग को हुई क्षति ही प्रासंगिक है।

115. वार्षिक रिपोर्ट में उल्लिखित घरेलू उद्योग के उच्च ईबीआईडीटीए के संबंध में, प्राधिकारी नोट करते हैं कि पाटनरोधी जाँच में, केवल विचाराधीन उत्पाद के आँकड़े ही प्रासंगिक होते हैं। चूँकि वार्षिक रिपोर्ट में घरेलू बिक्री और निर्यात सहित सभी उत्पादों के लिए घरेलू उद्योग का निष्पादन शामिल होता है, इसलिए वार्षिक रिपोर्टों में ईबीआईडीटीए वर्तमान जाँच के लिए प्रासंगिक नहीं है।

116. आवेदक द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों के सत्यापन की आवश्यकता संबंधी अनुरोध के संबंध में, प्राधिकारी नोट करते हैं कि विस्तृत डेस्क सत्यापन के साथ-साथ संयंत्र संबंधी सत्यापन भी किया जा चुका है। प्राधिकारी ने वर्तमान अंतिम जांच परिणामों के प्रयोजनार्थ आवेदक के सत्यापित आंकड़ों पर विश्वास किया है।

ज.3.1. क्षति का संचयी आंकलन

117. पाटनरोधी नियमों के अनुबंध-II (iii) और विश्व व्यापार संगठन करार (डब्ल्यू टी ओ) के अनुच्छेद 3.3 में यह प्रावधान है कि यदि कहीं ऐसे देश से अधिक देशों से उत्पाद का आयात साथ-साथ किया जा रहा हो और उसे पाटनरोधी जांचों में रखा जा रहा हो, तो प्राधिकारी ऐसे आयातों के प्रभाव का संचयी रूप से मूल्यांकन करेंगे, यदि वह यह निर्धारित करे कि :

(क) प्रत्येक देश से आयातों के संबंध में स्थापित पाटन का मार्जिन निर्यात कीमत के प्रतिशत के रूप में 2 प्रतिशत से अधिक अभिव्यक्त हो और प्रत्येक देश से आयात की मात्रा समान वस्तु के आयात के 3 प्रतिशत (या उससे अधिक) हो अथवा जहां अलग-अलग देशों से निर्यात 3 प्रतिशत से कम हो, सामूहिक रूप से आयात समान वस्तु के आयात के 7 प्रतिशत से अधिक बनता हो तथा

(ख) आयातों के प्रभाव का संचयी मूल्यांकन आयातित वस्तु और समान घरेलू वस्तु के बीच प्रतिस्पर्धा की शर्तों के आलोक में उपयुक्त है ।

118. वर्तमान मामले में, प्रत्येक संबद्ध देश से आयात की मात्रा और पाटन मार्जिन न्यूनतम से अधिक है। इसके अतिरिक्त, संबद्ध देशों से आयात और घरेलू उद्योग द्वारा निर्मित उत्पाद में परस्पर तुलनीय गुण हैं और इनका उपयोग समान अनुप्रयोगों के लिए तथा

समान ग्राहक वर्ग द्वारा किया जा रहा है। इस प्रकार, संबद्ध आयात भारतीय बाजार में परस्पर प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं और साथ ही घरेलू उद्योग द्वारा निर्मित संबद्ध वस्तुओं के साथ भी प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।

119. इस अनुरोध के संबंध में कि एक संबद्ध देश से आयात मूल्य अन्य संबद्ध देशों की तुलना में अधिक था, संबद्ध देशों से आयातों के टैरिफ और उत्पाद विनिर्देशों में अंतर है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि आयातों के संचयन के लिए इसका आकलन करने की कोई आवश्यकता नहीं है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि सभी जाँचों में, जहाँ एक से अधिक देशों से आयातों का एक साथ आकलन किया जा रहा है, एक देश से आयात मूल्य दूसरे देश से अधिक हो सकता है। इसके अतिरिक्त, संचयी विश्लेषण समग्र उत्पाद के लिए किया जाता है, न कि उत्पाद प्रकारों के लिए।

120. इस प्रकार, प्राधिकारी का यह निष्कर्ष है कि निम्नलिखित कारणों से वर्तमान जांच में क्षति का संचयी मूल्यांकन करना उचित होगा।

क. संबद्ध वस्तुओं को संबद्ध देशों से भारत में पाटित किया जा रहा है।

ख. प्रत्येक संबद्ध देश से पाटन का मार्जिन नियमों के अंतर्गत निर्धारित *न्यूनतम सीमा से*

अधिक है।

ग. प्रत्येक संबद्ध देश से आयात की मात्रा कुल आयात मात्रा के 3% से अधिक है।

घ. आयात के प्रभावों का संचयी मूल्यांकन उपयुक्त है क्योंकि संबद्ध देशों से आयात न केवल

संबद्ध देशों में से प्रत्येक से आयात के साथ सीधे प्रतिस्पर्धा करते हैं, बल्कि भारतीय बाजार

में घरेलू उद्योग द्वारा पेश की गई समान वस्तुओं के साथ भी प्रतिस्पर्धा करते हैं।

ज.3.2. पाटित किए गए आयातों का मात्रा प्रभाव

क) <u>मांग / प्रत्यक्ष खपत का आकलन</u>

121. वर्तमान जाँच के प्रयोजनार्थ, प्राधिकारी ने भारत में उत्पाद की मांग या प्रत्यक्ष खपत को भारतीय उत्पादकों की घरेलू बिक्री और सभी स्रोतों से आयात के योग के रूप में परिभाषित किया है। इस प्रकार मूल्यांकित मांग नीचे तालिका में दी गई है।

विवरण	इकाई	2020-21	2021-22	2022-23	पीओआई
आबद्ध को छोड़कर					
घरेलू उद्योग की बिक्री	एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	126	68	84
अन्य घरेलू उत्पादकों की बिक्री	एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	91	53	78
संबद्ध देशों से आयात	एमटी	32,822	43,378	1,00,695	1,13,984
अन्य देशों से आयात	एमटी	15,580	14,944	4,755	3,863
कुल मांग	एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	120	128	149
आबद्ध सहित					
घरेलू उद्योग की बिक्री	एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	127	89	100
अन्य घरेलू उत्पादकों की बिक्री	एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	91	53	78
संबद्ध देशों से आयात	एमटी	32,822	43,378	1,00,695	1,13,984
अन्य देशों से आयात	एमटी	15,580	14,944	4,755	3,863
कुल मांग	एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	122	126	142

122. प्राधिकारी नोट करते हैं कि भारत में संबद्ध वस्तुओं की मांग, जिसमें आबद्ध खपत को शामिल करके एवं आबद्ध खपत को छोड़कर, में क्षति अवधि के दौरान वर्ष दर वर्ष वृद्धि हुई है।

123. इस अनुरोध के संबंध में कि मांग पर इसलिए भरोसा नहीं किया जा सकता क्योंकि इसमें एच-ग्लास और अन्य ग्लास फाइबर रोविंग्स शामिल हैं, प्राधिकारी नोट करते हैं कि चूंकि ऐसे उत्पाद विचाराधीन उत्पाद के दायरे में शामिल हैं और संबद्ध देशों से आयात किए जाते हैं तथा साथ ही घरेलू उद्योग द्वारा व्यापारिक बाजार में बेचे जाते हैं, इसलिए निर्धारित मांग उचित है।

ख) <u>संबंधित देशों से आयात मात्रा</u>

124. आयातों की मात्रा के संबंध में, प्राधिकारी को यह विचार करना आवश्यक है कि क्या आयातों में, चाहे निरपेक्ष रूप से या भारत में उत्पादन या खपत के सापेक्ष, उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। क्षति अवधि के दौरान संबद्ध देशों से आयात की मात्रा निम्नानुसार थी:

विवरण	इकाई	2020-21	2021-22	2022-23	पीओआई
संबद्ध देशों से आयात	एमटी	32,822	43,378	1,00,695	1,13,984
अन्य देशों से आयात	एमटी	15,580	14,944	4,755	3,863
कुल आयात	एमटी	48,402	58,322	1,05,450	1,17,846
निम्नलिखित के संबंध में संबद्ध आयात					
घरेलू उत्पादन	%	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	100	246	321
खपत/मांग	%	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	110	243	243
कुल आयात	%	68%	74%	95%	97%

125. प्राधिकारी नोट करते हैं कि:

i. क्षति अवधि के दौरान संबद्ध देशों से आयात की मात्रा में वर्ष दर वर्ष वृद्धि हुई है।

ii. क्षति अवधि के दौरान भारत में उत्पादन के संबंध में आयात में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

ii. क्षति अवधि के दौरान भारत में खपत के संबंध में आयात में भी वृद्धि हुई है।

iv. जबकि आधार वर्ष में कुल आयातों में संबद्ध आयातों का हिस्सा 68% था, जांच अवधि में यह उल्लेखनीय रूप से बढ़कर 97% हो गया है।

126. प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि संबद्ध आयातों में भारत में मांग में वृद्धि की दर की तुलना में कहीं अधिक गति से वृद्धि हुई है। क्षति अवधि के दौरान, आबद्ध उपभोग को छोड़कर मांग में ***% की वृद्धि हुई है, जबकि संबद्ध आयातों में 247% की वृद्धि हुई है।

127. प्राधिकारी नोट करते हैं कि भारत में मांग-आपूर्ति के अंतर को पूरा करने के कारण संबद्ध आयातों में वृद्धि हुई है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि संबद्ध आयात मांग-आपूर्ति के अंतर से अधिक हैं। वास्तविक रूप से, आधे से अधिक आयात भारत में मांग-आपूर्ति के अंतर से अधिक हैं। इस प्रकार, आयातों में इस वृद्धि को केवल भारत में मांग-आपूर्ति के अंतर के कारण नहीं माना जा सकता।

विवरण	इकाई	पीओआई
भारत में क्षमता	एमटी	***
भारत में मांग	एमटी	***
मांग-आपूर्ति अंतर	एमटी	***
संबद्ध आयात	एमटी	1,13,984
मांग-आपूर्ति अंतर के अतिरिक्त संबद्ध आयात के अधीन	एमटी	61,942
	%	54%

128. थाईलैंड से आयात की प्रवृत्ति वांडा द्वारा किए गए निर्यात की तुलना में भिन्न होने संबंधी आवेदनों के संबंध में, प्राधिकारी नोट करते हैं कि आयातों का विश्लेषण समग्र रूप से संबद्ध देशों के लिए किया जाता है। इसके अतिरिक्त, थाईलैंड से आयात में केवल वांडा से ही नहीं, बल्कि थाईलैंड के सभी उत्पादकों से आयात शामिल हैं। किसी भी स्थिति में, उक्त उत्पादक द्वारा प्रस्तुत उत्तर भारत में पाटन दर्शाता है और इस प्रकार, यह नहीं कहा जा सकता कि इस पाटन से घरेलू उद्योग को क्षति नहीं हुई है।

129. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने कहा है कि उपभोग के संदर्भ में आयातों की तुलना उचित नहीं है क्योंकि उपभोग में ऐसे प्रकार के उत्पाद शामिल हैं जिनका आयात संबद्ध देशों से नहीं किया जाता। प्राधिकारी नोट करते हैं कि यद्यपि किसी उत्पाद प्रकार का आयात संबद्ध देशों में से किसी एक से नहीं किया गया हो, फिर भी उसका आयात अन्य संबद्ध देशों से किया गया है। उपभोग के संदर्भ में आयातों के विश्लेषण में सभी संबद्ध देशों से आयात शामिल हैं। इस प्रकार, उपभोग और आयात दोनों में सभी प्रकार के उत्पाद शामिल हैं।

ज.3.3. पाटित किए गए आयातों का कीमत प्रभाव

130. संबद्ध देशों से आयातों के कीमत प्रभाव के संबंध में, यह विश्लेषण किया जाना आवश्यक है कि क्या कथित आयातों के कारण भारत में समान वस्तु की कीमत की तुलना में मूल्य में उल्लेखनीय कमी आई है, या क्या ऐसे आयातों का प्रभाव कीमतों में कमी लाने या मूल्य वृद्धि, जो अन्यथा सामान्यतः होती, को रोकने के लिए है। संबद्ध देशों से आयातों के कारण घरेलू उद्योग की कीमतों पर पड़ने वाले प्रभाव की जांच कीमत कटौती, कीमत ह्रास और कीमत न्यूनीकरण, यदि कोई हो, के संदर्भ में की गई है।

क) कीमत में कटौती

131. कीमत में कटौती के विश्लेषण के प्रयोजनार्थ, घरेलू उद्योग के बिक्री कीमत की तुलना संबद्ध देशों से आयातों के पहुँच कीमत से की गई है। इस संबंध में, उत्पाद के पहुँच मूल्य और घरेलू उद्योग के औसत बिक्री कीमत के बीच तुलना की गई है। निष्पक्ष तुलना सुनिश्चित करने के लिए, प्राधिकारी ने पीसीएन-वार कीमत में कटौती की गणना

की है और तत्पश्चात इसे भारित औसत के आधार पर समेकित किया है। भारित औसत कीमत में कटौती निम्नलिखित है।

विवरण	इकाई	बहरीन	चीन पीआर	थाईलैंड	संबद्ध देश
निवल बिक्री प्राप्ति	₹/एमटी	***	***	***	***
पहुंच कीमत	₹/एमटी	***	***	***	***
कीमत में कटौती	₹/एमटी	***	***	***	***
कीमत में कटौती	%	***	***	***	***
कीमत में कटौती	श्रेणी	50-60%	50-60%	80-90%	40-50%

132. प्राधिकारी नोट करते हैं कि संबद्ध आयातों की कीमतें घरेलू उद्योग के बिक्री कीमत से कम हैं। सभी संबद्ध देशों से कीमतों में कटौती सकारात्मक और महत्वपूर्ण है।

133. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत इस अनुरोध के संबंध में कि पिछले वर्षों के लिए कीमतों में कटौती का प्रावधान नहीं किया गया है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि केवल जाँच अवधि के लिए ही कीमतों में कटौती की जाँच करना प्राधिकारी की एक निरंतर कार्यप्रणाली रही है। प्राधिकारी ने कीमत ह्रास और न्यूनीकरण के विश्लेषण में समग्र रूप से क्षति अवधि के लिए बिक्री कीमत, बिक्री लागत और पहुँच कीमत की प्रवृत्तियों का विश्लेषण किया है।

ख) कीमत ह्रास/न्यूनीकरण

134. यह निर्धारित करने के लिए कि क्या पाटित आयातों से घरेलू कीमतें अत्यधिक रूप से कम हो रही हैं या क्या ऐसे आयातों का प्रभाव कीमतों को काफी हद तक कम करना है या कीमतों, जो अन्यथा सामान्य स्थिति में होती, में वृद्धि को रोकना है, प्राधिकारी ने क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की लागतों और कीमतों में हुए परिवर्तनों की जांच की है।

विवरण	इकाई	2020-21	2021-22	2022-23	पीओआई

बिक्री की लागत	₹/एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	111	147	111
बिक्री कीमत	₹/एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	139	161	100
पहुंच कीमत	₹/एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	160	143	92

135. प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग की बिक्री लागत और बिक्री कीमत दोनों में 2022-23 तक वृद्धि हुई है। जाँच अवधि के दौरान, बिक्री कीमत, बिक्री लागत और पहुँच मूल्य में पिछले वर्ष की तुलना में गिरावट आई है। हालाँकि, बिक्री कीमत में यह गिरावट घरेलू उद्योग की बिक्री लागत में आई गिरावट से कहीं अधिक है। जाँच अवधि में पहुँच मूल्य में बिक्री लागत में आई गिरावट से अधिक गिरावट आई है। इस प्रकार, संबद्ध आयातों की पहुँच कीमत ने घरेलू उद्योग की कीमतों पर दबाव डाला है।

136. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने अनुरोध किया है कि कोविड के कारण बिक्री कीमत और लागत प्रभावित हुई है और केवल जाँच अवधि में ही स्थिर हुई है, अतः कीमत पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि अभिलेखों में ऐसा कोई साक्ष्य नहीं है जो घरेलू उद्योग की लागत और कीमत पर कोविड के संभावित प्रतिकूल प्रभाव को दर्शाता हो। प्राधिकारी नोट करते हैं कि आधार वर्ष 2021-22 और वर्ष 2022-23 में घरेलू उद्योग लाभदायक रहा।

137. आवेदक द्वारा दर्शाए गए आवेदनों के संबंध में कि केवल चीन जन.गण. से आयात के कारण ही कीमत पर दबाव पड़ रहा है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि रिकार्ड में उपलब्ध सूचना दर्शाती है कि सभी संबद्ध देशों से आयात के कारण घरेलू उद्योग की कीमतों पर कीमत का दबाव पड़ा है।

138. इस अनुरोध के संबंध में कि मांग में वृद्धि, उत्पाद की कमी और माल की आवाजाही पर प्रतिबंध के कारण 2021-22 और 2022-23 में बिक्री कीमत में वृद्धि हुई, प्राधिकारी नोट करते हैं कि माल की आवाजाही पर प्रतिबंध के संबंध में रिकॉर्ड में कोई साक्ष्य नहीं है। अन्य कारकों के संबंध में, ऐसे कारक जाँच अवधि में भी प्रचलित थे।

139. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने अनुरोध किया है कि रूस-यूक्रेन संघर्ष के कारण वर्ष 2021-22 और वर्ष 2022-23 में आयात कीमत में वृद्धि हुई और जाँच अवधि में बाजार की स्थिति सामान्य होने के कारण इसमें गिरावट आई, न कि पाटन के कारण। प्राधिकारी नोट करते हैं कि सहयोगी उत्पादकों द्वारा अनुरोध उत्तर भारत में विचाराधीन उत्पाद की पाटन को दर्शाता है। पाटन मार्जिन सकारात्मक और महत्वपूर्ण है। इसलिए, यह दावा कि कीमतों में गिरावट के लिए कोई पाटन नहीं है, तथ्यों द्वारा समर्थित नहीं है।

140. सीएसएम के निर्माण हेतु पाउडर बाइंडर के आयात के कारण घरेलू उद्योग की लागत अधिक होने संबंधी आवेदनों के संबंध में, प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग ने पाउडर बाइंडर का आयात नहीं किया है और न ही पाउडर बाइंडर सीएसएम का उत्पादन करता है। इस प्रकार, ऐसे उत्पाद को पहले ही विचाराधीन उत्पाद के दायरे से बाहर कर दिया गया है।

ज.3.4. घरेलू उद्योग के आर्थिक मानदंड

141. पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध-।। में यह अपेक्षित है कि क्षति के निर्धारण में समान उत्पाद के घरेलू उत्पादकों पर इन आयातों के परिणामी प्रभाव की तथ्यपरक जांच शामिल होगी । नियमों में आगे यह उपबंध है कि घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों के प्रभाव की जांच में समस्त संगत आर्थिक मापदंडों और बिक्री, लाभ, उत्पादन, बाजार हिस्से, उत्पादकता, निवेश पर आय अथवा क्षमता उपयोग में वास्तविक एवं संभावित गिरावट सहित घरेलू उद्योग की स्थिति पर प्रभाव डालने वाले संकेतकों; घरेलू कीमतों, पाटन मार्जिन की मात्रा, नकद प्रवाह, मालसूची, रोजगार, मजदूरी, वृद्धि, पूंजी निवेश जुटाने की क्षमता पर वास्तविक और संभावित नकारात्मक प्रभावों का तथ्यपरक एवं निष्पक्ष मूल्यांकन शामिल होगा । तदनुसार, क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग के कार्यनिष्पादन की जांच की गई है।

क) उत्पादन, क्षमता, क्षमता उपयोग और बिक्री मात्रा

142. क्षति अवधि के दौरान क्षमता, उत्पादन, बिक्री और क्षमता उपयोग के संबंध में घरेलू उद्योग का निष्पादन निम्नानुसार रहा:

विवरण	इकाई	2020-21	2021-22	2022-23	पीओआई
संस्थापित क्षमता	एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	100	100	100
निवल क्षमता*	एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	90	93	92
कुल उत्पादन	एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	139	128	108
निवल उत्पादन*	एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	147	134	96
क्षमता उपयोग	%	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	139	128	108
निवल क्षमता उपयोग*	%	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	163	144	105
घरेलू बिक्री	एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	126	68	84
निर्यात बिक्री	एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	49	175	218
आबद्ध उपभोग	एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	128	119	122

**केवल व्यापारी बाजार के लिए*

143. प्राधिकारी नोट करते हैं कि:

क. घरेलू उद्योग की स्थापित क्षमता संपूर्ण क्षति अवधि के दौरान स्थिर बनी रही।

ख. व्यापारिक बाज़ार के लिए घरेलू उद्योग के उत्पादन में पिछले वर्ष और आधार वर्ष की तुलना में जाँच अवधि में गिरावट आई है। घरेलू उद्योग के कुल उत्पादन में वृद्धि हुई है; हालाँकि, यह उत्पादन आबद्ध उपभोग के लिए है।

ग. आधार वर्ष की तुलना में वर्ष 2021-22 में घरेलू उद्योग की क्षमता उपयोग में वृद्धि हुई, लेकिन उसके बाद गिरावट आई।

घ. घरेलू उद्योग की घरेलू बिक्री में वर्ष 2021-22 में वृद्धि हुई और उसके बाद वर्ष 2022-23 में कमी आई। जाँच अवधि में घरेलू बिक्री 2022-23 की तुलना में बढ़ी है, हालाँकि, आधार वर्ष और 2021-22 की तुलना में कम रही है।

144. प्राधिकारी नोट करते हैं कि अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने अनुरोध किया है कि घरेलू उद्योग द्वारा निर्यात बिक्री और आबद्ध उपभोग पर अधिक ध्यान केंद्रित करने के कारण घरेलू उद्योग की घरेलू बिक्री में गिरावट आई है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि भारत में घरेलू उद्योग के समक्ष अपनी कुल क्षमताओं का उपयोग करने हेतु पर्याप्त मांग है। तथापि, घरेलू उद्योग अपनी क्षमता उपयोग में वृद्धि नहीं कर पाया है। यद्यपि निर्यात बिक्री और आबद्ध उपभोग में वृद्धि हुई है, घरेलू उद्योग के पास अप्रयुक्त क्षमताएँ हैं जिनका उपयोग व्यापारिक बाजार में उत्पादन और बिक्री के लिए किया जा सकता था। इस प्रकार, घरेलू बिक्री में गिरावट निर्यात या आबद्ध उपभोग में वृद्धि के परिणामस्वरूप नहीं है।

145. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने अनुरोध किया है कि वर्ष 2019 में नई भट्टियों की स्थापना के कारण वर्ष 2021-22 में घरेलू उद्योग के क्षमता उपयोग में वृद्धि हुई है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि इससे घरेलू उद्योग की क्षमताओं में वृद्धि हुई है। वर्तमान जाँच में, क्षमताओं में यह वृद्धि आधार वर्ष से बहुत पहले हुई थी। क्षमताओं में विस्तार से क्षमता उपयोग में गिरावट आ सकती है, लेकिन इससे क्षमता उपयोग में कृत्रिम वृद्धि नहीं होती है क्योंकि प्रत्येक मामले में उत्पादन में वृद्धि, क्षमताओं में वृद्धि के अनुरूप नहीं हो सकती है।

ख) बाजार में हिस्सेदारी

146. आयात और घरेलू उद्योग का बाजार हिस्सा नीचे तालिका में दिया गया है:

विवरण	इकाई	2020-21	2021-22	2022-23	पीओआई
आबद्ध को छोड़कर बाजार हिस्सेदारी					
घरेलू उद्योग	%	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	105	53	56

अन्य भारतीय उत्पादक	%	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	75	41	52
संबद्ध आयात	%	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	110	239	233
अन्य आयात	%	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	80	24	17
आबद्ध सहित बाजार हिस्सेदारी					
घरेलू उद्योग	%	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	104	71	70
अन्य भारतीय उत्पादक	%	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	74	42	55
संबद्ध आयात	%	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	108	244	244
अन्य आयात	%	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	78	24	17

147. प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग, अन्य भारतीय उत्पादकों तथा अन्य देशों से आयातों की बाजार हिस्सेदारी में क्षति अवधि के दौरान गिरावट आई है तथा संबद्ध आयातों की हिस्सेदारी में वृद्धि हुई है।

ग) मालसूची

148. क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की मालसूची संबंधी स्थिति नीचे तालिका में दी गई है:

विवरण	इकाई	2020-21	2021-22	2022-23	पीओआई
प्रारंभिक मालसूची	एमटी	***	***	***	***
अंतिम माल सूची	एमटी	***	***	***	***
औसत मालसूची	एमटी	***	***	***	***

प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	104	215	206

149. प्राधिकारी नोट करते हैं कि क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग के मदसूचियों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। यद्यपि भारत में पर्याप्त मांग है, फिर भी घरेलू उद्योग को मदसूची के संचय के कारण नुकसान हुआ है।

150. इन अनुरोधों के संबंध में कि घरेलू उद्योग ने निर्यात की पूर्ति हेतु मालसूचियों का संचयन कर लिया है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग के पास निष्क्रिय क्षमताएँ होने के साथ-साथ संचित मालसूची भी है। ऐसे बाजार में जहाँ पर्याप्त माँग है, घरेलू उद्योग को व्यापारिक बाजार में बिक्री करने में सक्षम होना चाहिए था। हालाँकि, कम कीमत वाले आयातों के कारण, घरेलू उद्योग घरेलू बाजार की पूर्ति करने में असमर्थ है और इसकी बाजार हिस्सेदारी में गिरावट आई है।

151. इन आवेदनों के संदर्भ में कि घरेलू उद्योग ने कोविड के दौरान ग्राहकों की मांग को पूरा करने के लिए आयात किया और स्टॉक किया तथा कोविड के दौरान आवेदक को बंद कर दिया, प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग की मालसूची वर्ष 2020-21 और वर्ष 2021-22 में कम थी।

घ) लाभप्रदता, नकद लाभ और नियोजित पूंजी पर आय

152. क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग का लाभ, नकद लाभ और नियोजित पूंजी पर आय नीचे तालिका में दिया गया है:

विवरण	इकाई	2020-21	2021-22	2022-23	पीओआई
बिक्री की लागत	₹/एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	111	147	111
बिक्री कीमत	₹/एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	139	161	100
लाभ / (हानि)	₹/एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	386	280	15

लाभ / (हानि)	₹ लाख	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	488	191	13
नकद लाभ	₹ लाख	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	302	145	43
नियोजित पूंजी पर आय	%	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	316	204	64

153. प्राधिकारी नोट करते हैं कि:

i. आधार वर्ष की तुलना में वर्ष 2021-22 में घरेलू उद्योग की लाभप्रदता में वृद्धि हुई, लेकिन उसके बाद इसमें गिरावट आई। पिछले वर्ष और आधार वर्ष की तुलना में जाँच अवधि में घरेलू उद्योग की लाभप्रदता में उल्लेखनीय गिरावट आई है।

ii. जांच अवधि में घरेलू उद्योग की लाभप्रदता सबसे कम थी।

iii. नकद लाभ में भी यही प्रवृत्ति रही है।वर्ष 2021-22 में नकद लाभ में वृद्धि हुई और उसके बाद उसमें कमी आई। जाँच अवधि में नकद लाभ सबसे कम था।

iv. घरेलू उद्योग के नियोजित पूंजी पर आय में आधार वर्ष की तुलना में वर्ष 2021-22 में वृद्धि हुई है। घरेलू उद्योग ने वर्ष 2021-22 और वर्ष 2022-23 में बेहतर आय अर्जित की है। हालाँकि, जाँच अवधि में नियोजित पूंजी पर आय में उल्लेखनीय गिरावट आई है।

ङ) रोजगार, उत्पादकता और मजदूरी

154. प्राधिकारी ने रोजगार, मजदूरी और उत्पादकता से संबंधित जानकारी की जांच की है, जो निम्नलिखित है:

विवरण	इकाई	2020-21	2021-22	2022-23	पीओआई
कर्मचारी	संख्या	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	97	95	90

प्रति दिन उत्पादकता	एमटी/दिन	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	139	128	108
प्रति कर्मचारी उत्पादकता	एमटी/संख्या	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	143	135	120
वेतन	₹ लाख	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	142	148	112

155. प्राधिकारी नोट करते हैं कि क्षति अवधि के दौरान कर्मचारियों की संख्या में कमी आई है। क्षति अवधि के दौरान उत्पादकता और मजदूरी में वृद्धि हुई है।

156. कर्मचारियों की संख्या में कमी आने और वेतन में वृद्धि होने संबंधी आवेदनों के संबंध में, प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों का सत्यापन किया गया है। किसी भी स्थिति में, कर्मचारियों की संख्या और वेतन एवं मजदूरी के आधार पर घरेलू उद्योग द्वारा किसी क्षति का दावा नहीं किया गया है।

च) वृद्धि

विवरण	इकाई	2020-21	2021-22	2022-23	पीओआई
संस्थापित क्षमता	%	-	-	-	-
उत्पादन	%	-	39	-8	-16
घरेलू बिक्री	%	-	26	(46)	23
प्रति इकाई लाभ / (हानि)	%	-	286	(27)	(95)
नकद लाभ	%	-	203	(52)	(70)
नियोजित पूंजी पर आय	%	-	216%	(35)	(69)

157. प्राधिकारी नोट करते हैं कि:

क. क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की क्षमता में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है।

ख. घरेलू उद्योग के परिमाण के साथ-साथ लाभप्रदता मापदंडों ने 2021-22 में सकारात्मक वृद्धि दर्शाई।

ग. पिछले वर्ष की तुलना में 2022-23 में घरेलू उद्योग के मात्रा और लाभप्रदता दोनों मापदंडों में गिरावट आई है।

घ. जांच अवधि के दौरान, जबकि उत्पादन, वित्तीय लाभ, नकद लाभ और नियोजित पूंजी पर आय में गिरावट आई है, घरेलू बिक्री में पिछले वर्ष की तुलना में सकारात्मक वृद्धि देखी गई है।

छ) कीमतों को प्रभावित करने वाले कारक

158. चूँकि संबद्ध आयातों की कीमतें घरेलू उद्योग के बिक्री कीमत और बिक्री लागत से कम हैं, इसलिए घरेलू उद्योग की कीमतों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। इसके अतिरिक्त, आयातों की कीमतें घरेलू उद्योग की क्षति-रहित कीमतों से भी कम हैं। इसके कारण, घरेलू उद्योग अपनी बिक्री लागत में परिवर्तन के अनुरूप अपने उत्पाद की कीमतें निर्धारित नहीं कर पाया है। इसलिए, संबद्ध देशों से आयात घरेलू उद्योग की कीमतों को प्रभावित कर रहे हैं।

ज) पाटन का परिमाण

159. प्राधिकारी नोट करते हैं कि संबद्ध वस्तुओं को संबद्ध देशों से भारत में पाटित किया जा रहा है। पाटन मार्जिन सकारात्मक और महत्वपूर्ण है।

झ) पूंजी निवेश जुटाने की क्षमता

160. प्राधिकारी नोट करते हैं कि जाँच अवधि में घरेलू उद्योग की लाभप्रदता में उल्लेखनीय गिरावट आई है। जाँच अवधि में घरेलू उद्योग का नियोजित पूँजी पर आय सबसे कम थी। ऐसे में, घरेलू उद्योग की पूँजी निवेश जुटाने की क्षमता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है।

ञ) क्षति के मार्जिन का परिमाण

161. प्राधिकारी ने यथासंशोधित अनुबंध III के साथ पठित नियमों में निर्धारित सिद्धांतों के आधार पर घरेलू उद्योग के लिए क्षति-रहित कीमत निर्धारित किया है। जांच की अवधि के लिए उत्पादन की लागत से संबंधित सत्यापित सूचना/आंकड़ों को अपनाकर संबद्ध वस्तुओं की क्षति-रहित कीमत निर्धारित की गई है। क्षति मार्जिन की गणना के लिए संबद्ध देशों से पहुंच कीमत की तुलना करने हेतु क्षति-रहित कीमत पर विचार किया गया है। क्षति-रहित कीमत निर्धारित करने के लिए, क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग द्वारा कच्चे माल, उपयोगिताओं और उत्पादन क्षमता के सर्वोत्तम उपयोग पर विचार किया गया है। यह सुनिश्चित किया गया है कि उत्पादन लागत पर कोई असाधारण या अनावर्ती व्यय नहीं लगाया गया है। नियमों के अनुबंध III में यथानिर्धारित अनुसार क्षति-रहित कीमत पर पहुंचने के लिए विचाराधीन उत्पाद के लिए औसत नियोजित पूंजी (अर्थात, औसत निवल अचल संपत्तियां और औसत कार्यशील पूंजी) पर एक उचित आय (कर-पूर्व @ 22%) को कर-पूर्व लाभ के रूप में अनुमति दी गई थी और इसका पालन किया जा रहा है।

162. सहकारी निर्यातकों के लिए पहुँच कीमत का निर्धारण निर्यातकों द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों के आधार पर किया गया है। संबद्ध देशों के सभी असहयोगी उत्पादकों/निर्यातकों के लिए, प्राधिकारी ने उपलब्ध तथ्यों के आधार पर पहुँच कीमत का निर्धारण किया है।

163. विवाद कि नियोजित पूँजी पर 22% आय अनुचित है, के संबंध में, प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग की क्षति-रहित कीमत का निर्धारण नियोजित पूँजी पर उचित आय, जो 22% है, के आधार पर करना प्राधिकारी की एक निरंतर कार्यप्रणाली रही है। इसके अतिरिक्त, अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्राधिकारी द्वारा अपनी निरंतर कार्यप्रणाली से अलग करने के लिए कोई ठोस साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया है।

164. संपत्ति, संयंत्र और उपकरण की बिक्री के लेन-देन में दर्शाई गई पूंजीगत लागत को हटाने और उस पर लगाए गए मूल्यह्रास पर विचार न करने संबंधी आवेदनों के संबंध में, प्राधिकारी नोट करते हैं कि प्राधिकारी की कार्यप्रणाली के अनुसार ही पूंजीगत लागत पर विचार किया गया है। संपत्ति, संयंत्र और उपकरण की बिक्री में दर्शाई गई पूंजीगत लागत और उस पर लगाए गए मूल्यह्रास पर विचार नहीं किया गया है।

165. उपर्युक्त अनुसार निर्धारित पहुंच कीमत और क्षतिरहित कीमत के आधार पर, उत्पादकों/निर्यातकों के लिए क्षति मार्जिन प्राधिकारी द्वारा निर्धारित किया गया है और इसे नीचे तालिका में दिया गया है: -

क्षति मार्जिन तालिका

क्रम. सं	**निर्माता का नाम**	**गैर-हानिकारक कीमत**	**पहुंच कीमत**	**क्षति का मार्जिन**	**क्षति का मार्जिन**	**क्षति का मार्जिन**
		(यूएसडी/एमटी)	**(यूएसडी/एमटी)**	**(यूएसडी/एमटी)**	**(%)**	**(श्रेणी)**
क	**बहरीन**					
1	सीपीआईसी अबहसैन फाईबरग्लास डबल्यूएलएल	***	***	***	***	35-45
2	अन्य	***	***	***	***	40-50
ख	**चीन जन.गण**					
3	जूशी ग्रुप कंपनी लिमिटेड (टोंगज़ियांग), जूशी ग्रुप चेंग्दू कंपनी लिमिटेड और जूशी ग्रुप जिउजियांग कंपनी लिमिटेड।	***	***	***	***	40-50
4	ताइशान फाइबरग्लास ज़ौचेंग कंपनी लिमिटेड, ताइशान फाइबरग्लास ज़िबो, इंक. और ताइशान फाइबरग्लास इंक.	***	***	***	***	20-30
5	गैर-नमूनाकृत सहकारी उत्पादक	***	***	***	***	30-40
6	अन्य	***	***	***	***	40-50
ग	**थाईलैंड**					

7	एशिया कम्पोजिट मटेरियल्स (थाईलैंड) कंपनी लिमिटेड	***	***	***	***	70-80
8	वांडा न्यू मटेरियल (थाईलैंड) कंपनी लिमिटेड	***	***	***	***	15-25
9	अन्य	***	***	***	***	120-130

क.1.2. गैर-आरोपण विश्लेषण और आकस्मिक कारक

166. घरेलू उद्योग की कीमतों पर पाटित आयातों की क्षति, मात्रा और कीमत प्रभावों की मौजूदगी की जांच करने के बाद, प्राधिकारी ने यह जांच की है कि क्या घरेलू उद्योग को हुई क्षति के लिए नियमों के तहत सूचीबद्ध पाटित आयातों के अलावा किसी अन्य कारक को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है:

क. तीसरे देशों से आयात की मात्रा और मूल्य

167. यह नोट किया गया है कि किसी अन्य देश से आयात नगण्य है। संबद्ध देशों से आयात भारत में कुल आयात का 97% है। इसलिए, यह क्षति तीसरे देशों से आयात के कारण नहीं है।

ख. मांग में संकुचन

168. क्षति अवधि के दौरान संबद्ध वस्तुओं की मांग में लगातार वृद्धि हुई है और जाँच अवधि के दौरान यह सर्वाधिक थी। मांग में संभावित कमी के कारण घरेलू उद्योग को कोई क्षति नहीं हुई है।

ग. खपत की पद्धति

169. विचाराधीन उत्पाद की खपत की पद्धति में कोई महत्वपूर्ण परिवर्तन नहीं हुआ है, जिससे घरेलू उद्योग को क्षति हो सकती हो।

घ. प्रतिस्पर्धा की स्थितियाँ और व्यापार प्रतिबंधात्मक कार्यप्रणालियां

170. कोई भी व्यापार प्रतिबंधात्मक कार्यप्रणालियां या प्रतिस्पर्धा की स्थिति नहीं है, जिससे घरेलू उद्योग को क्षति हो सकती हो।

ड. प्रौद्योगिकी में विकास

171. संबद्ध वस्तुओं के उत्पादन हेतु प्रौद्योगिकी में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है, जिसके कारण घरेलू उद्योग को क्षति हो सकती है।

च. उत्पादकता

172. क्षति अवधि के दौरान, घरेलू उद्योग का कुल उत्पादन, जिसमें आबद्ध उपभोग के लिए उत्पादन भी शामिल है, में वृद्धि हुई है। अतः, उत्पादकता में गिरावट के कारण क्षति नहीं हो सकती।

छ. घरेलू उद्योग का निर्यात निष्पादन

173. ऊपर जाँची गई क्षति संबंधी जानकारी केवल घरेलू बाजार के संदर्भ में घरेलू उद्योग के निष्पादन से संबंधित है। इसलिए, हुई क्षति को घरेलू उद्योग के निर्यात निष्पादन के कारण नहीं माना जा सकता।

174. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने अनुरोध किया है कि क्षति संबद्ध इकाई को संबद्ध वस्तुओं की बिक्री और हस्तांतरण मूल्य तंत्र के कारण हुई है। प्राधिकारी ने नोट किया है कि उन्होंने क्षति के निर्धारण के लिए आवेदक के निर्यात पर विचार नहीं किया है।

ज. अन्य उत्पादों का निष्पादन

175. कंपनी को हुई क्षति के लिए कंपनी के अन्य उत्पादों के निष्पादन को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता, क्योंकि घरेलू उद्योग ने केवल समान वस्तु के संबंध में ही सूचना को अलग किया है तथा उपलब्ध कराया है।

झ. कोविड-19 और उसके परिणामस्वरूप कामबंदी

176. भट्टियों के बंद होने और कोविड-19 के कारण घरेलू उद्योग को हुई क्षति के संबंध में अनुरोधों के संदर्भ में प्राधिकारी नोट करते हैं कि आवेदक की भट्टी कोविड-19 से

संबंधित लॉकडाउन के कारण 2020-21 में अस्थायी रूप से बंद थी। हालाँकि, जाँच अवधि में कोविड-19 के प्रभाव का कोई साक्ष्य नहीं है। जाँच अवधि में घरेलू उद्योग की लाभप्रदता वर्ष 2020-21 की तुलना में कमज़ोर रही है। अतः, क्षति कोविड-19 के कारण नहीं है।

ञ. सभी प्रकार के उत्पादों के उत्पादन के लिए घरेलू उद्योग की एकल भट्ठी और आंतरिक अक्षमताएं

177. इस आवेदनों के संबंध में कि क्षति अन्य कारकों के कारण हुई है, जिनमें घरेलू उद्योग की अंतर्निहित विशेषताएँ जैसे सभी प्रकार के ग्लास फाइबर के निर्माण के लिए एकल भट्टी, बिजली और ईंधन की लागत, किराया, माल ढुलाई, सीएसआर व्यय और विदेशी मुद्रा हानि शामिल हैं, प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग में निहित कारकों के लिए कोई गैर-आरोपण विश्लेषण किए जाने की आवश्यकता नहीं है, जो इस अवधि के दौरान अपरिवर्तित रहे हैं। घरेलू उद्योग को पिछले वर्ष क्षति नहीं हुई है, भले ही वह जाँच अवधि के समान ही कारकों के साथ कार्य कर रहा था। इस प्रकार, क्षति घरेलू उद्योग की अंतर्निहित विशेषता के कारण नहीं है।

ट. उत्पाद की चक्रीय प्रकृति

178. उत्पाद की चक्रीय प्रकृति के कारण कीमतों में गिरावट के आवेदनों के संबंध में, प्राधिकारी नोट करते हैं कि अभिलेखों में ऐसा कोई साक्ष्य नहीं है कि उत्पाद चक्रीय मूल्य निर्धारण का पालन करता है। उत्पाद की चक्रीय प्रकृति के मामले में, कच्चे माल की कीमतों में भी तदनुसार उतार-चढ़ाव होता है। चूँकि बिक्री लागत में बिक्री कीमत और पहुंच कीमत में गिरावट से कम गिरावट आई है, इसलिए क्षति को उत्पाद के चक्रीय मूल्य निर्धारण, यदि कोई हो, के कारण नहीं कहा जा सकता।

ठ. कच्चे माल की उच्च कीमत

179. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने अनुरोध किया है कि क्षति कच्चे माल की उच्च कीमत के कारण हुई है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि सामान्य व्यावसायिक परिदृश्य में, संबद्ध वस्तुओं के बिक्री कीमत में कच्चे माल की कीमत के अनुसार उतार-चढ़ाव होना चाहिए। वर्तमान मामले में ऐसा नहीं देखा गया है। जैसा कि ऊपर उल्लेख किया गया है, जबकि बिक्री लागत में कमी आई है, बिक्री कीमत में गिरावट बिक्री लागत में कमी से अधिक है।अतः, क्षति का कारण कच्चे माल की कीमत नहीं हो सकती।

ड. उच्च ब्याज लागत

180. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने अनुरोध किया है कि उच्च ब्याज लागत के कारण क्षति हुई है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि सत्यापित आंकड़े वर्ष 2021-22 और वर्ष 2022-23 की तुलना में जाँच अवधि में ब्याज लागत में गिरावट दर्शाते हैं । इस प्रकार, ब्याज लागत के कारण कोई क्षति नहीं हुई है।

ढ. आवेदक द्वारा किए गए निवेश

181. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने अनुरोध किया है कि 2021 में सौर फार्म और अपशिष्ट ऊष्मा पुनर्प्राप्ति में निवेश के कारण क्षति हुई है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि ऐसे निवेश वर्ष 2021 में किए गए थे, न कि जाँच अवधि के दौरान। घरेलू उद्योग ने वर्ष 2021-22 या वर्ष 2022-23 में क्षति का दावा नहीं किया है। ऐसे निवेश जाँच अवधि के अंतर्गत नहीं हैं ।

झ. <u>भारतीय उद्योग का हित और अन्य मुद्दे</u>

झ.1 <u>अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गये अनुरोध</u>

182. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने भारतीय उद्योग के हित के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

i. पाटनरोधी शुल्क को पुनः लागू करने से डाउनस्ट्रीम उद्योगों की लागत में वृद्धि होगी और यह केवल एक अकुशल उद्योग को संरक्षण प्रदान करेगा।

ii. पाटनरोधी शुल्क लगाना जनहित में नहीं है क्योंकि भारत में मांग-आपूर्ति का अंतर है और आयात अपरिहार्य है। पाटनरोधी शुल्क लगाने से भारत में विचाराधीन उत्पाद की उपलब्धता में कमी हो सकती है।

iii. घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत अनुरोधों के विपरीत, गोवा ग्लास फाइबर के क्षमता विस्तार का समाचार 4-5 वर्षों से बाजार में है, किन्तु कोई कदम नहीं उठाया गया है। इसके अलावा, क्षमता में लगभग 60 किलोटन की वृद्धि की योजना है।

iv. पाटनरोधी शुल्क लगाने से ऐसे वातावरण में डाउनस्ट्रीम उत्पादों की लागत में वृद्धि होगी जहाँ भारत नवीकरणीय ऊर्जा तक पहुँच की ओर बढ़ रहा है।

v. घरेलू उद्योग के अनुरोधों के विपरीत, प्राधिकारी व्यवहारिक रूप से जनहित विश्लेषण में केवल उपभोक्ता और प्रयोक्ता हितों पर ही विचार करतें हैं।

vi. डाउनस्ट्रीम उद्योग एमएसएमई है और लागत में वृद्धि को आगे नहीं बढ़ा पाएगा।

vii. घरेलू उद्योग के अनुरोधों के विपरीत, पाटनरोधी शुल्क लगाए जाने के कारण, गैल्वेनाइज्ड आयरन उद्योग से प्रतिस्पर्धा के कारण ग्लास फाइबर रीइन्फोर्समेंट प्लास्टिक पाइप उद्योग व्यापार से बाहर हो गया।

viii. पाटनरोधी शुल्क लगाए जाने से भारत में केवल एकमात्र घरेलू उत्पादक को लाभ होगा।

ix. पिछले 10 वर्षों में 8-10% की बाजार वृद्धि के बावजूद, आवेदक ने पिछले 15 वर्षों में अपनी क्षमताओं में वृद्धि नहीं की है। घरेलू उद्योग स्थायी प्रतिस्पर्धात्मकता हासिल करने में विफल रहा और इसके बजाय अपनी बाजार स्थिति बनाए रखने के लिए इन शुल्कों पर अत्यधिक निर्भर हो गया। घरेलू उद्योग अपनी दक्षता, प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार का कोई विश्वसनीय प्रमाण प्रस्तुत करने में विफल रहा है।

x. यद्यपि घरेलू उद्योग ने क्षमता में वृद्धि नहीं की, तथापि जुशी समूह ने सम्बद्ध वस्तुओं के उत्पादन के लिए भारत में निवेश किया था, तथापि, 2022 में एफडीआई नियमों में बदलाव के कारण उसे निवेश रद्द करना पड़ा।

xi. कम क्षमता होने के बावजूद, घरेलू उद्योग उत्पाद का उपयोग निजी तौर पर करता है। निजी उपभोग में वृद्धि से भारत में मांग-आपूर्ति का अंतर बढ़ेगा।

xii. पाटनरोधी शुल्क लगाने से प्रयोक्ताओं पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा क्योंकि वैश्विक स्तर पर चीन, जन. गण. के पास संबंधित वस्तुओं के उत्पादन की 75% क्षमता है।

xiii. जीएफआरपी सरिया निर्माता अपनी क्षमता का विस्तार कर रहे हैं जिससे भारत में मांग-आपूर्ति का अंतर बढ़ेगा। बीआईएस ने जीएफआरपी में ग्लास फाइबर के 75% घटक को अनिवार्य किया है। पाटनरोधी शुल्क लगाने से स्टील टीएमटी सरिया के स्थान पर जीएफटीपी का उपयोग करने से होने वाली लागत बचत कम हो जाएगी।

xiv. आवेदक ग्लास फैब्रिक विनिर्माताओं के साथ प्रतिस्पर्धा कर रहा है और घरेलू उद्योग ऐसे उत्पादकों की मांग को पूरा नहीं करता है। चूंकि ऐसे उत्पादक एमएसएमई हैं, इसलिए 10-20% शुल्क लगाने से उनकी लाभप्रदता प्रभावित होगी और व्यवसाय बंद हो सकता है।

xv. कच्चे माल की लागत में वृद्धि के कारण, ग्लास फैब्रिक निर्माता निर्यात बाजारों में भी अप्रतिस्पर्धी हो जाएँगे। इससे भारत में रोज़गार का नुकसान भी होगा।

xvi. इस बात का कोई प्रमाण नहीं है कि पाटनरोधी शुल्क लगाने से घरेलू उद्योग घरेलू माँग को पूरा करने में सक्षम होगा। इसका प्रयोक्ता उद्योग पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

xvii. पाटनरोधी शुल्क लगाना जनहित में नहीं है क्योंकि पिछली जाँच में पाटनरोधी शुल्क लगाने और उसे जारी रखने का भारी विरोध हुआ था। उक्त जाँच में 300 से अधिक प्रयोक्ताओं ने भाग लिया।

xviii. प्रयोक्ता उद्योग हजारों लोगों को रोज़गार प्रदान करता है।

xix. घरेलू उद्योग कुछ विशिष्ट उत्पादों का उत्पादन नहीं करता है और प्रयोक्ता उद्योग ऐसे उत्पादों के लिए आयात पर निर्भर है।

xx. आवेदक द्वारा प्रस्तुत किए गए तर्कों के विपरीत, प्रयोक्ता उद्योग द्वारा नियोजित पूँजी पर आय की तुलना उचित नहीं है क्योंकि यह समय, निवेश और क्षमता उपयोग से जुड़ा है।

xxi. यद्यपि घरेलू उद्योग ने बताया है कि आयात पर निर्भरता कम होने से देश को विदेशी मुद्रा की बचत होगी, किन्तु प्रयोक्ता उद्योग के बंद होने से अधिक नुकसान होगा, क्योंकि इससे संभावित निर्यात हानि होगी।

झ 2. <u>घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध</u>

183. घरेलू उद्योग ने भारतीय उद्योग के हित के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

i. सार्वजनिक हित का निर्धारण (क) समान वस्तु के घरेलू उत्पादक, (ख) उत्पाद के घरेलू उपभोक्ताओं, (ग) उत्पादक और उपभोक्ता दोनों उद्योगों में अपस्ट्रीम और डाउनस्ट्रीम उद्योगों, और (घ) आम जनता के हितों के संबंध में किया जाना चाहिए।

ii. यद्यपि अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने स्वीकार किया है कि संबद्ध वस्तुएँ 10 वर्षों की अवधि के लिए पाटनरोधी शुल्क के अधीन थीं, डाउनस्ट्रीम उद्योग पर प्रतिकूल प्रभाव का कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया है।

iii. चूँकि अतीत में पाटनरोधी शुल्क का कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ा है, इसलिए यह संभावना है कि डाउनस्ट्रीम उद्योग पर पाटनरोधी शुल्क लगाने का कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा।

iv. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, पाटनरोधी शुल्क लगाने से भारत में आयात प्रतिबंधित नहीं होता है और इसलिए, उत्पाद की कोई कमी नहीं होगी। किसी भी स्थिति में, रिकॉर्ड में ऐसा कोई साक्ष्य नहीं है जो दर्शाता हो कि पिछले शुल्क की अवधि के दौरान उत्पाद की कमी थी। प्राधिकारी ने अनेक जाँचों में, भारत में माँग-आपूर्ति के अंतर होने पर भी पाटनरोधी शुल्क लगाने की सिफारिश की है।

v. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, चूँकि भारत नवीकरणीय ऊर्जा की ओर बढ़ रहा है, इसलिए कच्चे माल के घरेलू स्रोतों को संरक्षित करने की आवश्यकता है।

vi. यह दर्शाने के लिए कोई साक्ष्य नहीं है कि क्षति अवधि के दौरान कीमतें काफी अधिक होने पर प्रयोक्ता उद्योग को क्षति हुई। बल्कि, प्रयोक्ता उद्योग ऐसी अवधि के दौरान भी उच्च आय अर्जित कर रहा था।

vii. भारत में माँग-आपूर्ति का अंतर पर्याप्त नहीं है। इसके अतिरिक्त, आपूर्ति के वैकल्पिक स्रोत उपलब्ध हैं। भारतीय बाजार में पाटन से पहले, भारत में 29% आयात असंबद्ध देशों से होते थे।

viii. माँग-आपूर्ति के अंतर को पाटने और भारत में संबद्ध वस्तुओं के विनिर्माण हेतु और अधिक निवेश करने के लिए, उचित बाजार स्थितियों को बनाए रखना आवश्यक है।

ix. चूँकि भारत में संबद्ध वस्तुओं के केवल दो उत्पादक हैं, इसलिए भारतीय उद्योग की व्यवहार्यता बनाए रखना आवश्यक है।

x. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, किसी घरेलू उत्पादक से यह अपेक्षा नहीं की जा सकती कि वह अपनी क्षमता का विस्तार करे, जब उसे भारत में पाटन के कारण समय-समय पर वास्तविक क्षति हुई हो।

xi. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, ऐसा कोई कानूनी प्रावधान नहीं है जिसके अंतर्गत घरेलू उद्योग को बेहतर दक्षता और प्रतिस्पर्धात्मकता का प्रमाण प्रस्तुत करना आवश्यक हो। घरेलू उद्योग पिछले वर्ष तब भी लाभदायक था जब पाटनरोधी शुल्क लागू नहीं था। इस प्रकार, घरेलू उद्योग की अकुशलता का कोई प्रमाण नहीं है।

xii. घरेलू उद्योग ने भारत को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से हाल के वर्षों में इस प्रकार के क्षमता विस्तार के लिए महत्वपूर्ण निवेश किया है। घरेलू उद्योग द्वारा निवेश की रक्षा करने और आगे के निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए पाटनरोधी शुल्क लगाना आवश्यक है।

xiii. अन्य घरेलू उत्पादक 100 किलोटन की क्षमता विस्तार की योजना बना रहा है जो वर्तमान पाटनरोधी शुल्क लागू होने तक जारी रहेगी।

xiv. जुशी समूह की निवेश योजनाओं का वर्तमान जाँच से कोई संबंध नहीं है। जुशी समूह ने भारत में उत्पाद के विनिर्माण के लिए निवेश नहीं किया है।

xv. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के तर्कों के विपरीत, चीन जनवादी गणराज्य में स्थापित क्षमताएँ प्रयोक्ताओं को लाभ पहुँचाने के लिए नहीं, बल्कि केवल अधिकतम लाभ कमाने के लिए हैं।

xvi. चूँकि आवेदक बाज़ार में प्रमुख उत्पादक है, इसलिए यदि आवेदक का संचालन अव्यवहारिक हो जाता है, तो उसे अपना संयंत्र बंद करना पड़ेगा। ऐसी स्थिति में, भारत अपनी माँग पूरी करने के लिए अन्य देशों पर निर्भर रहने के लिए बाध्य होगा।

xvii. भारतीय उद्योग की व्यवहार्यता बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है क्योंकि संबद्ध वस्तुएँ भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं और इनका उपयोग महत्वपूर्ण अनुप्रयोगों में किया जाता है।

xviii. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, माँग का निर्धारण भारत में संबद्ध वस्तुओं की कुल खपत के आधार पर किया गया है, चाहे वह घरेलू स्रोतों से हो या आयात से। इस प्रकार, आवेदक द्वारा कैप्टिव खपत भारत में माँग का एक हिस्सा बनती है।

xix. जीएफआरपी रिबार विनिर्माताओं को स्टील के स्थान पर उपयोग के लिए अनुमोदन प्रस्तुत करना चाहिए। स्टील के प्रतिस्थापन के लिए ऐसे उत्पाद की माँग विनिर्माण क्षेत्र में समग्र माँग की तुलना में बहुत कम है।

xx. जीएफआरपी रिबार की माँग भारत में विचाराधीन उत्पाद की पाटित कीमतों पर आधारित नहीं हो सकती।

xxi. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, आवेदक कीमतें अधिक होने पर भी डाउनस्ट्रीम विनिर्माताओं के साथ प्रतिस्पर्धा कर रहा था। यह दर्शाने के लिए कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया है कि आवेदक को संबद्ध वस्तुओं की अधिक कीमतों के कारण डाउनस्ट्रीम उत्पाद में लाभ हुआ।

xxii. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, ग्लास फैब्रिक विविनिर्माताओं पर, तब भी जब उत्पाद की कीमतें अधिक थीं या पाटनरोधी शुल्क लागू था, प्रतिकूल प्रभाव का कोई साक्ष्य नहीं है।

xxiii. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, चूँकि प्राधिकारी ने सकारात्मक पाटन मार्जिन निर्धारित किया है, इसलिए यह दर्शाता है कि संबद्ध वस्तुएँ अन्य बाज़ारों में अधिक कीमतों पर बेची जा रही हैं और डाउनस्ट्रीम उद्योग, पाटन किए गए आयातों की उपलब्धता के कारण और घरेलू उद्योग की कीमत पर अन्य देशों में डाउनस्ट्रीम उत्पाद के उत्पादकों की तुलना में लाभान्वित हो रहा है। ऐसी स्थिति में शुल्क लगाने से भारतीय डाउनस्ट्रीम उद्योग को अपने वैश्विक समकक्षों के बराबर लाने में ही मदद मिलेगी।

xxiv. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, पाटनरोधी शुल्क लगाने या जारी रखने का कोई खास विरोध नहीं था। किसी भी स्थिति में, वर्तमान जाँच में कोई खास विरोध नहीं है।

xxv. प्राधिकारी अन्य हितबद्ध पक्षकारों को पिछले पाटनरोधी शुल्क लगाने के कारण गंवाई गई नौकरियों के संबंध में साक्ष्य प्रस्तुत करने का निर्देश दे सकते हैं।

xxvi. आवेदक ने ग्रीनहाउस गैस सघन जीवाश्म ईंधन, जैसे कम सल्फर वाले भारी स्टॉक और प्रोपेन, को कम ग्रीनहाउस गैस सघन जीवाश्म ईंधन, प्राकृतिक गैस से कम करने के लिए अनेक प्रयास किए हैं और उपकरण स्थापित किए हैं।

xxvii. चीन जनवादी गणराज्य और बहरीन के उत्पादकों को संबद्ध देशों की सरकारों से अनेक लाभ प्राप्त होते हैं। ऐसे उत्पादकों को भारतीय उद्योग की तुलना में अनुचित लाभ प्राप्त होता है।

xxviii. पाटनरोधी शुल्क लगाने से विदेशी मुद्रा की बचत हो सकती है। प्रयोक्ता उद्योग ने संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तुओं की खरीद के लिए 2023-24 के दौरान 76.54 मिलियन अमेरिकी डॉलर खर्च किए हैं।

झ.3. <u>प्राधिकारी द्वारा जाँच</u>

184. प्राधिकारी ने नोट किया है कि पाटनरोधी शुल्कों का प्रारंभिक उद्देश्य पाटन की अनुचित व्यापारिक प्रक्रियाओं से घरेलू उद्योग को हुई क्षति की भरपाई करना है, जिससे भारतीय बाजार में खुली और उचित प्रतिस्पर्धा का वातावरण बन सके। पाटनरोधी उपायों का उद्देश्य संबद्ध देशों से आयातों में मनमाने ढंग से कटौती करना नहीं है। बल्कि, यह समान अवसर सुनिश्चित करने की एक व्यवस्था है। प्राधिकारी स्वीकार करते हैं कि

पाटनरोधी शुल्कों के लागू रहने से भारत में उत्पाद के कीमत स्तर प्रभावित हो सकते हैं। तथापि, यह नोट करना महत्वपूर्ण है कि इन उपायों के लागू होने से भारतीय बाजार में निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा का मूलतत्व अक्षुण्ण रहे। प्रतिस्पर्धा को कम करने के बजाय, पाटनरोधी उपायों का लागू होना पाटन प्रक्रियाओं के माध्यम से अनुचित लाभों के संचय को रोकने का काम करता है। यह उपभोक्ताओं की संबद्ध वस्तुओं के विस्तृत चयन तक पहुँच को सुरक्षित करता है। इस प्रकार, पाटनरोधी शुल्क निष्पक्ष व्यापार प्रक्रियाओं में बाधा नहीं बल्कि सहायक हैं।

185. प्राधिकारी ने आयातकों, प्रयोक्ताओं और उपभोक्ताओं सहित सभी हितबद्ध पक्षकारों से विचार आमंत्रित करते हुए, जांच शुरुआत संबंधी अधिसूचना जारी की। घरेलू उद्योग, उत्पादकों/निर्यातकों और आयातकों/प्रयोक्ताओं/उपभोक्ताओं सहित विभिन्न हितधारकों को वर्तमान जांच से संबंधित संगत जानकारी प्रदान करने की अनुमति देने के लिए एक आर्थिक हित प्रश्नावली भी निर्धारित की गई थी, जिसमें उनके संचालन पर पाटनरोधी शुल्क के संभावित प्रभाव भी शामिल हैं।

186. इस तर्क के संबंध में कि पाटनरोधी शुल्क लगाने से अकुशल उद्योग को संरक्षण मिलेगा और प्रयोक्ता उद्योग पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा, प्राधिकारी नोट करते हैं कि रिकॉर्ड में ऐसा कोई साक्ष्य नहीं है कि घरेलू उद्योग किसी भी तरह से अकुशल है। पिछले वर्षों के दौरान घरेलू उद्योग की लाभप्रदता अधिक थी। प्रयोक्ता उद्योग पर प्रतिकूल प्रभाव के संबंध में, प्राधिकारी नोट करते हैं कि चीन जनवादी गणराज्य से संबद्ध वस्तुओं के आयात पिछले 10 वर्षों की अवधि के लिए पाटनरोधी शुल्क के अधीन थे। प्रयोक्ताओं के निष्पादन पर पाटनरोधी शुल्क के किसी भी प्रतिकूल प्रभाव के संबंध में रिकॉर्ड में कोई साक्ष्य नहीं है।

187. प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि विचाराधीन उत्पाद की कीमत 2021-22 में ₹87 प्रति किलोग्राम और 2022-23 में ₹78 प्रति किलोग्राम जितनी अधिक थी, जो जाँच अवधि में घटकर ₹51 प्रति किलोग्राम रह गई है। चूँकि भारत में कीमतें अधिक होने के दौरान, प्रयोक्ता उद्योग की लाभप्रदता पर प्रतिकूल प्रभाव का कोई साक्ष्य नहीं है, इसलिए यह तर्कसंगत रूप से माना जा सकता है कि पाटनरोधी शुल्क लगाए जाने के बाद प्रयोक्ता उद्योग पर कोई प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना नहीं है।

188. भारत में माँग-आपूर्ति अंतर होने संबंधी अनुरोधों के संबंध में, प्राधिकारी नोट करते हैं कि माँग-आपूर्ति अंतर भारत में पाटन का औचित्य नहीं है। प्राधिकारी ने विदेशी

उत्पादकों और निर्यातकों द्वारा प्रस्तुत प्रतिक्रिया के आधार पर पाटन मार्जिन निर्धारित किया है। पाटन मार्जिन सकारात्मक और काफी अधिक है।

189. प्राधिकारी नोट करते हैं कि भारतीय उद्योग में भारत में ***% माँग को पूरा करने की क्षमता है। आयात मांग-आपूर्ति के अंतर से अधिक है।

विवरण	**यूनिट**	**पीओआई**
भारत में क्षमता	एम टी	***
भारत में माँग	एम टी	***
माँग-आपूर्ति अंतर	एम टी	***
विषयगत आयात	एम टी	***
माँग-आपूर्ति अंतर से अधिक सम्बद्ध आयात	एम टी	***
	%	50-60

190. प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि पाटनरोधी शुल्क लगाने से भारत में आयात प्रतिबंधित नहीं होता, बल्कि यह सुनिश्चित होता है कि आयात उचित कीमत पर किए जाएँ। यह नोट किया जाता है कि आयात के वैकल्पिक स्रोत उपलब्ध हैं। आधार वर्ष में, भारत में संबद्ध वस्तुओं का 32% आयात गैर-संबद्ध देशों से हुआ था।

191. आवेदकों ने अनुरोध किया है कि अन्य भारतीय उत्पादक ने भारत में माँग-आपूर्ति के अंतर को पाटने के लिए 100 किलोटन क्षमता विस्तार हेतु लगभग ₹ [***] करोड़ का निवेश किया है। इसके अतिरिक्त, आवेदक ने क्षति अवधि से पहले भी क्षमता विस्तार हेतु ₹ [***] करोड़ का निवेश किया था। चूँकि पहुँच मूल्य घरेलू उद्योग की बिक्री लागत से कम है, इसलिए बाज़ार की स्थिति माँग-आपूर्ति के अंतर को पाटने हेतु किसी भी निवेश के लिए अनुकूल नहीं है। अतः, भारत में उचित बाज़ार स्थिति स्थापित करने के लिए पाटनरोधी शुल्क लगाने की आवश्यकता है।

192. इस अनुरोध के संबंध में कि आवेदक विचाराधीन उत्पाद का निजी उपयोग करता है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि भारत में मांग में आवेदक सहित डाउनस्ट्रीम उद्योग की मांग भी शामिल है। यदि आवेदक उत्पाद का निजी उपयोग नहीं करता है, तो उसे या

तो इसे अन्य भारतीय उत्पादक से खरीदना होगा या भारत में आयात करना होगा। उत्पाद के निजी उपयोग से वर्तमान जाँच के औचित्य में कोई परिवर्तन नहीं होता है।

193. इस अनुरोध के संबंध में कि डाउनस्ट्रीम उद्योग एमएसएमई है और अपनी लागत में वृद्धि का भार अन्य किसी पर नहीं डाल पाएगा, प्राधिकारी नोट करते हैं कि विचाराधीन उत्पाद के आयात पर पूर्व में पाटनरोधी शुल्क लगता था और उत्पाद की कीमतें 2021-22 और 2022-23 में अधिक थीं। तथापि, रिकॉर्ड में ऐसा कोई साक्ष्य नहीं है कि डाउनस्ट्रीम उद्योग पर कोई प्रतिकूल प्रभाव पड़ा हो।

194. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने अनुरोध किया है कि पाटनरोधी शुल्क लगाए जाने और गैल्वेनाइज्ड पाइप उद्योग के साथ प्रतिस्पर्धा के कारण जीएफआरपी उद्योग व्यवसाय से बाहर हो गया। तथापि, प्राधिकारी नोट करते हैं कि अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने इस संबंध में कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया है।

195. जहाँ तक इस अनुरोध का संबंध है कि प्रयोक्ता उद्योग के बंद होने से निर्यात हानि होगी, प्राधिकारी नोट करते हैं कि पाटनरोधी शुल्क लगाए जाने के बाद भी, प्रयोक्ता उद्योग अन्य देशों को निर्यात हेतु अग्रिम प्राधिकार के अंतर्गत विचाराधीन उत्पाद का आयात करने के लिए स्वतंत्र है। इस प्रकार, डाउनस्ट्रीम उद्योग के निर्यात पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा।

196. इस अनुरोध के संबंध में कि आवेदक ग्लास फैब्रिक विनिर्माताओं के साथ प्रतिस्पर्धा कर रहा है और पाटनरोधी शुल्क लगाए जाने से उसे अनुचित लाभ होगा, प्राधिकारी नोट करते हैं कि रिकार्ड में ऐसा कोई साक्ष्य नहीं है जिससे यह पता चले कि आवेदक को उस समय लाभ हुआ जब विचाराधीन उत्पाद की कीमतें अधिक थीं। इस अनुरोध के संबंध में कि पाटनरोधी शुल्क लगाए जाने से ग्लास फैब्रिक निर्माता निर्यात बाजार में अप्रतिस्पर्धी हो जाएँगे, प्राधिकारी नोट करते हैं कि डाउनस्ट्रीम उद्योग बिना किसी पाटनरोधी शुल्क का भुगतान किए अग्रिम प्राधिकार के अंतर्गत निर्यात हेतु विचाराधीन उत्पाद का आयात कर सकता है। इस प्रकार, पाटनरोधी शुल्क लगाए जाने पर ग्लास फैब्रिक विनिर्माताओं पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा।

197. इस तर्क के संबंध में कि घरेलू उद्योग कुछ प्रकार के उत्पादों की आपूर्ति नहीं कर सकता, प्राधिकारी नोट करते हैं कि संबंधित खंड में विस्तृत जाँच की गई है। घरेलू

उद्योग, संबद्ध देशों से आयात किए जा रहे विचाराधीन उत्पाद के समान वस्तु का निर्माण और आपूर्ति कर रहा है।

198. प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि विचाराधीन उत्पाद का उपयोग दूरसंचार (ऑप्टिकल फाइबर केबल), भवन एवं अवसंरचना, पवन टरबाइन ब्लेड और मैरिन, एलपीजी/सीएनजी सिलेंडर, एयरोस्पेस, बैलिस्टिक, रक्षा और सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण अनुप्रयोगों में किया जाता है, जहाँ इसका उपयोग प्राथमिक संरचनात्मक भागों, छोटे विमानों के फ्यूज़लगेस, हेलीकॉप्टर के शेल और रोटर ब्लेड, विमान के द्वितीयक संरचनात्मक भागों के साथ-साथ हवाई जहाज के मोटर भागों में किया जाता है। चूँकि भारत में संबद्ध वस्तुओं के केवल दो विनिर्माता हैं, इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि भारत में ऐसे विनिर्माताओं के लिए उचित बाजार स्थितियाँ बनी रहें।

199. घरेलू उद्योग की अकुशलता से संबंधित अनुरोधों के संबंध में, प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग अतीत में और पिछले लागू पाटनरोधी शुल्क की समाप्ति के बाद भी लाभप्रद था। भारत में संबद्ध वस्तुओं के पाटित आयात में वृद्धि के कारण ही घरेलू उद्योग की लाभप्रदता में गिरावट आई है।

ञ. <u>प्रकटन पश्चात टिप्पणियाँ</u>

ञ.1. <u>अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध</u>

200. प्रकटन विवरण जारी होने के बाद अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने निम्नलिखित नए अनुरोध किए हैं:

i. प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग द्वारा अनेक ग्राहकों को बेचे गए एच-ग्लास की मात्रा और घरेलू उद्योग द्वारा सेवा प्रदान किए जाने वाले विशिष्ट बाजार खंडों का प्रकटन नहीं किया है।

ii. आवेदक द्वारा ग्लास प्रवर्तन व्यवसाय के विनिवेश में एच-ग्लास शामिल नहीं हो सकता है। इसका सत्यापन किया जाना चाहिए और यदि एच-ग्लास को विनिवेश से बाहर रखा जाता है, तो उसे विचाराधीन उत्पाद के दायरे से बाहर रखा जाना चाहिए। इसके अलावा, विनिवेश और महत्वपूर्ण व्यावसायिक पुनर्गठन के कारण, आवेदक की एनआईपी अब प्रतिनिधि नहीं है।

iii. आवेदक मांग की तुलना में थर्मोसेट चॉप्ड स्ट्रैंड्स का अल्प मात्रा में उत्पादन करता है और तदनुसार, इसे विचाराधीन उत्पाद के दायरे से बाहर रखा जाना चाहिए।

iv. आवेदक द्वारा संबंधित पक्ष से किए गए आयात को अल्प नहीं माना जा सकता है और संबंधित पक्ष से आयात की थोड़ी मात्रा भी घरेलू उद्योग की स्थिति को प्रभावित कर सकती है।

v. प्राधिकारी को घरेलू उद्योग द्वारा गोपनीयता के अत्यधिक दावों को स्वीकार नहीं करना चाहिए। उत्पादन, क्षमता उपयोग, बिक्री मात्रा और पीसीएन-वार क्षति मार्जिन के वास्तविक आंकड़े सभी हितबद्ध पक्षकारों के साथ साझा किए जाने चाहिए।

vi. जांच की शुरुआत कानून की दृष्टि से गलत है क्योंकि जांच की शुरुआत करने का एकमात्र आधार प्राधिकारी द्वारा विशेष बाजार स्थिति को स्वीकार करना था। तथापि, आवेदक द्वारा इस संबंध में कोई सत्यापन योग्य जानकारी प्रदान नहीं की गई है।

vii. प्राधिकारी ने जीसीसी-टीएसएआईपी के लिए सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन के संबंध में पूर्ण परिकलन प्रदान नहीं किया है।

viii. सीपीआईसी के लिए सामान्य मूल्य अनुच्छेद 2.2.2 के अनुसार निर्धारित किया जाना चाहिए और उचित लाभ या तो घरेलू बाजार में अर्जित लाभ पर आधारित होना चाहिए या उसी बाजार में स्थित निर्यातक/अन्य निर्यातकों के वास्तविक आंकड़ों पर आधारित होना चाहिए और ऐसे लाभ तीसरे देश के बाजारों पर आधारित नहीं हो सकते हैं।

ix. बहरीन के लिए निर्धारित सामान्य मूल्य उचित नहीं है क्योंकि इसकी गणना उत्पाद ग्रेड, तापीय निष्पादन, अनुप्रयोग या ग्लास के प्रकार में अंतर को ध्यान में रखे बिना की गई है।

x. प्राधिकारी ने सीपीआईसी बहरीन के सामान्य मूल्य, किए गए समायोजन, निर्यात कीमत और उत्पादन लागत के लिए की गई गणनाओं और अपनाए गए सूत्रों का प्रकटन नहीं किया है। प्राधिकारी ने सामान्य मूल्य की गणना के लिए

अपनाई गई उत्पादन लागत और लाभ मार्जिन में समुद्री माल ढुलाई को शामिल करने का कारण नहीं बताया है।

xi. इस बात का कोई कारण नहीं बताया गया है कि निर्यातक देश या क्षेत्र से किसी उपयुक्त तृतीय देश को निर्यात की जाने वाली समान वस्तु की तुलनीय प्रतिनिधि कीमत को सीपीआईसी बहरीन के सामान्य मूल्य की गणना के लिए क्यों नहीं अपनाया गया है।

xii. सीपीआईसी के लिए निर्धारित प्रति इकाई उत्पादन लागत की गणना कुल बिक्री मात्रा के बजाय कुल उत्पादन मात्रा के आधार पर की गई है। सीपीआईसी बहरीन के रिकार्डों में, बिक्री कारोबार के आधार पर विचाराधीन उत्पाद को एसजीएंडए और वित्तीय लागतें आवंटित की गई हैं। इस प्रकार, जब बिक्री उत्पादन से अधिक होती है, तो एसजीएंडए लागत अधिक होगी।

xiii. सीपीआईसी बहरीन के लिए लाभ घाटे वाले लेनदेन को छोड़कर सभी लेनदेन पर आधारित होना चाहिए या 5% उचित लाभ अपनाया जा सकता है।

xiv. प्राधिकारी ने वांडा न्यू मटेरियल (थाईलैंड) कंपनी के लिए सामान्य मूल्य की गणना हेतु 55-65% का उचित लाभ मार्जिन अपनाया है। समग्र रूप से कंपनी के लिए अपनाया गया लाभ मार्जिन 15-20% के दायरे में है, जबकि प्राधिकारी आमतौर पर 5% के उचित लाभ पर विचार करते हैं, जबकि संबद्ध वस्तुओं के लिए यह 10-15% के दायरे में है।

xv. वांडा के लिए निर्धारित पँहुच मूल्य में एफओबी आधार पर किए गए निर्यात के लिए समुद्री माल भाड़ा और समुद्री बीमा के समायोजन को ध्यान में नहीं रखा गया है।

xvi. पाटन मार्जिन और क्षति मार्जिन की गणना में विसंगति प्रतीत होती है। यद्यपि जुशी समूह का पाटन मार्जिन ताइशान समूह से कम है, तथापि क्षति मार्जिन अधिक है। इसके अलावा, प्राधिकारी ने जुशी समूह के लिए पीसीएन-वार पँहुच मूल्य और निर्यात कीमत साझा नहीं की है।

xvii. चीन जनवादी गणराज्य के असहयोगी उत्पादकों के लिए निर्धारित पाटन मार्जिन सहयोगी उत्पादकों के समान है। यह प्राधिकारी की कार्यप्रणाली के अनुरूप नहीं है।

xviii. प्राधिकारी सीपीआईसी चीन के कीमत वचनबद्धता प्रस्ताव पर अपनी जांच का खुलासा करने में विफल रहे हैं और एक नया खुलासा जारी किया जाना चाहिए। सीपीआईसी ने वर्तमान जांच में कीमत वचनबद्धता प्रदान करने के लिए अलग-अलग शुल्कों का अनुरोध किया है।

xix. आवेदक की लाभप्रदता का पुनर्मूल्यांकन संबंधित पक्ष सौदे की महत्वपूर्ण मात्रा, जो कि दूरस्थ आधार पर नहीं हो सकती है, के साथ-साथ आवेदक द्वारा अपने संबंधित पक्षकारों को भुगतान की गई रॉयल्टी के आलोक में किया जाना चाहिए।

xx. असहयोगी उत्पादकों के लिए निर्धारित क्षति मार्जिन एशिया कम्पोजिट मैटेरियल (थाईलैंड) कंपनी लिमिटेड के लिए क्षति मार्जिन की सीमा में है। तथापि, प्राधिकारी की परिपाटी असहयोगी उत्पादकों को उच्च शुल्क देने की रही है।

xxi. नियोजित पूंजी पर 22% आय पर विचार नहीं किया जाना चाहिए। यूरोपीय संघ भी कम शुल्क नियम पर निर्भर करता है, किन्तु वह केवल 6%-15% के रिटर्न पर विचार करता है।

xxii. प्राधिकारी ने माना है कि आयात भारत में मांग-आपूर्ति के अंतर से अधिक है, किन्तु घरेलू उद्योग द्वारा कैप्टिव खपत पर ध्यान देने में विफल रहे हैं। इस प्रकार, प्राधिकारी द्वारा की गई गणना त्रुटिपूर्ण है।

xxiii. चूँकि भारत में मांग-आपूर्ति में अंतर है, इसलिए यदि कोई शुल्क लगाया जाए, तो उसे बेंचमार्क के रूप में लगाया जाना चाहिए।

xxiv. रिलायंस 10 गीगावाट प्रति वर्ष सौर क्षमता स्थापित कर रहा है जिसके लिए ग्लास रोविंग से बने अनेक उत्पादों की आवश्यकता होगी। भारत में पहले से ही मांग-आपूर्ति में अंतर है और आरआईएल की नई परियोजना इस अंतर को और बढ़ा देगी। इसलिए, शुल्क जनहित में नहीं हैं।

<u>ञ.2. घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध</u>

201. प्रकटन विवरण जारी होने के बाद घरेलू उद्योग ने निम्नलिखित नए अनुरोध किए गए हैं:

i. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने अनुरोध किया है कि थर्मोप्लास्टिक कटे हुए धागे, फाइबर ग्लास स्टिच्ड मैट और फाइबर ग्लास मल्टी-एक्सल/ट्राई-एक्सल फैब्रिक को उचित रूप से परिभाषित किया जाना चाहिए, तथापि, कोई परिभाषा प्रस्तावित नहीं की गई है। यदि कोई परिभाषा प्रस्तावित की जाती है, तो घरेलू उद्योग को प्रस्तावित परिभाषा पर टिप्पणी करने का अवसर प्रदान किया जाना चाहिए। यह आवश्यक है क्योंकि उत्पाद की अस्पष्ट परिभाषा से पाटनरोधी शुल्क का उल्लंघन हो सकता है।

ii. जांच से बाहर के उत्पाद के संबंध में स्व-घोषणा स्वीकार नहीं की जानी चाहिए। इससे पाटनरोधी शुल्क के उल्लंघन के मार्ग खुल सकते हैं।

iii. चीनी उत्पादकों के लिए उल्लंघन एक सामान्य प्रक्रिया है और विनिर्देशन पत्र के संदर्भ में स्व-घोषणाओं को यह साबित करने के लिए स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए कि आयात किया जा रहा उत्पाद वास्तव में विचाराधीन उत्पाद के दायरे से बाहर है।

iv. उत्पाद की निकासी सीमाशुल्क अधिकारियों का क्षेत्र है, जो आयातित उत्पाद वास्तव में विचाराधीन उत्पाद है या नहीं, इस बारे में किसी भी दुविधा की स्थिति में सरकारी सुविधाओं में उत्पाद का परीक्षण करने के लिए पूरी तरह सुसज्जित हैं।

v. प्राणा समूह और ओवेन्स कॉर्निंग के बीच हस्ताक्षरित समझौता न केवल विचाराधीन उत्पाद के लिए, बल्कि अन्य उत्पादों के साथ-साथ वैश्विक व्यापार के लिए भी है। इस प्रकार, पाटनरोधी शुल्क लगाने या न लगाने से कंपनी के मूल्यांकन में कोई बदलाव नहीं आता है।

vi. सीपीआईसी बहरीन के मामले में, कानून घरेलू बाजार में बिक्री के मामले में सीधे 5% लाभ लेने की अनुमति नहीं देता है। इसके बजाय, विक्रय, सामान्य और प्रशासनिक व्यय और लाभ का निर्धारण उसी सामान्य श्रेणी के उत्पादों की

घरेलू बाजार में बिक्री से उत्पादक द्वारा अर्जित लाभ के आधार पर किया जाना चाहिए।

vii. सीपीआईसी बहरीन के लिए उत्पादन लागत का निर्धारण बीआईआईपी में स्थित होने और चीन सरकार द्वारा अप्रत्यक्ष रूप से धारित शेयरधारिता के कारण सीपीआईसी बहरीन को प्राप्त सभी लाभों को छोड़कर किया जाना चाहिए।

ञ.3. <u>प्राधिकारी द्वारा जाँच</u>

202. प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग और अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रकटन के बाद प्रस्तुत किए गए अनुरोधों की जाँच की है और नोट किया है कि अनेक अनुरोध ऐसे हैं जिनकी पहले ही उचित जाँच की जा चुकी है और अंतिम जांच परिणाम के संगत अनुच्छेदों में उनका पर्याप्त रूप से समाधान किया गया है। हितबद्ध पक्षकारों और घरेलू उद्योग द्वारा प्रकटन के बाद की टिप्पणियों/अनुरोधों में पहली बार उठाए गए मुद्दों और पर्याप्त साक्ष्यों से समर्थित होने तथा प्राधिकारी द्वारा संगत माने गए मुद्दों की नीचे जाँच की गई है।

203. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने बताया है कि प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग द्वारा व्यापारिक बाजार में बेचे गए एच-ग्लास की मात्रा और राशि के साथ-साथ उन तबकों और ग्राहकों, जिन्हें ऐसा एच-ग्लास आपूर्ति किया गया है, के बारे में ब्यौरा प्रकट नहीं किया है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि किसी भी हितबद्ध पक्ष ने घरेलू उद्योग द्वारा एच-ग्लास की आपूर्ति पर विवाद नहीं किया है। यह भी नोट किया जाता है कि अंतिम जांच परिणामों में खंडवार ऐसी जानकारी प्रकट नहीं की गई है क्योंकि यह गोपनीय प्रकृति की है और यहां तक कि निर्यातकों से प्राप्त इसी प्रकार की जानकारी भी प्रकट नहीं की गई है। तदनुसार, अन्य हितबद्ध पक्षकारों के तर्क पर विचार नहीं किया गया है।

204. इस अनुरोध के संबंध में कि एच-ग्लास को विचाराधीन उत्पाद के दायरे से बाहर रखा जाना चाहिए क्योंकि यह आवेदक द्वारा व्यवसाय हस्तांतरण में शामिल नहीं हो सकता है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग ने जांच की अवधि के दौरान संबंधित संबद्ध वस्तुओं का उत्पादन किया है। इसके अतिरिक्त, यह सिद्ध करने के लिए रिकॉर्ड पर कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया है कि व्यवसाय के हस्तांतरण की स्थिति में एच-ग्लास का उत्पादन रोक दिया जाएगा। तदनुसार, अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा दिए गए तर्क पर विचार नहीं किया गया है। यदि एच-ग्लास का उत्पादन रुक जाता है,

तो अन्य हितबद्ध पक्षकार एडी नियम, 1995 के अंतर्गत उचित उपाय की मांग कर सकते हैं।

205. समान उत्पाद के विवरण का प्रकटन नहीं किए जाने संबंधी अनुरोधों के संबंध में, प्राधिकारी ने इस अंतिम जांच परिणाम के संबंधित खंड में उल्लेख किया है कि रिकार्ड में पर्याप्त साक्ष्य उपलब्ध हैं और प्राधिकारी इस बात से संतुष्ट हैं कि निम्नलिखित उत्पाद घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित और बेचे गए हैं और इसलिए, इन्हें विचाराधीन उत्पाद के दायरे से बाहर रखने की कोई आवश्यकता नहीं है।

i. उच्च मापांक ग्लास फाइबर (एच-ग्लास)
ii. थर्मोसेट चॉप्ड स्ट्रैंड
iii. 300 टेक्स के फाइबर ग्लास सिंगल एंड रोविंग
iv. 600 टेक्स के फाइबर ग्लास सिंगल एंड रोविंग
v. 1200 टेक्स के फाइबर ग्लास सिंगल एंड रोविंग
vi. 2400 टेक्स के फाइबर ग्लास सिंगल एंड रोविंग
vii. 4800 टेक्स के फाइबर ग्लास सिंगल एंड रोविंग्स
viii. 2400 टेक्स के फाइबर ग्लास असेंबल्ड रोविंग्स (मल्टीपल एंड्स)
ix. 300 ग्राम/मी2 का चॉप्ड स्ट्रैंड मैट
x. 450 ग्राम/मी2 का चॉप्ड स्ट्रैंड मैट

प्राधिकारी आगे नोट करते हैं कि किसी उत्पाद ग्रेड के लिए मांग-आपूर्ति का अंतर विचाराधीन उत्पाद के दायरे से बाहर रखने का औचित्य नहीं है।

206. इस अनुरोध के संबंध में कि आवेदक द्वारा अपने संबंधित पक्ष से किए गए आयात को अल्प नहीं माना जा सकता, प्राधिकारी नोट करते हैं कि यह पाया गया है कि आवेदक द्वारा संबद्ध देशों से जांच अवधि के दौरान आयात की मात्रा भारत में कुल उत्पादन के संबंध में ***% से कम, भारत में कुल मांग के संबंध में ***% से कम और भारत में संबद्ध आयात के संबंध में ***% से कम है। तदनुसार, प्राधिकारी ने आवेदक को वर्तमान जांच के प्रयोजनार्थ घरेलू उद्योग के रूप में पात्र माना है।

207. जहाँ तक इस अनुरोध का संबंध है कि क्षति-रहित कीमत आवेदक द्वारा प्रदान की गई सूचना पर आधारित है, जो विनिवेश के कारण प्रतिनिधिक नहीं है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि क्षति-रहित कीमत का निर्धारण जांच अवधि के लिए पाटनरोधी नियम, 1995

के अनुबंध III के अनुसार किया जाता है। आवेदक घरेलू बाजार में परिचालन जारी रखे हुए है और बाजार में सबसे बड़ा उत्पादक है। इस प्रकार, घरेलू उद्योग द्वारा प्रदान की गई सूचना विश्वसनीय, संगत, उपयुक्त और क्षति-रहित कीमत के निर्धारण के प्रयोजनार्थ पर्याप्त है।

208. जहाँ तक इस अनुरोध का संबंध है कि अत्यधिक गोपनीयता के दावों को प्राधिकारी द्वारा स्वीकार कर लिया गया है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि दावों की अनुमति लागू व्यापार सूचना के अनुसार दी जाती है।

209. इसके अतिरिक्त, सहयोगी उत्पादकों और निर्यातकों द्वारा प्रस्तुत उत्तरों के आधार पर सामान्य मूल्य और पाटन मार्जिन की गणना की गई है। प्राधिकारी ने गोपनीय गणनाओं को संबंधित उत्पादकों और निर्यातकों के साथ साझा किया है।

210. इस अनुरोध के संबंध में कि सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन की वास्तविक गणनाएँ साझा नहीं की गई हैं, प्राधिकारी नोट करते हैं कि संबंधित गोपनीय गणनाएँ विचाराधीन उत्पाद के संबंधित उत्पादकों के साथ साझा की गई हैं।

211. इस अनुरोध के संबंध में कि बहरीन में उत्पादक के लिए सामान्य मूल्य के निर्धारण हेतु विचार किया गया लाभ उचित नहीं है, यह स्पष्ट किया जाता है कि प्राधिकारी ने बहरीन में उत्पादक के लिए सामान्य मूल्य का निर्धारण बिक्री, सामान्य और प्रशासनिक व्ययों और बहरीन में उत्पादक की लाभप्रद घरेलू बिक्री के वास्तविक लाभ के आधार पर लाभ मार्जिन को जोड़ने के बाद उत्पादन लागत के आधार पर किया है।

212. इस अनुरोध के संबंध में कि सामान्य मूल्य विकृत है क्योंकि उत्पाद ग्रेड, तापीय निष्पादन, अनुप्रयोग या ग्लास के प्रकार के संदर्भ में अंतरों पर विचार नहीं किया गया है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि वर्तमान जाँच में उत्पाद विशेषताओं में अंतरों को ध्यान में रखते हुए सभी हितबद्ध पक्षकारों की टिप्पणियों पर विचार करने के बाद पीसीएन को अपनाया गया था, और अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने यह स्थापित नहीं किया कि उपरोक्त विशेषताओं के कारण लागत या मूल्य में महत्वपूर्ण भिन्नता आई है। तदनुसार, पीसीएन के लिए इन विशेषताओं पर विचार नहीं किया गया।

213. इस अनुरोध के संबंध में कि बहरीन में उत्पादक के लिए विचारित लाभ सभी लेन-देनों पर आधारित होना चाहिए, प्राधिकारी नोट करते हैं कि उन्होंने संबद्ध वस्तुओं की उत्पादन लागत के संदर्भ में लाभप्रद घरेलू बिक्री लेन-देन निर्धारित करने के लिए व्यापार की सामान्य प्रक्रिया परीक्षण का संचालन किया। चूँकि 80% से कम बिक्री लाभ पर की गई थी, इसलिए सामान्य मूल्य का निर्धारण लाभप्रद बिक्री की कीमत के आधार पर किया गया है।

214. इस तथ्य के संबंध में कि निर्यातक देश से निर्यात की गई समान वस्तु की तुलनीय प्रतिनिधि कीमत का उपयोग न करने के लिए प्राधिकारी द्वारा कोई कारण नहीं बताया गया है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि धारा 9क (1)(ग) के प्रावधान के अनुसार, और जैसा कि डीजीटीआर बनाम हल्दोर टॉपसो ए/एस के मामले में माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित किया गया है, उपयोग की जाने वाली कार्यप्रणाली के बीच कोई अनुक्रम नहीं है। किसी भी स्थिति में, सीपीआईसी बहरीन द्वारा प्रमुख देशों को किया गया निर्यात उसकी उत्पादन लागत से कम पर है और तदनुसार, समान वस्तु की तुलनीय प्रतिनिधि कीमत का उपयोग सामान्य मूल्य के निर्धारण के लिए नहीं किया जा सकता था।

215. सीपीआईसी बहरीन के लिए उत्पादन लागत के स्थान पर बिक्री लागत का उपयोग किए जाने संबंधी अनुरोधों के संबंध में, प्राधिकारी नोट करते हैं कि बहरीन में उत्पादक के लिए लागत का निर्धारण पाटनरोधी नियमों के अनुबंध I के अनुसार और प्राधिकारी की सतत् कार्यप्रणाली के अनुसार किया गया है।

216. वांडा मैटेरियल (थाईलैंड) कंपनी लिमिटेड के लिए विचार किए गए लाभ मार्जिन के संबंध में, प्राधिकारी नोट करते हैं कि इसका निर्धारण पाटनरोधी नियमों के अनुबंध I के अनुसार किया गया है। प्राधिकारी ने जांच अवधि के दौरान उक्त उत्पादक द्वारा अपने घरेलू बाजार में विचाराधीन उत्पाद की लाभदायक घरेलू बिक्री के अनुसार लाभ मार्जिन पर विचार किया है।

217. इस निवेदन के संबंध में कि वांडा के लिए निर्धारित पहुँच मूल्य में एफओबी आधार पर किए गए निर्यातों के लिए समुद्री भाड़े और समुद्री बीमा के समायोजन को ध्यान में नहीं रखा गया है, प्राधिकरण नोट करता है कि यह तथ्यात्मक रूप से गलत है।

प्राधिकरण ने वांडा द्वारा प्रदान की गई जानकारी के आधार पर वांडा के लिए सीआईएफ मूल्य निर्धारित किए हैं।

218. इस अनुरोध के संबंध में कि प्राधिकारी ने सीपीआईसी चीन द्वारा कीमत वचनबद्धता संबंधी अनुरोधों की जाँच नहीं की है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि सीपीआईसी चीन ने वर्तमान जाँच में कीमत वचनबद्धता प्रस्तुत नहीं की है। चूँकि सीपीआईसी चीन द्वारा वास्तव में कीमत वचनबद्धता प्रस्तुत किए बिना केवल दावे किए गए थे, इसलिए इस संबंध में किसी जाँच की आवश्यकता नहीं है। इसके अतिरिक्त, व्यक्तिगत शुल्कों के संबंध में, प्राधिकारी ने वर्तमान जाँच में नमूनाकरण किया है और सीपीआईसी चीन को गैर-नमूनाकृत सहयोगी उत्पादकों के लिए मार्जिन दिया गया है।

219. इस अनुरोध के संबंध में कि जुशी समूह और ताइशान समूह के लिए निर्धारित क्षति मार्जिन और पाटन मार्जिन के बीच विसंगतियां हैं, दोनों समूहों द्वारा दायर उत्तर में सूचित निर्यात कीमतों में अंतर के कारण है। दोनों समूहों द्वारा भारत को निर्यात के लिए दावा किए गए व्यय अलग-अलग हैं, जिसके कारण दोनों समूहों के लिए निर्धारित निवल निर्यात कीमत भी भिन्न है।

220. विशिष्ट बाजार स्थिति के आरोप के संबंध में, यह नोट किया जाता है कि जांच शुरू करते समय या वर्तमान अंतिम जांच परिणाम में सामान्य मूल्य के निर्धारण हेतु प्राधिकारी द्वारा इस संबंध में कोई समायोजन नहीं किया गया है।

221. क्षति-रहित कीमत के निर्धारण के लिए नियोजित पूंजी पर आय के संबंध में, प्राधिकारी की सतत प्रक्रिया के अनुसार, इसे नियोजित पूंजी का 22% माना गया है।

222. प्राधिकारी नोट करते हैं कि प्राधिकारी ने थाईलैंड के असहयोगी उत्पादकों के लिए क्षति मार्जिन का निर्धारण प्राधिकारी की सतत प्रक्रिया और रिकार्ड में उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार किया है।

223. इस अनुरोध के संबंध में कि आवेदक की लाभप्रदता का संबंधित पक्ष के सौदों के आलोक में पुनर्मूल्यांकन किया जाना चाहिए, प्राधिकारी नोट करते हैं कि उन्होंने आवेदक की सत्यापित सूचना पर भरोसा किया है। इसके अतिरिक्त, यह सत्यापित किया गया

है कि आवेदक के संबंधित पक्ष के सौदे निष्पक्ष पाए गए। तदनुसार, आवेदक की लाभप्रदता का पुनर्मूल्यांकन करने की कोई आवश्यकता नहीं है।

224. जहाँ तक भारत में आयातों के माँग-आपूर्ति अंतर से अधिक होने और प्राधिकारी द्वारा की गई गणनाओं का संबंध है, प्राधिकारी ने इस अंतिम जांच परिणाम के संगत भाग में घरेलू उद्योग द्वारा कैप्टिव खपत सहित भारत में माँग पर विचार किया है। इस प्रकार, कैप्टिव खपत को ध्यान में रखने के बाद भी, आयात देश में माँग-आपूर्ति अंतर से अधिक है। यह भी नोट किया जाता है कि माँग-आपूर्ति अंतर का अस्तित्व व्यापार सुधारात्मक उपायों को लागू न करने का कारण नहीं हो सकता है।

225. यह भी नोट किया जाता है कि प्राधिकारी ने पाया है कि विचाराधीन उत्पाद में अनेक ग्रेड शामिल हैं, इसलिए, वर्तमान मामले के लिए मानक शुल्क उपयुक्त नहीं है। वर्तमान मामले के तथ्यों के संबंध में, प्राधिकारी ने शुल्कों के निश्चयात्मक स्वरूप की सिफारिश की है।

ट. **<u>निष्कर्ष एवं सिफारिशें</u>**

226. सभी हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत अनुरोधों और उनमें उठाए गए मुद्दों की जाँच करने तथा रिकार्ड में उपलब्ध तथ्यों पर विचार करने के पश्चात, प्राधिकारी इस निष्कर्ष पर पहुँचे हैं कि:

i. विचाराधीन उत्पाद ग्लास फाइबर, अर्थात्, सभी प्रकार के असेंबल्ड रोविंग्स (एआर), डायरेक्ट रोविंग्स (डीआर), ग्लास चॉप्ड स्ट्रैंड्स (सीएस), ग्लास चॉप्ड स्ट्रैंड्स मैट (सीएसएम) है।

ii. निम्नलिखित उत्पादों को विचाराधीन उत्पाद के दायरे से बाहर रखा गया है।

क. ग्लास वूल,

ख. फाइबर ग्लास वूल,

ग. ऊन के रूप में फाइबर ग्लास इंसुलेशन,

घ. ग्लास याम,

ङ. ग्लास वोवन फैब्रिक्स,

च. ग्लास फाइबर फैब्रिक,

छ. ग्लास वोवन रोविंग्स,

ज. थर्मोप्लास्टिक अनुप्रयोगों के लिए चॉप्ड स्ट्रैंड्स,

झ. 0.3 से 2.5 माइक्रोन की रेंज में फाइबर व्यास वाले माइक्रो ग्लास फाइबर,

ञ. ग्लास फाइबर सरफेस मैट,

ट. ग्लास फाइबर सरफेस वील,

ठ. ग्लास फाइबर सरफेस टिशू,

ड. ग्लास स्क्रिम,

ढ. ग्लास फाइबर जाल,

ण. गीले चॉप्ड स्ट्रैंड्स,

त. सेम्फिल (कंक्रीट सुदृढीकरण के लिए क्षार प्रतिरोधी ग्लास फाइबर),

थ. ग्लास वूल ध्वनिक छत टाइलें,

द. ग्लास वूल बेस बोर्ड - ध्वनि परिदृश्य आकार बोर्ड,

ध. ग्लास फाइबर सिले हुए मैट,

न. ग्लास फाइबर मल्टी-एक्सल/ट्राई-एक्सल फैब्रिक,

प. सतह टिशू,

फ. पाउडर चॉप्ड स्ट्रैंड्स मैट,

ब. सिले हुए मैट,

भ. संयोजन मैट

म. 100 जीएसएम और उससे कम के इमल्शन बाइंडर कटे हुए धागे वाले मैट

iii. घरेलू उद्योग ने उच्च मापांक ग्लास फाइबर (एच-ग्लास), थर्मोसेट चॉप्ड स्ट्रैंड्स, 300 टेक्स के फाइबर ग्लास सिंगल एंड रोविंग्स, 600 टेक्स के फाइबर ग्लास सिंगल एंड रोविंग्स, 1200 टेक्स के फाइबर ग्लास सिंगल एंड रोविंग्स, 2400 टेक्स के फाइबर ग्लास सिंगल एंड रोविंग्स, 4800 टेक्स के फाइबर ग्लास सिंगल एंड रोविंग्स, 2400 टेक्स के फाइबर ग्लास असेंबल्ड रोविंग्स (मल्टीपल एंड्स), 300 जीएसएम/एम2 के चॉप्ड स्ट्रैंड मैट, 450 जीएसएम/एम2 के चॉप्ड स्ट्रैंड मैट का उत्पादन और बिक्री की है और इसलिए इन्हें विचाराधीन उत्पाद के दायरे से बाहर करने का कोई औचित्य नहीं है।

iv. थर्मोसेट चॉप्ड स्ट्रैंड्स को विचाराधीन उत्पाद के दायरे से बाहर करने का कोई औचित्य नहीं है, क्योंकि उक्त उत्पाद में प्रमुख मूल्यवर्धन आवेदक द्वारा किया जाता है और टोलिंग शुल्क केवल एक छोटी लागत है। टोलर केवल आवेदक को ही अनन्य रूप से सेवाएँ प्रदान करता है और काटने और सुखाने के लिए टोलर

को हस्तांतरित होने पर संबद्ध वस्तुओं की विशेषताए नहीं बदलती है। प्राधिकारी का मानना है कि प्रक्रिया के कुछ भाग को जॉब वर्क के आधार पर पूरा करवाने से घरेलू उद्योग को राहत प्राप्त करने के अधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता है, खासकर जब उत्पादन गतिविधि का प्रमुख भाग घरेलू उद्योग द्वारा ही किया जाता है। इस प्रकार, उक्त उत्पाद का उत्पादन और बिक्री आवेदक करता है।

v. आवेदक ने व्यापारिक बाजार में एच-ग्लास बेचा है और भारत में ***% के आसपास की प्रमुख मांग घरेलू उद्योग द्वारा पूरी की जाती है। इस प्रकार, विचाराधीन उत्पाद के दायरे से एच-ग्लास को बाहर करने का कोई औचित्य नहीं है।

vi. घरेलू उद्योग ने 200 से 9600 के बीच टेक्स के साथ डायरेक्ट रोविंग बेची हैं। टेक्स बदलने के लिए केवल मशीन की सेटिंग्स में बदलाव करने की आवश्यकता होती है और अलग टेक्स बनाने के लिए किसी अतिरिक्त मशीनरी या उपकरण की आवश्यकता नहीं होती है। इस प्रकार, टेक्स के आधार पर डायरेक्ट रोविंग को जांच से बाहर करने का कोई औचित्य नहीं है।

vii. एस-ग्लास और आर-ग्लास डायरेक्ट रोविंग के एक प्रकार हैं। घरेलू उद्योग ने जांच अवधि के दौरान व्यापारिक बाजार में पर्याप्त मात्रा में डायरेक्ट रोविंग की आपूर्ति की है। इस प्रकार, घरेलू उद्योग व्यापारिक बाजार में समान वस्तु प्रदान करता है।

viii. घरेलू उद्योग ने जांच अवधि के दौरान 180 जीएसएम के साथ और जांच अवधि के बाद 150 जीएसएम के साथ, उसी संयंत्र और उपकरण पर इमल्शन बाइंडर चॉप्ड स्ट्रैंड मैट का निर्माण किया है। इसे जांच से बाहर करने का कोई औचित्य नहीं है।

ix. चूँकि घरेलू उद्योग के पास 100 जीएसएम और उससे कम के इमल्शन बाइंडर चॉप्ड स्ट्रैंड मैट का विनिर्माण करने की क्षमता नहीं है और घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित उत्पाद का 100 जीएसएम चॉप्ड स्ट्रैंड मैट का उपयोग करने वाले उपभोक्ताओं द्वारा परस्पर उपयोग नहीं किया जा सकता है, इसलिए इसे विचाराधीन उत्पाद के दायरे से बाहर रखा गया है।

x. घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित उत्पाद, संबद्ध देशों से आयातित उत्पाद के समान वस्तु है।

xi. घरेलू उद्योग ने जाँच अवधि के दौरान चीन में अपनी संबंधित इकाई से नगण्य मात्रा में आयात किया है और संबंधित पक्षकार ने क्षति अवधि के दौरान नगण्य मात्रा में निर्यात किया है और इसलिए, इससे आवेदक की घरेलू उद्योग बनने की पात्रता प्रभावित नहीं होती है।

xii. जाँच अवधि के दौरान और अंतिम जांच परिणाम जारी होने के समय, प्राणा समूह के किसी भी नियंत्रण के बिना एक स्वतंत्र कंपनी के रूप में ओसीआईपीएल की स्थिति का पुनर्मूल्यांकन करने की कोई आवश्यकता नहीं है।

xiii. गोवा ग्लास फाइबर ने वर्तमान जाँच में भाग नहीं लिया और उसका ओसीआईपीएल से कोई संबंध नहीं है। तदनुसार, गोवा ग्लास फाइबर से संबंधित आंकड़ों का विश्लेषण करने की कोई आवश्यकता नहीं थी।

xiv. चूंकि यह दर्शाने के लिए कोई साक्ष्य नहीं है कि स्वामित्व में परिवर्तन के साथ उत्पादन बंद हो जाएगा, इसलिए क्षति अवधि के आंकड़ों से संबंधित सूचना में कोई परिवर्तन नहीं होगा, और इसलिए इस कारण से क्षति मूल्यांकन पर पुनर्विचार करने की आवश्यकता नहीं है।

xv. आवेदक भारतीय उत्पादन में अधिकांश हिस्सा रखता है, और इसलिए, नियम 2(ख) के अनुसार घरेलू उद्योग है।

xvi. कुछ संबद्ध देशों से कुछ ग्रेडों का आयात न करने से मार्जिन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है, क्योंकि प्राधिकारी ने वर्तमान मामले में पीसीएन का गठन किया है। यह आवश्यक नहीं है कि संबंधित अवधि के दौरान जांच की अवधि में विचाराधीन उत्पाद के सभी प्रकार आयात किए गए हों।

xvii. चीन जनवादी गणराज्य से बड़ी संख्या में प्रत्युत्तरों के कारण, प्राधिकारी ने नमूनाकरण को अपनाया है और व्यक्तिगत पाटन मार्जिन और क्षति मार्जिन के निर्धारण के लिए दो उत्पादक समूहों का चयन किया है।

xviii. इस बात का कोई साक्ष्य नहीं है कि जुशी समूह और ताइशान समूह संबंधित हैं। दोनों संस्थाएँ स्वतंत्र रूप से कार्य करती हैं और पिछली जाँचों में भी इन्हें अलग-अलग समूहों के रूप में माना गया है।

xix. यह आरोप कि बहरीन सरकार या चीन सरकार द्वारा सी पी आई सी बहरीन को लाभ प्रदान किया जा रहा है, साक्ष्य द्वारा समर्थित नहीं है और तदनुसार, उक्त उत्पादक के लिए सामान्य मूल्य, प्रस्तुत प्रतिक्रिया के अनुसार उक्त उत्पादक की उत्पादन लागत के आधार पर निर्धारित किया गया है।

xx. चीन को एक गैर-बाज़ार अर्थव्यवस्था माना गया है और प्राधिकारी ने चीन के उत्पादकों के लिए उनके द्वारा प्रस्तुत प्रत्युत्तरों के आधार पर निर्यात कीमत निर्धारित की है। अन्य सभी उत्पादकों के लिए सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत उनके द्वारा प्रस्तुत प्रत्युत्तरों पर आधारित है।

xxi. संबद्ध देशों के सभी उत्पादकों के लिए पाटन मार्जिन सकारात्मक और काफी अधिक है।

xxii. प्राधिकारी ने क्षति का संचयी मूल्यांकन किया है क्योंकि वर्तमान जाँच में संचयी मूल्यांकन की सभी शर्तें पूरी हो रही हैं।

xxiii. भारत में कैप्टिव खपत सहित और उसके बिना, संबद्ध वस्तुओं की मांग में क्षति अवधि के दौरान लगातार वृद्धि हुई है।

xxiv. घरेलू उद्योग को वास्तविक क्षति हुई है, जैसा कि घरेलू उद्योग के निष्पादन के बारे में निम्नलिखित संक्षेपित तथ्यों से पता चलता है।

क. क्षति अवधि के दौरान संबद्ध आयातों की मात्रा में समग्र रूप से तथा भारत में उत्पादन और खपत के संबंध में वृद्धि हुई है।

ख. संबद्ध आयात भारत में होने वाले आयातों का अधिकांश हिस्सा हैं।

ग. संबद्ध आयातों में भारत में मांग में वृद्धि की दर से अधिक गति से वृद्धि हुई है।

घ. आयातों के कारण बाजार में घरेलू उद्योग की कीमतों में कटौती हो रही है। कीमतों में कटौती सकारात्मक और महत्वपूर्ण है।

ङ. संबद्ध आयातों ने घरेलू उद्योग की कीमतों पर दबाव डाला है। घरेलू उद्योग को उत्पादन लागत में गिरावट से अधिक अपनी कीमतों में कमी करने के लिए मजबूर होना पड़ा है।

च. घरेलू उद्योग न तो पाउडर बाइंडर का आयात करता है और न ही पाउडर बाइंडर सीएसएम का उत्पादन करता है। इस प्रकार, इस संबंध में घरेलू उद्योग की लागत या कीमत पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।

छ. यद्यपि घरेलू उद्योग की क्षमता स्थिर रही, व्यापारिक बाजार के लिए उत्पादन, घरेलू बिक्री, क्षमता उपयोग में गिरावट आई है।

ज. संबद्ध आयातों का बाजार हिस्सा बढ़ा है, जबकि घरेलू उद्योग का हिस्सा घटा है।

झ. क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की मालसूची में वृद्धि हुई है।

ञ. क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की लाभप्रदता में गिरावट आई है।

ट. क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग के नकद लाभ और नियोजित पूंजी पर आय में भी गिरावट आई है।

ठ. संबद्ध आयातों के कारण घरेलू उद्योग की कीमतें प्रभावित हुई हैं और कीमतें घरेलू उद्योग की बिक्री लागत से कम हैं।

ड. घरेलू उद्योग की पूंजी निवेश जुटाने की क्षमता प्रभावित हुई है।

xxv. आयातों का पहुँच मूल्य घरेलू उद्योग की एनआईपी से कम है। निर्धारित क्षति मार्जिन सकारात्मक और महत्वपूर्ण है।

xxvi. घरेलू उद्योग को हुई क्षति भारतीय बाजार में पाटन के कारण है। किसी अन्य ज्ञात कारक से घरेलू उद्योग को क्षति नहीं हुई है।

xxvii. क्षति अवधि या जाँच अवधि के दौरान घरेलू उद्योग के कार्यनिष्पादन पर कोविड -19 के प्रभाव का कोई साक्ष्य नहीं है।

xxviii. घरेलू उद्योग को हुई क्षति विभिन्न प्रकार के ग्लास फाइबर के निर्माण के लिए एकल भट्टी, बिजली और ईंधन की लागत, किराया, माल ढुलाई, सीएसआर व्यय और विदेशी मुद्रा हानि के कारण नहीं हुई है। किसी भी स्थिति में, ये घरेलू उद्योग में निहित कारक हैं और इस अवधि में अपरिवर्तित रहे हैं। घरेलू उद्योग को पिछले वर्ष कोई क्षति नहीं हुई है, जबकि वह जाँच अवधि के समान कारकों के साथ कार्य कर रहा था।

xxix. रिकॉर्ड में ऐसा कोई साक्ष्य नहीं है जो दर्शाता हो कि उत्पाद चक्रीय कीमतों का अनुसरण करता है जिससे घरेलू उद्योग को क्षति हो सकती है।

xxx. यह क्षति कच्ची सामग्री की अधिक कीमत के कारण नहीं हुई है क्योंकि क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की बिक्री लागत में कमी आई है। घरेलू उद्योग के बिक्री कीमत में बिक्री लागत में आई गिरावट से अधिक गिरावट आई है।

xxxi. घरेलू उद्योग को हुई क्षति को ब्याज लागत के कारण नहीं माना जा सकता क्योंकि इसमें क्षति अवधि के दौरान कमी आई है।

xxxii. घरेलू उद्योग को हुई क्षति घरेलू उद्योग द्वारा किए गए निवेश के कारण नहीं है क्योंकि पिछले वर्षों में निवेश किया गया था और घरेलू उद्योग ने उन वर्षों में क्षति का दावा नहीं किया है।

xxxiii. पाटनरोधी शुल्क लगाना जनहित के विरुद्ध नहीं होगा। इस संबंध में प्राधिकारी निम्नलिखित बातें नोट करते हैं :

क. पाटनरोधी शुल्क लगाने से भारतीय उद्योग को उचित और समान अवसर प्राप्त होंगे।

ख. विचाराधीन उत्पाद पर पूर्व में पाटनरोधी शुल्क लगाया गया था और विचाराधीन उत्पाद के प्रयोक्ताओं पर ऐसे पाटनरोधी शुल्क के प्रतिकूल प्रभाव का कोई साक्ष्य नहीं है।

ग. विगत में जब विचाराधीन उत्पाद की कीमतें अधिक थीं, तब भी प्रयोक्ता उद्योग की लाभप्रदता पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ा।

घ. मांग-आपूर्ति का अंतर पाटन को उचित नहीं ठहराता। किसी भी स्थिति में, आयात मांग-आपूर्ति के अंतर से अधिक है। पाटनरोधी शुल्क लगाने से भारत में आयात प्रतिबंधित नहीं होता है ।

ङ. भारतीय उद्योग ने भारत में क्षमताओं के विस्तार के लिए पर्याप्त निवेश किया है।

च. विगत में पाटनरोधी शुल्क होने पर प्रयोक्ताओं या ग्लास फाइबर प्रबलित पॉलिमर रीबार (जीएफआरपी) उद्योग पर प्रतिकूल प्रभाव का कोई साक्ष्य नहीं है।

छ. आयातक निर्यात के उद्देश्य से पाटनरोधी शुल्क का भुगतान किए बिना विचाराधीन उत्पाद का आयात कर सकते हैं। प्रस्तावित उपायों का भारत से डाउनस्ट्रीम उत्पादों के निर्यात पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा।

ज. प्रयोक्ताओं के लिए आयात के वैकल्पिक स्रोत उपलब्ध हैं। पूर्व में 32% आयात गैर-संबद्ध देशों से होते थे।

झ. विचाराधीन उत्पाद का उपयोग दूरसंचार (ऑप्टिकल फाइबर केबल), भवन एवं अवसंरचना, पवन टरबाइन ब्लेड और मैरिन, एलपीजी/सीएनजी सिलेंडर, एयरोस्पेस, बैलिस्टिक, रक्षा और सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण अनुप्रयोगों में किया जाता है, जहाँ इसका उपयोग प्राथमिक संरचनात्मक भागों, छोटे विमान फ्यूज़लेज, हेलीकॉप्टर के शेल और रोटर ब्लेड, विमान के द्वितीयक संरचनात्मक भागों के साथ-साथ हवाई जहाज के मोटर भागों में किया जाता है। चूँकि भारत में संबद्ध वस्तुओं के केवल दो निर्माता हैं, इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि भारत में ऐसे विनिर्माताओं के लिए उचित बाजार स्थितियाँ बनी रहें।

227. प्राधिकारी नोट करते हैं कि जाँच शुरू की गई थी और सभी हितबद्ध पक्षकारों को सूचित किया गया था तथा घरेलू उद्योग, निर्यातकों, आयातकों और अन्य हितबद्ध पक्षकारों को पाटन, क्षति और कारणात्मक संबंध के पहलू पर सकारात्मक जानकारी प्रदान करने के लिए पर्याप्त अवसर दिया गया था। पाटनरोधी नियमों के अंतर्गत निर्धारित प्रावधानों के अनुसार पाटन, क्षति और कारणात्मक संबंध की जाँच शुरू करने और उसका संचालन करने के बाद, प्राधिकारी का विचार है कि पाटन और क्षति की क्षतिपूर्ति के लिए पाटनरोधी शुल्क लगाना आवश्यक है। अतः, प्राधिकारी इसे आवश्यक

समझते हैं और संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तुओं के आयात पर पाटनरोधी शुल्क लगाने की सिफारिश करते हैं।

228. प्राधिकारी द्वारा अपनाए गए कमतर शुल्क नियम को ध्यान में रखते हुए, प्राधिकारी पाटन मार्जिन और क्षति मार्जिन में से जो भी कम हो, उसके बराबर पाटनरोधी शुल्क लगाने की सिफारिश करते हैं, ताकि घरेलू उद्योग को होने वाली क्षति को दूर किया जा सके। तदनुसार, प्राधिकारी संबद्ध देशों में मूल की अथवा वहां से निर्यातित संबद्ध वस्तु के आयात पर, केन्द्र सरकार द्वारा इस संबंध में जारी की जाने वाली अधिसूचना की तारीख से 5 वर्ष की अवधि के लिए पाटनरोधी शुल्क लगाने की सिफारिश करते हैं, जो नीचे दी गई शुल्क तालिका के कॉलम 7 में दर्शाई गई राशि के बराबर होगा।

शुल्क तालिका

क्र . सं.	**शीर्ष**	**विवरण** *	**उद्गम का देश**	**निर्यात का देश**	**उत्पादक**	**राशि**	**इकाई**	**मुद्रा**
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)
1	7019	ग्लास फाइबर *	बहरीन	बहरीन सहित कोई देश	सीपीआईसी अबाहसैन फाइबरग्लास डब्ल्यू.एल.एल.	238	एम टी	अम. डा.
2	-वही-	-वही-	बहरीन	बहरीन सहित कोई देश	क्रम संख्या 1 के अलावा कोई भी उत्पादक	254	एम टी	अम. डा.
3	-वही-	-वही-	बहरीन, चीन जन. गण. और थाईलैंड के अलावा कोई भी देश	बहरीन	कोई	254	एम टी	अम. डा.
4	-वही-	-वही-	चीन जन. गण.	चीन जन.गण.	जुशी ग्रुप कंपनी लिमिटेड (टोंगजियांग),	274	एम टी	अम. डा.

क्र . सं.	शीर्ष	विवरण *	उद्गम का देश	निर्यात का देश	उत्पादक	राशि	इकाई	मुद्रा
				सहित कोई भी देश	जुशी ग्रुप चेंगदू कंपनी लिमिटेड और जुशी ग्रुप जिउजियांग कंपनी लिमिटेड			
5	-वही-	-वही-	चीन जन. गण.	चीन जन.गण. सहित कोई देश	ताईशान फाइबरग्लास ज़ूचेंग कंपनी लिमिटेड, ताइशान फाइबरग्लास ज़िबो, इंक और ताइशान फाइबरग्लास इंक.	194	एम टी	अम. डा.
6	-वही-	-वही-	चीन जन. गण.	चीन जन.गण. सहित कोई देश	नीचे दी गई सूची के अनुसार, गैर-नमूनाकृत सहयोगी उत्पादक*	264	एम टी	अम. डा.
7	-वही-	-वही-	चीन जन. गण.	चीन जन.गण. सहित कोई भी देश	क्रम संख्या 4 से 6 के अलावा कोई भी उत्पादक	295	एम टी	अम. डा.
8	-वही-	-वही-	बहरीन, चीन जन. गण. और थाईलैंड के अलावा कोई देश	चीन जन.गण.	कोई	295	एम टी	अम. डा.
9	-वही-	-वही-	थाईलैंड	थाईलैंड सहित कोई देश	एशिया कम्पोजिट मटेरियल्स (थाईलैंड) कंपनी लिमिटेड	266	एम टी	अम. डा.

क्र . सं.	शीर्ष	विवरण *	उद्गम का देश	निर्यात का देश	उत्पादक	राशि	इकाई	मुद्रा
10	-वही-	-वही-	थाईलैंड	थाईलैंड सहित कोई देश	वांडा न्यू मटेरियल (थाईलैंड) कंपनी लिमिटेड	202	एम टी	अम. डा.
11	-वही-	-वही-	थाईलैंड	थाईलैंड सहित कोई देश	क्रम सं 9 और 10 के अलावा कोई उत्पादक	394	एम टी	अम. डा.
12	-वही-	-वही-	बहरीन, चीन जन.गण. और थाईलैंड के अलावा कोई देश	थाईलैंड	कोई	394	एम टी	अम. डा.

* *ग्लास फाइबर, अर्थात्, असेंबल्ड रोविंग्स (एआर), डायरेक्ट रोविंग्स (डीआर), ग्लास चॉप्ड स्ट्रैंड्स (सीएस), सभी प्रकार के ग्लास चॉप्ड स्ट्रैंड्स मैट (सीएसएम)। निम्नलिखित को विचाराधीन उत्पाद के दायरे से बाहर रखा गया है:*

क. ग्लास वूल,

ख. फाइबर ग्लास वूल,

ग. ऊन के रूप में फाइबर ग्लास इंसुलेशन,

घ. ग्लास याम,

ङ. ग्लास वोवन फैब्रिक्स,

च. ग्लास फाइबर फैब्रिक,

छ. ग्लास वोवन रोविंग्स,

ज. थर्मोप्लास्टिक अनुप्रयोगों के लिए कटे हुए स्ट्रैंड्स,

झ. 0.3 से 2.5 माइक्रोन की रेंज में फाइबर व्यास वाले माइक्रो ग्लास फाइबर,

ञ. ग्लास फाइबर सरफेस मैट,

ट. ग्लास फाइबर सरफेस वेइल,

ठ. ग्लास फाइबर सरफेस टिशू,

ड. ग्लास स्क्रिम,

ढ. ग्लास फाइबर मेश,

ण. वेट चॉप्ड स्ट्रैंड्स,

त. सेम्फिल (कंक्रीट सुदृढीकरण के लिए क्षार प्रतिरोधी ग्लास फाइबर),

थ. ग्लास वूल ध्वनिक छत टाइलें,

द. ग्लास वूल बेस बोर्ड - साउंडस्केप शेप बोर्ड,

ध. ग्लास फाइबर स्टिच्ड मैट,

न. ग्लास फाइबर मल्टी-एक्सल/ट्राई-एक्सल फ़ैब्रिक,

प. सरफेस टिशू,

फ. पाउडर्ड चॉप्ड स्ट्रैंडेड मैट,

ब. सिले हुए मैट,

भ. कॉम्बिनेशन मैट

म. 100 जीएसएम और उससे कम के इमल्शन बाइंडर चॉप्ड स्ट्रैंड मैट

<u>चीन जन. गण. के गैर-नमूनाकृत सहयोगी उत्पादकों की सूची</u>

क्र सं	गैर-नमूनाकृत सहयोगी उत्पादक
1.	चोंगकिंग पॉलीकॉम्प इंटरनेशनल कॉर्पोरेशन
2.	जिआंगसू चांगहाई कम्पोजिट मैटेरियल्स होल्डिंग कंपनी लिमिटेड
3.	सिचुआन सिन्सियर एंड लॉन्ग-टर्म कॉम्प्लेक्स मैटेरियल कंपनी लिमिटेड

ठ. <u>आगे की प्रक्रिया</u>

229. इस अंतिम जांच परिणाम में निर्दिष्ट प्राधिकारी के निर्धारण के विरुद्ध कोई अपील अधिनियम/नियमों के संगत प्रावधानों के अनुसार सीमाशुल्क, उत्पाद शुल्क और सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण के समक्ष की जाएगी ।

सिद्धार्थ

(सिद्धार्थ महाजन)
निर्दिष्ट प्राधिकारी

अनुबंध -I

विचाराधीन उत्पाद के ज्ञात आयातकों/उपभोक्ताओं की सूची

1. ए जी फाइब्रोटेक प्राइवेट लिमिटेड
2. ए जे फाइबरटेक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
3. आकाश यूनिवर्सल लिमिटेड
4. आरवी मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड
5. एक्मेटोश सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड
6. एडवांस केबल टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड
7. एडवांस कम्पोजिट
8. एडवांस कूलिंग टावर्स प्राइवेट लिमिटेड
9. एडवांस टेक्सटाइल
10. एरोन कम्पोजिट्स प्राइवेट लिमिटेड
11. अग्नि फाइबर बोर्ड्स प्राइवेट लिमिटेड
12. अक्ष कम्पोजिट्स प्राइवेट लिमिटेड
13. अक्ष ऑप्टिफाइबर लिमिटेड
14. अक्ष रिसोर्सेज प्राइवेट लिमिटेड
15. अलकनंदा कॉर्पोरेशन
16. एलाइड मार्केटिंग कंपनी
17. एलाइड निप्पॉन लिमिटेड
18. एमिएंटिट फाइबरग्लास इंडिया लिमिटेड
19. अनन्या फाइब्रोकेम प्राइवेट लिमिटेड
20. अपार इंडस्ट्रीज लिमिटेड
21. आर्क इंसुलेशन एंड इंसुलेटर
22. अरविंद लिमिटेड
23. अरविंद पीडी कंपोजिटिव प्राइवेट लिमिटेड
24. एसोसिएटेड पॉलीटेक इंडस्ट्रीज
25. ऑटोडायनामिक टेक्नोलॉजीज एंड सॉल्यूशंस
26. ऑटोटेक-सिरमैक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
27. बी आर फाइबर ग्लास
28. बडवे ऑटो कॉम्प्स प्राइवेट लिमिटेड
29. बालाजी फाइबर रीइनफोर्स प्राइवेट लिमिटेड
30. बीएएसएफ इंडिया लिमिटेड
31. बीएफजी इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड

32. भारत हेयरी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड
33. ब्रेक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
34. ब्रेकवेल ऑटोमोटिव कंपोनेंट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
35. कैल्को पॉली टेक्निक प्राइवेट लिमिटेड
36. कैलस्टार स्टील लिमिटेड
37. कैमेक्स लिमिटेड
38. केमिकल प्रोसेस इक्विप्मेंट्स प्राइवेट लिमिटेड
39. केमिकल प्रोसेस पाइपिंग प्राइवेट लिमिटेड
40. क्लासिक एएल मेटल इंडस्ट्रीज
41. क्लासिक मार्बल कंपनी प्राइवेट लिमिटेड
42. कम्प्लीट सर्वेइंग टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड
43. कंक्रीट सॉल्यूशंस
44. डेसिमिन कंट्रोल सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड
45. दिल्ली फाइबर ग्लास हाउस
46. ढींगरा प्लास्टिक एंड प्लास्टिसाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड
47. डिंसन्स सेल्फ स्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड
48. दिव्या इम्पोर्टर्स
49. डीएसएम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
50. एक्मास एजेंसीज
51. एक्मास रेजिन्स प्राइवेट लिमिटेड
52. एमक ग्लास फाइबर एंड एक्सेसरीज (पी) लिमिटेड
53. ईपीपी कंपोजिट्स प्राइवेट लिमिटेड
54. एरकॉन कंपोजिट्स
55. एक्सीलेंस ऑर्गनाइजेशन प्राइवेट लिमिटेड
56. फौरेशिया एमिशन कंट्रोल टेक्नोलॉजी
57. फाइबर केम एजेंसीज
58. फाइब्रो प्लास्ट कॉर्पोरेशन
59. फाइब्रो प्लास्टिकेम (पी) लिमिटेड
60. फाइबटेक्स प्रोडक्ट्स
61. फिनोलेक्स केबल्स लिमिटेड
62. एफएमआई ऑटोमोटिव कंपोनेंट्स प्राइवेट लिमिटेड
63. फ़ोरमोस्ट मार्बल्स
64. फॉर्च्यून फाइबरग्लास
65. फ्यूचर केम प्रो प्राइवेट लिमिटेड

66. गिरधर टेकफैब प्राइवेट लिमिटेड
67. जीकेडी इंडिया लिमिटेड
68. ग्रेफाइट इंडिया लिमिटेड
69. ग्रिंडवेल नॉर्टन लिमिटेड
70. ग्रुपो एंटोलिन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
71. गुजरात स्टेट फ़र्टिलाइज़र्स एंड केमिकल्स लिमिटेड
72. हरिता फ़ेहरर लिमिटेड
73. हेरिटेज मार्बल प्राइवेट लिमिटेड
74. हिमाचल फ्यूचरिस्टिक कम्युनिकेशंस
75. हिमांशु ट्रेडिंग कंपनी
76. हिमगिरी कूलिंग टावर्स
77. हिंदुस्तान कम्पोज़िट्स लिमिटेड
78. हिरोटेक मार्क एग्ज़ॉस्ट सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड
79. हाईटेक फ़ाइबर ग्लास मैटिंग्स (प्रा.) लिमिटेड
80. एचपी ग्लास फ़ाइबर इंडस्ट्रीज
81. एचटीएल लिमिटेड
82. एचटीएल लिमिटेड
83. आईएसी इंटरनेशनल ऑटोमोटिव इंडिया लिमिटेड
84. इंडो कूल कम्पोजिट्स प्राइवेट लिमिटेड
85. इंटेक एफआरपी प्रोडक्ट्स
86. आयन एक्सचेंज इंडिया लिमिटेड
87. इटोचू इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
88. जैम जेन टेक्नो इंजीनियरिंग
89. जे के एफआरपी प्राइवेट लिमिटेड
90. जेके बिल्डिंग्स
91. जेएनके कम्पोजिट्स
92. जेआरडी फ़ाइबर कम्पोजिट प्राइवेट लिमिटेड
93. जुशी (इंडिया) एफआरपी एक्सेसरीज़ प्राइवेट लिमिटेड
94. केमरॉक इंडस्ट्रीज एंड एक्सपोर्ट्स लिमिटेड
95. किनेको लिमिटेड
96. किंगफा साइंस एंड टेक्नोलॉजी (इंडिया)
97. किशोर ऑटो एंसिलरी प्राइवेट लिमिटेड
98. कृष्णा ग्रुपो एंटोलिन प्राइवेट लिमिटेड
99. क्रुति एंटरप्राइजेज

100. कुश सिंथेटिक्स प्राइवेट लिमिटेड
101. लियो साइन कम्पोजिट (एसडी) प्राइवेट लिमिटेड
102. लिंक कम्पोजिट्स प्राइवेट लिमिटेड
103. इंदौर कम्पोजिट प्राइवेट लिमिटेड
104. लॉन्गचेंग कम्पोजिट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
105. मैसेडोन विनीमे प्राइवेट लिमिटेड
106. मैकोलम इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड
107. मदुरा कोट्स प्राइवेट लिमिटेड
108. महान पॉलिमर्स
109. महिंद्रा सीआईई ऑटोमोटिव लिमिटेड
110. मैक्सन एंटरप्राइजेज
111. मंगलचंद ट्यूब्स प्राइवेट लिमिटेड
112. मसू ब्रेक्स प्राइवेट लिमिटेड
113. मैट ब्रेक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
114. मेघा फाइबर ग्लास इंडस्ट्रीज लिमिटेड
115. मॉडर्न इंसुलेशन
116 मोंटेक्स ग्लास फाइबर इंडस्ट्रीज प्राइवेट
117. मोरेक्स कंपोजिट्स प्राइवेट लिमिटेड
118. एमआरजी कंपोजिट्स इंडिया
119. मुरुगन अरुल मेटल्स
120. मुस्कान एंटरप्राइजेज
121. मैसूर लाइट एंड इंटीरियर्स प्राइवेट लिमिटेड
122. नेशनल कूलिंग टावर्स
123. नेल्सन ग्लोबल प्रोडक्ट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
124. न्यूकेम प्रोडक्ट्स कॉर्पोरेशन
125. नेक्स्ट पॉलिमर्स लिमिटेड
126. नोबल एजेंसीज़
127. नोबल ओवरसीज़
128. ओ.के. ग्लास फाइबर लिमिटेड
129. ओशनाइड्स ग्लोबल सॉल्यूशंस
130. ओएफआर टेलीकॉम प्राइवेट लिमिटेड
131. ओलेक्ट्रा ग्रीनटेक लिमिटेड
132. ओम ऑप्टेल इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड
133. ओरिएंट केबल्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड

134. पहाड़पुर कूलिंग टावर्स लिमिटेड
135. पनिक एंटरप्राइजेज
136. पेंटेयर वाटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
137. प्लास्टो टेक प्राइवेट लिमिटेड
138. पॉली प्लास्ट केमी प्लांट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
139. पॉलीकैब इंडिया लिमिटेड
140. प्रीमियम पॉलीअलॉयज प्राइवेट लिमिटेड
141. पायरोटेक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
142. आर बी एंटरप्राइजेज
143. आर.के. मार्बल प्राइवेट लिमिटेड
144. राधा इंडस्ट्रीज
145. रेनबो पेट्रोकेम इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड
146. राजा राम मार्बल ग्रेनाइट्स प्राइवेट लिमिटेड
147. राजश्रीया ऑटोमोटिव इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड
148. राणे ब्रेक लाइनिंग लिमिटेड
149. रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड
150. रेसिटेक्स
151. रेवेक्स प्लास्टिसाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड
152. रिद्धि एंटरप्राइज
153. रिवेरा ओवरसीज प्राइवेट लिमिटेड
154. आरएमसी स्विच गियर्स लिमिटेड
155. रुक्मिणी फाइबर ग्लास
156. सेरटेक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
157. समुदाय प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड
158. संकेई गिकेन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
159. संस्कृति कंपोजिट्स प्राइवेट लिमिटेड
160. सत्यम कंपोजिट्स प्राइवेट लिमिटेड
161. सौमित इंटरग्लोब प्राइवेट लिमिटेड
162. एससीएम नोबल एजेंसीज
163. सेडैक्सिस एडवांस्ड मैटेरियल्स प्राइवेट लिमिटेड
164. शारदा मोटर इंडस्ट्रीज लिमिटेड
165. श्री बिल्डिंग सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड
166. श्री जी फाइबरग्लास प्राइवेट लिमिटेड
167. शुभदा पॉलिमर्स प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड

168. सिका इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
169. सिंटेक्स-बीएपीएल लिमिटेड
170. स्कैप्स इंडस्ट्रीज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
171. स्काई फाइबरग्लास सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड
172. स्काई इनोवेशन्स एलएलपी
173. एसएम एग्जॉस्ट प्राइवेट लिमिटेड
174. शोभा लिमिटेड
175. स्पेशलिटी कंपोजिट्स
176. श्री वेंकटेश्वर पॉलीथिन
177. स्टार्क इंटरनेशनल एक्जिम प्राइवेट लिमिटेड
178. स्टरलाइट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड
179. स्टॉन्गबॉन्ड्स पॉलीसील प्राइवेट लिमिटेड
180. सुदर्शन प्लास्टिब्लेंड्स प्राइवेट लिमिटेड
181. स्वेज वाटर टेक्नोलॉजीज एंड सॉल्यूशंस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
182. सुंदरम ब्रेक लाइनिंग्स लिमिटेड
183. सनप्योर टेक्नोलॉजीज लिमिटेड
184. सनराइज इंडस्ट्रीज (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड
185. सुप्रीम नॉनवॉवन्स इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड
186. सुप्रीम ट्रिऑन प्राइवेट लिमिटेड
187. सिनर्जी ऑप्टिक प्राइवेट लिमिटेड
188. सिनर्जी पॉलिमर्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड
189. टाटा ऑटोकॉम्प सिस्टम्स लिमिटेड
190. टेकफैब इंडिया (इंडस्ट्रीज) लिमिटेड
191. टेक्नोमैक इंजीनियरिंग वर्क्स
192. टेम्पसेंस इंस्ट्रूमेंट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
193. टेनेक्सो क्लीन एयर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
194. टेराकॉम (एफआरपी) प्राइवेट लिमिटेड
195. टेराकॉम लिमिटेड
196. द सुप्रीम इंडस्ट्रीज लिमिटेड
197. टिएंडा एडवांस्ड मैटेरियल्स प्राइवेट लिमिटेड
198. टाइम टेक्नोप्लास्ट लिमिटेड
199. टिप्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड
200. ट्रेड एशिया
201. अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड

202. यूएम केबल्स लिमिटेड
203. उनेकर पॉलिमर एजेंसी
204. अप ट्विगा फाइबरग्लास लिमिटेड
205. ऊर्जा प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड
206. वी3 डिज़ाइन बिल्ड
207. वेलियो फ्रिक्शन मैटेरियल्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
208. विंध्य टेलीलिंक्स लिमिटेड
209. वेस्ट कोस्ट ऑप्टिलिंक्स (वेस्ट कोस्ट पेपर मिल्स का एक डिवीजन)
210. यमुना पावर इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड
211. युताका ऑटोपार्ट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड